

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 98 | गुरुवार, 21 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया



## एक नजर



### बीजिंग पहुंचे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

**दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन के बीजिंग पहुंचे। उनका ये दौरा तब हो रहा है जब पिछले हफ्ते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीजिंग आकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। पुतिन का एयरपोर्ट पर चीन के चोटी के नेता और विदेश मंत्री वांग यी ने स्वागत किया। पुतिन की यह यात्रा दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक 'गुड–नेबरलीनेस एंड फ्रेंडली कोऑपरेशन' संधि की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर हो रही है। इस संधि की नींव भी पुतिन ने ही साल 2001 में रखी थी। तब चीन में चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन पुतिन के समकक्ष थे। पुतिन की इस यात्रा पर दुनिया की निगाहें चीन की ओर टिकी है. क्योंकि कुछ दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात हुई थी।

### रूस ने बेलारूस के साथ मलिकर परमाणु अभ्यास शुरू किया

**मास्को।** यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने अपने पड़ोसी बेलारूस के साथ मिलकर 3 दिन तक चलने वाला परमाणु सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इस अभ्यास में 200 रॉकेट लांचर, 140 एयरक्राफ्ट, 73 युद्धपोत, 65 हजार सैनिक सैनिक और 13 सबमरीन हिस्सा ले रही हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस परमाणु अभ्यास में कुल 7800 टाइप के हथियार और सैन्य उपकरण शामिल किए जा रहे हैं। 19 मई से शुरू हुआ अभ्यास 21 मई तक चलेगा। इस अभ्यास से यूरोप के नाटो देश जहां दहशत में हैं, वहीं यूक्रेन ने बहुत तीखी प्रतिक्रिया जताई है। यह अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन चीन के दौरे पर हैं जहां उन्होंने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किया है।

## ईरान जंग में अमेरिका के 42 विमान हो गए तबाह



**दिल्ली।** ईरान युद्ध को लेकर अब एक ऐसा दावा सामने आया है, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। अमेरिकी संसद की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान पर 40 दिनों तक चले हमलों के दौरान अमेरिका के एक–दो नहीं कुल 42 विमान या तो तबाह हो गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। यह रिपोर्ट साबित कर रही है कि अमेरिकी सेना जितना दिखा रही है, ईरान ने उसे उससे कहीं अधिक चोट दी है। इस रिपोर्ट के बाद अमेरिका की सैन्य ताकत और युद्ध की कीमत पर नए सवाल उठने लगे हैं।

अमेरिकी संसद की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की सेना ने ईरान के खिलाफ 40 दिनों तक चले बमबारी अभियान में 42 विमान खो दिए या वे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान के खिलाफ "ऑपरेशन एपिक फ्यूरी" चलाया था और उसी के तहत 40 दिनों तक ईरान पर बमबारी की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें (42 विमान में) लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और बिना पायलट वाले ड्रोन शामिल थेद्ध न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार यह जानकारी न्यूज रिपोर्टों और रक्षा विभाग तथा अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बयानों के आधार पर दी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि नुकसान की संख्या बाद में बदल सकती है। इसकी वजह गोपनीय जानकारी, जारी सैन्य कार्रवाई और जिम्मेदारी तय करने जैसे कई कारण हो सकते हैं।

## आरक्षण प्रणाली को कमजोर कर रही भाजपा सरकार : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा सरकार पर संवैधानिक आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, 'आरक्षण की लूट' से संबंधित 'पीडीए ऑडिट' नामक एक दस्तावेज जारी किया और कहा कि रिपोर्ट को अधिक डेटा और तथ्यों के साथ अद्यतन किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा, ''पीडीए ऑडिट और आरक्षण की लूट पर इस दस्तावेज में सुधार जारी रहेगा और इसमें अधिक डेटा शामिल किया जाएगा।'' अखिलेश यादव ने जून 2023 में 'पीडीए' शब्द गढ़ा था जिसका उनके अनुसार अभिप्राय है ''पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक''। सपा प्रमुख ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो "यह समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है।" उन्होंने आरोप लगाया, ''अगर हमें संवैधानिक अधिकारों के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो इसका अभिप्राय है कि सरकार पक्षपाती है। और जो पक्षपाती है वह बेवफा भी है। पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय है क्योंकि यह अधिकार छीन लेता है।'' सपा अध्यक्ष ने आरक्षण को सामाजिक न्याय और समानता का जरिया बताया। उन्होंने कहा, ''आरक्षण सुरक्षा है। आरक्षण सामाजिक समन्वय का एक उपकरण और माध्यम भी है।'' भाजपा सरकार की बुलडोजर कार्रवाई का जिक्र करते हुए यादव ने कहा, ''अगर भाजपा सरकार बुलडोजर चलाना चाहती है, तो उन्हें असमानता की असमान जमीन को समतल करने और सभी को उनका उचित आरक्षण प्रदान करने के लिए उपयोग करना चाहिए।''

# इटली पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जॉर्जिया मेलोनी ने खास अंदाज में किया स्वागत



**रोम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को इटली पहुंचे हैं। शुक्रवार से शुरू हुई पीएम मोदी की पांच देशों की यात्रा का यह आखिरी पड़ाव है। रोम पहुंचने पर इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने एक खास सेल्फी एक्स पर शेयर करते हुए उनका स्वागत किया है। मेलोनी ने अपनी और नरेंद्र मोदी की एक तस्वीर एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि मेरे दोस्त रोम में आपका स्वागत है। पीएम मोदी की रोम में जॉर्जिया मेलोनी के अलावा इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मटारेला से बैठक होनी है।

पीएम मोदी ने इटली पहुंचने पर एक्स पर कहा कि मैं रोम पहुंच गया हूं। मैं राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला और प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मिलूंगा और उनके साथ चर्चा करूंगा। इस दौरे का मुख्य जोर भारत और इटली के बीच सहयोग को मजबूत करने पर होगा। इसमें भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मैं संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) के मुख्यालय का दौरा करूंगा, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता मजबूत होगी। प्रधानमंत्री मोदी का रोम हवाई अड्डे पर इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो तजानी ने स्वागत किया। विदेस मंत्रालय ने कहा है कि भारत–इटली रणनीतिक साझेदारी में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भारत और इटली अपने रिश्तों को और मजबूत बनाने पर काम कर रहे हैं। इस दौरे पर दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते होने की उम्मीद है। पीएम मोदी दो साल पहले इटली गए थे। नरेंद्र मोदी जून 2024 में जी–7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने इटली गए थे। फिलहाल मोदी पांच देशों के दौरे पर हैं। उन्होंने 15 मई को यूएई से अपने इस दौरे की शुरुआत की थी। यूएई के बाद वह नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे का दौरा किया। चार देशों की आत्रा के बाद इटली उनकी इस इस यात्रा का आखिरी पड़ाव है।

## भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा न्यूक्लियर बाजार, अमेरिकी कंपनियों की लगी कतार




**नई दिल्ली।** भारत का 2047 तक 100 गीगावॉट न्यूक्लियर क्षमता का लक्ष्य इसे करीब 300 अरब डॉलर का बाजार बन सकता है। SHANTI Act के बाद अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश और रिएक्टर प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साहित दिख रही हैं। हालांकि, तारापुर का पुराना अनुभव, यूरेनियम सप्लाई और भरोसे का सवाल अब भी सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है।

अमेरिका से करीब 20 बड़ी न्यूक्लियर कंपनियों का एक हाई लेवल डेलिगेशन इन दिनों भारत पहुंचा है। इसका मकसद भारत के साथ साझेदारी तलाशना और अमेरिकी न्यूक्लियर रिएक्टर बेचने की संभावनाओं को आगे बढ़ाना है। यह सब भारत के महत्वाकांक्षी न्यूक्लियर एनर्जी मिशन के तहत हो रहा है। भारत ने 2047 तक 100 गीगावॉट न्यूक्लियर पावर क्षमता तैयार करने का लक्ष्य रखा है। अनुमान है कि यह पूरा बाजार करीब 280 से 300 अरब डॉलर का हो सकता है। दरअसल, भारत की परमाणु ऊर्जा दुनिया एक बार फिर वैश्विक निवेशकों को अपनी तरफ खींच रही है। लगभग दो दशक पहले हुए ऐतिहासिक भारत–अमेरिका सिविल न्यूक्लियर समझौते से उम्मीद जगी थी कि भारत की ऊर्जा तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। लेकिन लंबे समय तक यह साझेदारी जमीन पर वैसी रफ्तार नहीं पकड़ सकी जैसी उम्मीद थी। अब हालात बदलते दिखाई दे रहे हैं और इस बार अमेरिकी परमाणु उद्योग का कहना है कि भारत में कारोबारी माहौल आखिरकार उनके पक्ष में आता दिख रहा है। इस कानून ने भारत के न्यूक्लियर सेक्टर के नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। खासतौर पर न्यूक्लियर हादसों की जिम्मेदारी से जुड़े नियमों को पूरी तरह बदला गया है। माना जा रहा है कि यही बदलाव विदेशी कंपनियों को भारत की तरफ वापस ला रहा है। इस कानून से भारतीय निजी कंपनियों के लिए भी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का मालिक बनने और उन्हें चलाने का रास्ता खुल सकता है। वॉशिंगटन डीसी स्थित न्यूक्लियर एनर्जी इंस्टीट्यूट की प्रेसिडेंट और सीईओ मारिया कोर्सनिक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने साफ कहा कि अब अमेरिकी परमाणु उद्योग भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है, लेकिन कुछ अहम शर्तें भी हैं। उन्होंने कहा कि भारत के नए कानून ने निवेश के माहौल को काफी बेहतर बनाया है। उनके मुताबिक SHANTI Act में हुए बदलाव बहुत बड़े हैं और अगर अमेरिकी कंपनियां इससे संतुष्ट नहीं होतीं तो वे आज नई दिल्ली में मौजूद नहीं होतीं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी कंपनियों का भारत आना इस बात का साफ संकेत है कि वे भारत के साथ व्यापार और साझेदारी को लेकर गंभीर हैं।

## संविधान पर हमला हो रहा, उसकी रक्षा करना लोगों की जिम्मेदारी: राहुल गांधी



**रायबरेली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि देश में संविधान पर हमला हो रहा है और कहा कि लोगों को इसकी रक्षा करनी चाहिए, क्योंकि यह डॉ. बीआर आंबेडकर, महात्मा गांधी और अनेक समाज सुधारकों की ''आवाज का प्रतिनिधित्व'' करता है। राहुल अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में क्रांतिकारी वीरा पासी की स्मृति में आयोजित 'बहुजन स्वाभिमान सभा' को संबोधित कर रहे थे।

राहुल गांधी ने कहा, "अन्य वक्ताओं को सुनते हुए मुझे लगा कि हम वीरा पासी और डॉ. आंबेडकर को याद तो करते हैं, लेकिन जिस विचारधारा के लिए वे खड़े थे, उसकी ठीक से रक्षा नहीं कर रहे हैं, क्योंकि हमारी आंखों के सामने संविधान पर हमला हो रहा है।" कांग्रेस नेता ने कहा कि संविधान कोई साधारण दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह डॉ. आंबेडकर, वीरा पासी और महात्मा गांधी की विचारधारा के साथ–साथ केरल के नारायण गुरु और कर्नाटक के बसवन्ना जैसे अनेक समाज सुधारकों के योगदान को आगे बढ़ाने वाला दस्तावेज है।

राहुल ने बुद्ध, गुरु नानक और कबीर का भी संदर्भ देते हुए कहा कि उनकी आवाज संविधान में प्रतिबिंबित होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोग मूर्तियों के सामने झुकते हैं और बड़े–बड़े कार्यक्रम आयोजित करते हैं, लेकिन जब संविधान और उसकी विचारधारा पर हमला होता है, तब वे चुप रहते हैं। उन्होंने कहा, "जो लोग आंबेडकर की प्रतिमा के सामने सिर झुकाते हैं, वे उनकी विचारधारा को भूल जाते हैं। वे उसकी रक्षा नहीं करते। जब विचारधारा पर हमला हो, तब उसकी रक्षा की जानी चाहिए।" दर्शकों के बीच तालियां बजने पर राहुल गांधी ने कहा, "आप अभी ताली बजा रहे हैं, लेकिन जब संविधान को फाड़ा जाता है, तब आप चुप रहते हैं।" उन्होंने कहा कि संविधान समानता और इस सिद्धांत का प्रतीक है कि हर नागरिक को अपने श्रम का उचित फल मिलना चाहिए।

## तमिलनाडु के मुमुख्यमंत्री विजय की 'मुल्लीवाइक्कल' पोस्ट पर बवाल



**चेन्नई।** सीएम विजय के 'मुल्लीवाइक्कल' पोस्ट ने तमिलनाडु की राजनीति में विवाद खड़ा कर दिया, जिसे प्रभाकरन की डेथ एनिवर्सरी से जोड़कर आलोचना होने लगी। अब इस पर टीवीके (TVK) ने सफाई देते हुए कहा है कि पोस्ट किसी व्यक्ति नहीं, बल्कि श्रीलंकाई तमिलों के नरसंहार की याद को लेकर था।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और टीवीके प्रमुख सी. जोसेफ विजय के 'मुल्लीवाइक्कल' वाले पोस्ट को लेकर उठे विवाद पर अब उनकी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि विजय ने अपने मूल ट्वीट में LTTE प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरन का नाम कहीं नहीं लिया था और उनका संदर्भ श्रीलंका में तमिल नागरिकों के साथ हुई त्रासदी से था, न कि किसी व्यक्ति विशेष से। विजय ने 18 मई को X पर लिखा था, 'हम मुल्लीवाइक्कल की यादों को अपने दिलों में संजोकर रखेंगे! हम समुद्र पार रहने वाले अपने तमिल भाई–बहनों के अधिकारों के लिए हमेशा एकजुट होकर खड़े रहेंगे!' यह पोस्ट मुल्लीवाइक्कल स्मरण दिवस के दिन किया गया था, जिसके बाद इसे प्रभाकरन की डेथ एनिवर्सरी से जोड़कर विवाद खड़ा हो गया। इस पूरे विवाद के बाद टीवीके ने स्पष्ट किया कि 'मुल्लीवाइक्कल' का जिक्र हजारों श्रीलंकाई तमिलों के नरसंहार और मानवीय त्रासदी की याद के तौर पर किया गया था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, निर्दोष लोगों की मौत को याद करना किसी भी जिम्मेदार नेता का कर्तव्य है।

## राहुल गांधी ने भाजपा ने लिए किया 'देशद्रोही' शब्द का इस्तेमाल, नितिन नवीन ने 'अराजक मानसिकता' बताया



**दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और अराजक मानसिकता का परिचायक बताया। नवीन ने कहा कि भारतीय राजनीति में औचित्य और सामाजिक सद्भाव आपसी सम्मान में निहित हैं, और इस संदर्भ में गांधी का बयान खेदजनक है।

मीडिया को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा, राहुल गांधी का आज का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है और एक तरह से उनकी अराजक मानसिकता को दिखाता है। मेरा मानना है कि भारतीय राजनीति के संदर्भ में, जहां औचित्य और सामाजिक सद्भाव एक–दूसरे के प्रति दिए गए आपसी सम्मान के साथ जुड़े हुए हैं, उनका बयान वास्तव में खेदजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी की लगातार चुनावी हार से उपजी हताशा अब उनके व्यवहार और भाषा में दिख रही है। नवीन ने सवाल उठाया कि क्या नक्सलवाद का उन्मूलन, देश के क्षेत्र की रक्षा करना या भारत के तिरंगे की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाना देशद्रोह है। उनके ये बयान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किए गए तीखे हमले के बाद आए हैं। रायबरेली में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और इटली की प्रधानमंत्री मेलानी से जुड़े वायरल मेलॉडी ट्रेंड का जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश में पनपे आर्थिक संकट को नजरअंदाज कर रही है। गांधी ने दावा किया कि देश गंभीर आर्थिक मंदी की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस नेता ने विमुद्रीकरण पर सरकार पर फिर से हमला किया और आरोप लगाया कि सार्वजनिक धन और संस्थानों को चुनिंदा उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है।

## शरद पवार ने जमकर की पीएम मोदी की तारीफ, बोले- वे भारत का मान बढ़ाने में जुटे



**मुंबई।** एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए शरद पवार ने कहा कि पीएम मोदी वैश्विक स्तर पर भारत का मान–सम्मान बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। मंगलवार शाम मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में पवार ने कहा कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। शरद पवार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह ने भी हमेशा देश के भविष्य और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। एनसीपी एसपी प्रमुख ने कहा, 'राजनीतिक मतभेद भारत की प्रतिष्ठा की रक्षा के आड़े नहीं आने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी विदेशों में देश के सम्मान को बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। हमारी राजनीतिक सोच अलग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रहित सबसे ऊपर होना चाहिए।' राज्यसभा सदस्य शरद पवार ने पुणे स्थित लक्ष्मणराव गुट्टे ग्रामीण विकास फाउंडेशन द्वारा आयोजित पूर्व पदाधिकारियों के सम्मान समारोह के अपने राजनीतिक जीवन के शुरुआती दिनों को याद करते हुए शरद पवार ने बताया कि वर्ष 1958 में 18 साल की उम्र में वे बारामती से पुणे आए थे, क्योंकि उस समय उनके गृह नगर में कॉलेज नहीं था।

**निर्णय** | हाईकोर्ट का अहम फैसला

## गंभीर अपराधों के आरोपियों को पुलिस में नौकरी नहीं, भले ही दोषसिद्धि न हुई हो




**लखनऊ।** न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की एकल पीठ ने कहा कि पुलिस जैसी अनुशासित सेवा में चयन के लिए अभ्यर्थी का निष्कलंक चरित्र आवश्यक है। यदि गंभीर आरोपों का सामना कर रहा व्यक्ति पुलिस सेवा में नियुक्त हो जाए, तो इससे जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है।

हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा कि गंभीर अपराधों के मामलों में आरोपी व्यक्ति को पुलिस जैसे अनुशासित बल में नियुक्ति नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने कहा कि पुलिस विभाग सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और कानून–व्यवस्था से जुड़ी संवेदनशील सेवा है।

न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की एकल पीठ ने यह फैसला शेखर नाम के एक अभ्यर्थी की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। याची का तर्क था कि उसके विरुद्ध दर्ज आपराधिक मुकदमा दुर्भावना से प्रेरित है और अभी तक उसकी दोषसिद्धि नहीं हुई है, इसलिए उसे नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ दोषसिद्धि न होना किसी अभ्यर्थी को स्वतः नियुक्ति का अधिकार नहीं देता। पुलिस जैसी अनुशासित सेवा में चयन के लिए अभ्यर्थी का निष्कलंक चरित्र आवश्यक है। न्यायालय ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध गंभीर प्रकृति के आपराधिक आरोप लंबित हैं तो सक्षम प्राधिकारी उसके आचरण और पृष्ठभूमि का मूल्यांकन कर उसे नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त मान सकता है।

न्यायालय ने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं, विशेषकर पुलिस बल में नियुक्ति के मामलों में चरित्र सत्यापन अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में राज्य को यह अधिकार है कि वह ऐसे व्यक्तियों को सेवा में प्रवेश से रोके जिनकी पृष्ठभूमि से विभाग की साख और अनुशासन प्रभावित होने की संभावना हो।

कोर्ट ने यह भी कहा कि पुलिस बल समाज में कानून लागू करने वाली संस्था है। ऐसे में यदि गंभीर आरोपों का सामना कर रहा व्यक्ति पुलिस सेवा में नियुक्त हो जाए, तो इससे जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है।

## अगर एक महिला सांसद सुरक्षित नहीं, तो यह कितना गंभीर मामला : सायोनी घोष



**कोलकाता।** टीएमसी सांसद सायोनी घोष ने भाजपा नेता पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके सिर काटने पर इनाम घोषित किया गया है। उन्होंने इस मामले को सोशल मीडिया पर उठाया और कार्रवाई की मांग की।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद सायोनी घोष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रदीप दीक्षित पर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बेहद चौंकाने वाली बात थी। मुझे तब बड़ा झटका लगा, जब मैंने सुना कि सिकंदराबाद में भाजपा से जुड़े नगर पालिका अध्यक्ष ने मेरा सिर काटने वाले को एक करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, मैंने इस मामले को लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया है और उसमें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक को टैग किया है। अब पूरी दुनिया और देश देख रहा है कि अगर संसद की एक महिला सदस्य और महिला नेता भी इस देश में सुरक्षित नहीं है, तो यह कितना गंभीर मामला है। सायोनी घोष ने कहा, अगर एक मौजूदा महिला सांसद के खिलाफ इस तरह की बातें हो सकती हैं, तो आम महिलाएं किस डर और असुरक्षा के माहौल में जीती होंगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

## एक नजर

### युवक को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा निवासी कमला देवी ने बताया कि 18 मई को शाम करीब छह बजे उसका पुत्र राहुल घर के बाहर खेला था। इसी दौरान गांव निवासी गुड्डू व वेद प्रकाश ने राहुल के साथ गाली गलौच करना शुरू कर दिया। जब राहुल ने मना किया तो उसको लात घूंसो व डंडो से मारा पीटा। जिससे घायल हो गया। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### घर जाने के लिए खड़े युवक को पीटा, मुकदमा

**पूरनपुर।** सिरसा चौराहे पर होटल के पास खड़े ग्राम पिपरिया दुलई निवासी अंश प्रताप सिंह को सुधीर कॉलोनी निवासी आर्यन चौहान और उसके दो साथियों ने घेर लिया। आरोपियों ने शराब के लिए पैसे मांगे और मना करने पर लोहे के कड़े से सिर पर प्रहार कर दिया। हमले में अंश प्रताप का सिर फट गया। शोर मचाने पर लोगों ने उसे बचाया, जिसके बाद उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# फाल्ट ठीक करते समय तार में दौड़ा करंट, संविदा लाइनमैन की हुई मौत

## शव लेकर थाने पहुंचे परिजन, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप, नौकरी व मुआवजे की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में बुधवार को बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने एक संविदाकर्मी की जान ले ली। संजय नगर इलाके में बिजली का फाल्ट ठीक करने गए संविदा लाइनमैन मोहम्मद निजाम की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार और साथी कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग शव लेकर बारादरी थाने पहुंच गए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे।


मृतक का फाइल फोटो।

बारादरी के काकर टोला निवासी 47 वर्षीय मोहम्मद निजाम पिछले करीब 25 वर्षों से बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन के रूप में काम कर रहे थे। परिवार में पत्नी नाजिमा और सात बच्चे हैं। बताया गया कि बुधवार दोपहर संजय नगर इलाके में बिजली फाल्ट की शिकायत आने पर उन्हें मौके पर भेजा गया था। स्थानीय लोगों और सहकर्मियों के मुताबिक मोहम्मद निजाम बिजली के खंभे पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट दौड़ गया। तेज झटके से वह करीब 25 फीट ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### अगर शटडाउन लिया होता तो पिता जिंदा होते

मृतक के बेटे रिजवान ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि पावर हाउस से कॉल आने पर उनके पिता फाल्ट ठीक करने गए थे, लेकिन लाइन का शटडाउन नहीं लिया गया था। रिजवान का कहना है कि अगर समय रहते सप्लाई बंद कराई गई होती तो यह हादसा नहीं होता और उसके पिता की जान बच सकती थी। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद विभाग के दो कर्मचारी मोहम्मद निजाम को गंगाशील अस्पताल छोड़कर वहां से चले गए। परिवार को सिर्फ इतना बताया गया कि एक्सीडेंट हो गया है। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो उन्हें मौत की जानकारी मिली। इसके बाद परिवार में चीख–पुकार मच गई।

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं

इस हादसे ने परिवार की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया। मोहम्मद निजाम के सगे भतीजे की शादी मंगलवार को ही हुई थी। बुधवार को घर में दावत–ए–वलीमा का कार्यक्रम होना था, लेकिन उससे पहले ही हादसे की खबर आ गई। जिस घर में शहनाइयां बज रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। घटना से नाराज संविदा कर्मचारी और स्थानीय लोग शव लेकर बारादरी थाने पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। लोगों का कहना था कि विभाग अब अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए शटडाउन लेने का दावा कर रहा है।

### मुआवजे और नौकरी की मांग

परिजनों ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि मोहम्मद निजाम ही पूरे परिवार का सहारा थे। बारादरी पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच की जाएगी। यदि जांच में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




# अनुराग सिंह को सैनिक स्कूल में 85 प्रतिशत अंक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** कस्बे के एडम्स स्कूल के मेधावी छात्र अनुराग सिंह ने सैनिक स्कूल मैनपुरी में कक्षा 6 में प्रवेश पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनुराग सिंह, रवि सिंह के पुत्र हैं और ग्राम उन्नई मकरूका के निवासी हैं। उनकी इस सफलता से स्कूल और परिवार में खुशी का माहौल है।

ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम (AISSEE) में देशभर के करीब 1 लाख 34 हजार अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें केवल 3,200 सीटों पर चयन होना था। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अनुराग सिंह ने 300 में से 250 अंक प्राप्त कर 85 प्रतिशत अंक हासिल किए और सैनिक स्कूल मैनपुरी में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

अनुराग की इस उपलब्धि पर एडम्स स्कूल प्रबंधन ने उन्हें ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल के एमडी गुलरेज अली ने कहा कि अनुराग सिंह प्रतिभाशाली छात्र हैं और भविष्य में अपने परिवार के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन करेंगे। अनुराग सिंह ने बताया कि उनका सपना भारतीय वायुसेना में पायलट बनकर देश सेवा करने का है। छात्र की सफलता पर स्कूल स्टाफ, सहपाठियों और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# ऑनलाइन दवा बिक्री का विरोध, प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म्स पर दवाओं की बिक्री और भारी डिस्काउंटिंग के विरोध में बुधवार को दवा व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स की ओर से देशव्यापी बंद का आह्वान किया गया था, लेकिन बरेली में इसका खास असर देखने को नहीं मिला।

शहर के अधिकांश मेडिकल स्टोर सामान्य दिनों की तरह खुले रहे, हालांकि कुछ संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई।बरेली रिटेल केमिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुधवार को प्रदर्शन कर ऑनलाइन दवा व्यापार पर रोक लगाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ई-फार्मेसी कंपनियां भारी डिस्काउंट देकर छोटे दवा कारोबारियों को नुकसान पहुंचा रही हैं। उनका आरोप है कि ऑनलाइन कंपनियों की वजह से स्थानीय मेडिकल स्टोरों की बिक्री लगातार घट रही है और छोटे लाइसेंस होल्डर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। संगठन के सदस्यों ने कहा कि दवा व्यापार पहले ही मंदी और बढ़ते खर्चों से प्रभावित है। ऐसे में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की भारी छूट ने हालात और खराब कर दिए हैं। व्यापारियों का कहना है कि कई लाइसेंस होल्डर अब अपना परिवार तक ठीक से नहीं चला पा रहे हैं।

### बंद के विरोध में उतरी दूसरी एसोसिएशन

दूसरी तरफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने बंद का समर्थन नहीं किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश खटवानी ने अपनी टीम के साथ शहर के बाजारों का दौरा किया और दावा किया कि ज्यादातर मेडिकल स्टोर खुले रहे। उन्होंने कहा कि मरीजों और आम जनता की जरूरतों को देखते हुए दवा दुकानों को बंद रखना उचित नहीं है। उन्होंने सभी दवा व्यापारियों से अपील की कि मरीजों की सुविधा के लिए दुकानें देर रात तक खुली रखें। शहर में अधिकांश मेडिकल स्टोर खुले रहने से मरीजों और तीमारदारों को किसी बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। बाजारों में दवाओं की खरीदारी सामान्य दिनों की तरह जारी रही, जबकि प्रदर्शनकारी संगठनों ने सरकार से जल्द हस्तक्षेप कर ऑनलाइन दवा बिक्री पर नियंत्रण लगाने की मांग दोहराई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर ने खाया जहर

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव कैशोपुर में एक किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने और उल्टियां होने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई।

आनन-फानन में परिजन उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किशोर ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है और परिजन भी कुछ बोलने से बच रहे हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किशोर के बयान और पूछताछ के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मरीज की मौत पर देव प्राइमस अस्पताल में हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पीलीभीत बाईपास रोड स्थित देव प्राइमस अस्पताल में इलाज के नाम पर वसूली के आरोपों ने मंगलवार को बड़ा बवाल खड़ा कर दिया। सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, लेकिन परिजनों का गुस्सा तब फूट पड़ा जब अस्पताल ने आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद 41 हजार रुपये से ज्यादा का बिल थमा दिया। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू हो गया और परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाने शुरू कर दिए।

पीलीभीत जिले के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव सेमारिया ताराचंद निवासी विरेश कुमार सोमवार को बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक एक मैजिक वाहन से टकरा गई। हादसे में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें आनन-फानन में बरेली के पीलीभीत बाईपास रोड स्थित 100 फुटा तिराहा के पास देव प्राइमस अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का कहना है कि अस्पताल पहुंचते ही इलाज शुरू हुआ और कुछ ही देर में भारी भरकम बिल बनना शुरू हो गया। परिवार का आरोप है कि विरेश कुमार आयुष्मान योजना के पात्र थे और उनका कार्ड भी मौजूद था, इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन लगातार पैसे जमा कराने का दबाव बनाता रहा। मंगलवार सुबह तक बिल 41 हजार रुपये से अधिक पहुंच गया। इसी बीच इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

### मौत के बाद अस्पताल में मचा हंगामा

जब परिजनों ने बिल देखा तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। परिवार के लोगों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और आरोप लगाया कि गरीब मरीजों को आयुष्मान योजना के नाम पर भर्ती तो कर लिया जाता है लेकिन बाद में उनसे मोटी रकम वसूली जाती है। अस्पताल परिसर में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। मौके पर मौजूद लोगों ने भी अस्पताल की कार्यशैली पर सवाल उठाए। परिजनों का आरोप है कि गंभीर हालत का डर दिखाकर मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया जाता है और फिर जांच, दवा और अन्य खर्चों के नाम पर लगातार रकम बढ़ाई जाती है। उनका कहना था कि अगर आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी गरीबों को हजारों रुपये देने पड़ें तो फिर इस योजना का फायदा क्या है।

### अस्पताल के एमडी के पत्र ने मचाया हड़कंप

देव प्राइमस अस्पताल का विवाद उस समय और गहरा गया जब अस्पताल के एमडी डॉ. मनीष गोयल की ओर से मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी और सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को भेजा गया शिकायती पत्र सामने आया। पत्र में अस्पताल के भीतर आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों से अवैध वसूली, आईसीयू में भर्ती कर अतिरिक्त रकम लेने और गंभीर मरीजों से पैसे ऐंठने जैसे आरोप लगाए गए हैं। पत्र में दावा किया गया है कि अस्पताल में कई मरीजों से उपचार और अन्य सेवाओं के नाम पर अवैध रूप से धन लिया जा रहा है, जबकि आयुष्मान योजना के तहत इलाज निशुल्क होना चाहिए। इसमें यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ कर्मचारियों पर गलत कामों में सहयोग करने का दबाव बनाया जाता है। शिकायत में डॉ. जितेंद्र और डॉ. अनिमेष के नाम का भी उल्लेख किया गया है।

# जाट रेजिमेंट सेंटर में पहलवानों की होगी भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना देखने वाले युवा पहलवानों के लिए बड़ी खबर है। बरेली के जाट रेजिमेंट सेंटर स्थित आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी की ओर से देशभर के प्रतिभाशाली कुश्ती खिलाड़ियों के लिए विशेष भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। यह भर्ती रैली चार जून से छह जून तक चलेगी, जिसमें ग्रीको रोमन और फ्री स्टाइल कुश्ती के होनहार खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।भर्ती प्रक्रिया में वही खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे जिनकी आयु चार जून 2026 को आठ से 14 वर्ष के बीच होगी। विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी का जन्म चार जून 2012 से छह जून 2018 के बीच होना चाहिए। सेना की इस स्पोर्ट्स कंपनी में चयन के लिए खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अहम रखा गया है।भर्ती में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के पास प्रदेश स्तर पर स्वर्ण पदक या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी पदक होना अनिवार्य होगा। सेना प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सीधे खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है, जिसके तहत देशभर से उभरते पहलवानों को मौका दिया जाएगा।भर्ती रैली में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित अंडर-14 और अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा भारतीय कुश्ती संघ की राज्य स्तरीय अंडर-14 और अंडर-15 कुश्ती प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों और हैवीवेट वर्ग के पहलवानों को भी विशेष प्राथमिकता मिलेगी।


भर्ती के लिए दौड़ते युवक। -जागरण मोर्चा

### सुबह छह बजे से शुरू होगा पंजीकरण

पूरी भर्ती प्रक्रिया जाट रेजिमेंट सेंटर परिसर में आयोजित होगी। खिलाड़ियों का पंजीकरण चार जून को सुबह छह बजे से शुरू कर दिया जाएगा। भर्ती से जुड़ी जानकारी और सहायता के लिए विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 7889677484, 935907677, 8273826535 और 7814366531 जारी किए हैं। आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी लंबे समय से देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करती रही है। बरेली में होने वाली यह भर्ती रैली युवा पहलवानों के लिए बड़ा मंच साबित हो सकती है, जहां उन्हें सेना की अनुशासित ट्रेनिंग और खेल सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## फ्रिज ठीक करने आए गैर समुदाय युवक ने की छेड़छाड़

**पूरनपुर।** नगर के एक मोहल्ले में फ्रिज ठीक करने आए गैर समुदाय का युवक मैकेनिक द्वारा नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। घटना के समय किशोरी घर पर अकेली थी और उसने फ्रिज खराब होने पर मैकेनिक को बुलाया था। आरोप है कि काम पूरा करने के बाद मैकेनिक ने किशोरी के साथ अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ की। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी उसे धमकाते हुए फरार हो गया। परिजनों को घटना की जानकारी मिली, तो वे मैकेनिक की दुकान पर पहुंचे, लेकिन पहले ही दुकान बंद कर भाग चुका था। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी मैकेनिक के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बरेली बवाल केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** पिछले वर्ष सितंबर में हुए बवाल मामले में पुलिस को अहम कामयाबी मिली है। अवैध हथियार सप्लाई करने के आरोप में फरार चल रहे गफ्फार खां को बहेड़ी पुलिस ने उत्तराखंड के किच्छा इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी काफी समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था और लगातार ठिकाने बदल रहा था। अदालत में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया था कि बवाल के दौरान इस्तेमाल किए गए हथियार एक संगठित नेटवर्क के जरिए उपलब्ध कराए गए थे। इस मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि गफ्फार खां की तलाश जारी थी। जांच के दौरान फरवरी में शेरगढ़ तिराहे के पास पुलिस ने एक कार से कई पिस्तौल और कारतूस बरामद किए थे। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि हथियार उत्तराखंड के कुछ लोगों तक पहुंचाए जाने थे। इसी दौरान बवाल में इस्तेमाल हुए हथियारों के नेटवर्क का भी खुलासा हुआ। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार सुबह किच्छा-रुद्रपुर रोड स्थित बाजार क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने साथियों के साथ अवैध हथियार कारोबार में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मामले में पुलिस अब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।



# ससुराल गए युवक के साथ की मारपीट, इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ससुराल में युवक के साथ मारपीट की गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। युवक के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


विजयपाल फाइल फोटो।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मौजपुर निवासी 24 वर्षीय विजयपाल मंगलवार को अपनी ससुराल उघैती थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर गए थे। भाई राजपाल ने बताया कि विजयपाल की पत्नी के मामा कुछ दिन पहले घर आए थे। उसने शराब पीकर पूरे परिवार के साथ गाली गलौज की।जिसको लेकर विजयपाल ने विरोध किया था। इसके बाद सास शारदा अपनी बेटी खुशबू और अपने भाई रोहतास को बुलाकर अपने साथ ले गई। पत्नी को बुलाने के लिए विजयपाल अपनी ससुराल गया था। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालात बिगड़ते ही सास ने विजयपाल के घर फोन कर दिया कि उसकी तबीयत खराब हो गई है।हम बिसौली इसको लेकर जा रहे हैं। बिसौली ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दे दी।

# रेलवे ट्रैक कार्य: कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का रूट बदला



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे में गोरखपुर कैंट-पनियहवा रेलखंड पर दोहरीकरण और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। इसका सीधा असर बिहार और पश्चिम चंपारण से दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाने और कुछ ट्रेनों को नियंत्रित करने का फैसला लिया है।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक 29 मई और 5 जून को चलने वाली 12211 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस अब छपरा ग्रामीण-भटनी-गोरखपुर मार्ग से संचालित होगी। इसी तरह 20 मई और 3 जून को चलने वाली 12212 आनंद विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह ट्रेनें चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज और बगहा स्टेशनों से होकर नहीं जाएंगी। ऐसे में इन क्षेत्रों के यात्रियों को वैकल्पिक ट्रेनों का सहारा लेना पड़ सकता है। खासकर दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है।

### लौकहा बाजार स्पेशल भी डायवर्ट

रेलवे प्रशासन ने 20 मई से 8 जून तक चलने वाली 04013 लौकहा बाजार–आनंद विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी का मार्ग भी बदल दिया है। यह ट्रेन अब सकरी–मुजफ्फरपुर–छपरा ग्रामीण–गोरखपुर होकर चलाई जाएगी। इस दौरान ट्रेन शिशो, सीतामढ़ी, रक्सौल, सिकटा, नरकटियागंज, हरिनगर, बगहा, सिसवा बाजार और कप्तानगंज स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। रेलवे का कहना है कि उनौला–पिपराइच स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य और 6 से 8 जून तक प्रस्तावित नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण यह निर्णय लिया गया है।

### बांद्रा-बरौनी एक्सप्रेस भी होगी लेट

19 मई को बांद्रा टर्मिनस से रवाना हुई 19037 बांद्रा टर्मिनस–बरौनी एक्सप्रेस को भी विभिन्न रेल मंडलों में नियंत्रित कर चलाया जाएगा। रेलवे के अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे में ट्रेन को 30–30 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा, जबकि पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में इसे 60 मिनट तक रोका जा सकता है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि सफर से पहले ट्रेन की स्थिति और रूट की जानकारी जरूर जांच लें, ताकि यात्रा के दौरान परेशानी से बचा जा सके।

# आशाओं का सीएमओ कार्यालय पर हल्लाबोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी लंबे समय से इंतजार के बाद एक बार फिर से मैदान में आ गई हैं। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष जौली वैश्य के नेतृत्व में काफी आशा कार्यकत्री सीएमओ कार्यालय पहुंची। यहां सीएमओ डॉ. मोहन झा को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान सीएमओ डॉ. मोहन झा ने सभी को आश्वासन दिया कि शासन को पत्र भेजा जायेगा। शासन से बजट आते ही जल्द ही सभी आशाओं को पैसा जारी किया जायेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि काफी समय से सरकार द्वारा संगठन की मांगों को लेकर बादा खिलाफी की जा रही है तीन दिन में हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन फिर से शुरू कर देंगे। अबकी बार धरना प्रदर्शन बदायूं से लेकर शासन तक किया जायेगा।

### आशाओं के अन्य भुगतान भी नहीं दिये

वर्षों से विभिन्न अभियानों में योगदान का कोई पारिश्रमिक/प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान गोल्डन कार्ड में 2018 से जारी योगदान का आज तक एक रुपये भी अदा नहीं किया गया। इसी तरह 2019 माह से 31 दिसंबर 2021 तक का राज्य वित्त से जारी 750 की दर से प्रति आशा, संगिनी को घोषित 28 माह की प्रोत्साहन राशि का आज तक भुगतान नहीं किया गया।

### आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


# दवा बिक्री के विरोध में सड़कों पर उतरे विक्रेता

## ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ऑनलाइन दवा बिक्री की विरोध में दवा विक्रेता सड़कों पर उतरे। उन्होंने ऑनलाइन बिक्री को लेकर नारेबजी कर प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम प्रधानमंत्री को सौंपा। जिसमें दवा विक्रेताओं का कहना है कि बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श एवं सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है।

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में तमाम दवा कारोबारी एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस की शक्ल में जोरदार नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने आनलाइन दवा बिक्री की विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि वैध चिकित्सकीय परामर्श एवं सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। नियंत्रित ऑनलाइन दवा वितरण से लाखों छोटे केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। कहा कि आंदोलन केवल व्यापार का नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा, दवाओं के सही उपयोग और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुरक्षित रखने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन समय में दवा व्यापारियों ने निरंतर सेवा देकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है, इसलिए सरकार को भी जनहित में इस गंभीर विषय पर तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। महामंत्री मोहम्मद आजम खान ने कहा कि दवा व्यापारी हमेशा शांतिपूर्ण एवं जिम्मेदार तरीके से अपनी बात रखते आए हैं और आगे भी जनहित के मुद्दों पर संगठित रूप से आवाज उठाते रहेंगे।

इस मौके पर चेयरमैन राजकुमार सेठी, राजू मदान, संजय भाटिया, माजिद मियां, महेश कुमार मौर्य, बाकर खान, अखिल, विजय, प्रमोद, नजाकत, प्रखर वशिष्ठ, राजकुमार, इमरान, राहुल, नवीन गंगवार, फरीद, सुशील अग्रवाल, दीपक बंसल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में जुलूस निकाले दवा विक्रेता। -जागरण मोर्चा



दढ़ियाल में केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बंद पड़ा मेडिकल स्टोर।

## केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर मेडिकल स्टोर बंद, मरीज रहे परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** ऑनलाइन फार्मेसी और ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा नकली दवाओं के कारोबार तथा अवैध बिक्री के विरोध में बुधवार को केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे। इस एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के कारण क्षेत्र में दवाइयों की भारी किल्लत हो गई, जिससे मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही सभी दवा दुकानें पूरी तरह बंद थीं। मरीज और उनके परिजन जरूरी दवाइयों के लिए एक दुकान से दूसरी दुकान भटकते नजर आए। दुकानों के ताले न खुलने के कारण कई लोग थक-हारकर वापस घरों को लौट गए।केमिस्ट एसोसिएशन का आरोप है कि ऑनलाइन माध्यम से बिना डॉक्टर के पर्चे के दवाओं की अवैध बिक्री हो रही है, जिससे छोटे दवा विक्रेताओं का अस्तित्व खतरे में आ गया है। साथ ही नकली दवाओं से जन स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय मेडिकल संचालक मोहम्मद आजम, मोहम्मद नाजिम, भजन सिंह, जफर अली और हरिओम ने बताया कि यह बंदी एसोसिएशन के निर्देश पर की गई।

### एक नजर

#### अधिवक्ता की मौत पर शोक सभा का आयोजन

**रामपुर।** सिविल लाइंस निवासी अधिवक्ता सचिन सक्सेना की बुधवार को अचानक से मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद बार एसोसिएशन के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने सभी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर दो मिनट का मौन धारण किया। उसके बाद शोक सभा हुई।अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस मौके पर महासचिव उस्मान खां, अब्दुल खालिक, सरजीत सिंह, सजीव यादव, मोहम्मद अकरम मौजूद रहे।

#### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**मिलक।** बार एसोसिएशन मिलक के सभागार में बुधवार 20 मई को सभा आयोजित की गई। उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर विरोध स्वरूप सभी बार सदस्यों ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बार एसोसिएशन ने सभी न्यायालयों से न्यायिक कार्य से विरत रहने के समर्थन में सहयोग का अनुरोध किया है। आम सभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश चन्द्र गंगवार ने की तथा महासचिव रमेश चन्द्र ने संचालन किया। इस अवसर पर देश वीर सिंह प्रेमपाल गंगवार सोमपाल भारतीय देवेंद्र गंगवार सहदेव श्री राम राठौर नवनीत यदुवंशी नीरज शर्मा कमला कांत शर्मा कैलाश वीर सक्सेना आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बिजली फाल्ट-ट्रिपिंग शिकायतें तुरंत सुलझाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वर्तमान में पड़ रही भीषण ग्रीष्म ऋतु एवं लगातार बढ़ती विद्युत मांग के दृष्टिगत जनपद में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, उपभोक्ताओं को आ रही समस्याओं, ट्रांसफार्मरों की कार्यक्षमता, फाल्ट निस्तारण व्यवस्था, लाइन लॉस, उपकेंद्रों की कार्यप्रणाली तथा फील्ड स्तर पर संचालित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को हर स्थिति में सुचारू बनाए रखा जाए तथा किसी भी क्षेत्र में अनावश्यक विद्युत कटौती न होने पाए। विद्युत फाल्ट, ट्रिपिंग, ट्रांसफार्मर खराब होने अथवा तार टूटने जैसी शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता को प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं उपकेंद्रों की सतत मॉनिटरिंग करें। जर्जर तारों एवं क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को चिन्हित कर समय रहते आवश्यक मरम्मत एवं प्रतिस्थापन कार्य कराया जाए, जिससे संभावित दुर्घटनाओं एवं आपूर्ति बाधित होने की स्थिति से बचा जा सके।बैठक में यह भी निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को देखते हुए विद्युत विभाग अपनी आपातकालीन तैयारियां पूरी तरह सुदृढ़ रखे। आकस्मिक परिस्थितियों, तकनीकी खराबी अथवा किसी बड़े फाल्ट की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारी, वाहन, उपकरण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहें, ताकि जनसामान्य को न्यूनतम असुविधा हो।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के इस दौर में आमजन को विद्युत संबंधी अनावश्यक समस्याओं का सामना न करने पड़े। विद्युत व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा कार्य में शिथिलता न बरती जाए। बैठक में अधीक्षण अभियंता, समस्त अधिशासी अभियंता सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


बिजली अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। -जागरण मोर्चा

# हाथ में काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** लंबित मानदेय का भुगतान न होने से नाराज़ एनएचएम संविदा कर्मियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया हाथ ही शीघ्र ही भुगतान नही मिलने पर 21 मई से पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को उप्र. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले सभी कर्मचारी आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ.वीके शर्मा के नेतृत्व में एकत्र हुए।

इसके पश्चात सभी कर्मचारियों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। आक्रोशित कर्मचारियों ने बताया कि उनका कई माह मानदेय लंबित पड़ा है, इसके कारण उन्हें परिवार का भरण-पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रांतीय आह्वान पर उन्होंने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया है अगर शीघ्र ही मानदेय का भुगतान नही होता तो,वह 21 मई गुरुवार से पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार पर रहेगें। इस दौरान कर्मचारियों ने चिकित्साधीक्षक डॉ पदम सिंह को अपना विरोध स्वरूप ज्ञापन भी सौंपा। इस मौकें पर शाहीन बेगम, सत्यम शर्मा, सुभाष शर्मा, विपिन गुप्ता, जीवनराम, अर्श, शहाबुद्दीन, गुलवेज अहमद, नित्या, मुजाहिद पाशा, राजपाल माली आदि मौजूद रहे।



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते संविदा कर्मी। -जागरण मोर्चा

# योग अपनाएं, अपनी इम्यूनिटी बढ़ाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशन में योग कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 365 दिन योग थीम को लेकर किला मैदान में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। महिलाएं, युवक व बुजुर्गों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए विभिन्न योग क्रियाएं सीखीं।

शिविर में योग प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं अर्चना गुप्ता द्वारा सूक्ष्म व्यायाम व प्राणायाम कराए गए। इसके साथ ही उन्होंने योग के लाभ बताते हुए कहा कि एक घंटा प्रतिदिन योग करने से दिनभर कार्य करने की क्षमता रहती है । योग को दिनचर्या में शामिल किया जाए तो भविष्य में अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही आयुष मंत्रालय द्वारा जारी ऑनलाइन योग कक्षाओं एवं टोल फ्री नंबर की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।


किला मैदान में आयुष विभाग द्वारा आयोजित योग शिविर में शामिल लोग।

▸ आयुष विभाग द्वारा किला मैदान में आयोजित योग शिविर

# पैन कार्ड मामले में सरकारी वकील की बहस पूरी, 23 मई को फैसला

▸ जौहर विवि गेट पर हंगामा और जयाप्रदा टिप्पणी मामले में टली सुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**राम पुर।** दो पैनकार्ड मामले में आजम खां और अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़ाए जाने के मामले में बुधवार को सरकारी वकील की बहस पूरी हो गई है। कोर्ट ने सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल अनिल प्रताप सिंह ने भी अपना पक्ष रखा।

जिसमें आजम खां की सजा बढ़ाए जाने के कई तर्क दिए। जबकि इस मामले में पूर्व विधायक नवेद मियां ने आजम खां और अब्दुल्ला आजम की सजा को बढ़ाए जाने के मामले में हाईकोर्ट का आदेश कोर्ट में दाखिल किया था।जिसमें बहस पूरी हो गई। अब इस मामले में 23 मई को फैसला आएगा। जबकि आजम खां और अब्दुल्ला आजम की अपील को पहले ही कोर्ट खारिज कर चुकी है। वहीं इसके अलावा एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में बुधवार को जयाप्रदा टिप्पणी मामले में आजम खां सहित 11 लोगों पर आरोप तय हो चुके हैं। जिसमें आज सुनवाई नहीं हो सकी। वहीं जौहर विवि के गेट पर हंगामा मामले में अब्दुल्ला आजम और फरहान खां एवं क्वालिटी बार मामले में भी सुनवाई नहीं हो सकी।

## लापता किशोरी के मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर।** गांव पिपलिया गोपाल से एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी 17 मई की दोपहर को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों से संपर्क करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। पिता ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा करने की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उपनिरीक्षक केशु शर्मा मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस का दावा है कि किशोरी को जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

# एक ही रात में अलग-अलग गांवों से तीन युवतियां प्रेमियों संग फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र की खौद पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले गांवों में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ही रात में अलग-अलग गांवों से तीन युवतियां अपने प्रेमियों के साथ फरार हो गईं। इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, वहीं पुलिस और स्थानीय लोग भी हैरान हैं।

भागने वाली युवतियों में से दो के मामलों का निपटारा अलग-अलग तरीकों से हो चुका है। पहले मामले में, एक युवती के परिजनों और गांव के गणमान्य लोगों ने सूझबूझ दिखाई। दोनों पक्षों के बीच पंचायत बुलाई गई, जिसके बाद रजामंदी से प्रेमी जोड़े का दो दिन बाद निकाह कराया जायगा दूसरे मामले में, एक अन्य युवती ने समाज और परिवार की परवाह न करते हुए अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कानूनी विवाह कर ली और अपने सुरक्षित होने की सूचना दी। सबसे बडी चिंता इन सब के बीच तीसरा मामला पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। तीसरी युवती अभी भी लापता है। उसके परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए अजीमनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस तीसरी युवती और उसके प्रेमी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।






**किसान-दिवस** मुख्य विकास अधिकारी ने दिए समाधान के निर्देश

# फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कराएं : सीडीओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान गत माह आयोजित किसान दिवस में किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं शिकायतों के निस्तारण की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

मुख्य विकास अधिकारी ने किसान दिवस में किसानों की समस्याओं को सुना। संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान अपनी फैमिली आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से बनवा लें, जिससे उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर ढैचा बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कृषक बीज की बुकिंग कर संबंधित गोदामों से बीज प्राप्त कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों को खरीफ सीजन के लिए प्रति हेक्टेयर 7 बैग यूरिया एवं 5 बैग डीएपी, एनपीके आवश्यकता के अनुसार क्रय कर सकते है। भारतीय किसान यूनियन के मंडल सचिव जुबैद आलम ने किसान दिवस में अवगत कराया कि जनपद में मक्का उत्पादन बढ़ने के कारण किसानों को एमएसपी पर बिक्री के लिए बिलासपुर जाना पड़ता है। उन्होंने मिर्जानूरपुर बराखास में मक्का क्रय केंद्र स्थापित किए जाने की मांग उठाई।ग्राम हरजीपुर निवासी किसान असगर अली ने कृषि उप सम्भाग मिलक लोहा परिसर में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हैंडपम्प लगवाने की मांग की। वहीं किसान हसीन अहमद ने फैजुल्लानगर एवं सैदनगर क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों द्वारा दूषित जल भूमि में छोड़े जाने से भूजल प्रदूषण की समस्या उठाई। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।



किसानों की समस्याएं सुनते सीडीओ। -जागरण मोर्चा

# दर-दर भटक रहे बेबस गुब्बारे वाले के लिए मसीहा बने जिलाधिकारी

## लौटाई मेहनत की कमाई और खरीदे सारे गुब्बारे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रशासन का एक बेहद मानवीय और संवेदनशील चेहरा उस वक्त सामने आया, जब अपनी मेहनत की कमाई के 2000 रुपये के लिए दर-दर भटक रहे एक गरीब गुब्बारे वाले की पीड़ा जिलाधिकारी ने न सिर्फ सुनी, बल्कि तत्काल उसका समाधान भी किया। टांडा तहसील निवासी गुब्बारे बेचने वाले दुर्गा प्रसाद की फरियाद पर जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टांडा थाना प्रभारी को निर्देश दिए। नतीजा यह रहा कि पुलिस तुरंत हरकत में आई और गरीब को उसके 2000 रुपये वापस मिल गए। टांडा तहसील के रहने वाले दुर्गा प्रसाद फेरी लगाकर और गुब्बारे बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई के 2000 रुपये किसी व्यक्ति ने उधार लिए और फिर वापस करने से मुकर गया। एक-एक पैसे को मोहताज दुर्गा प्रसाद ने अपने पैसे वापस पाने के लिए जिलाधिकारी की चौखट पर जाने का फैसला किया।



गुब्बारे बेचने वाले से वार्तालाप करते डीएम। -जागरण मोर्चा

### पैदल दफ्तर जा रहे डीएम के सामने छलका दर्द

रोजमर्रा की तरह जिलाधिकारी अपने आवास से पैदल ही कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय के लिए निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर जनता दर्शन में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे दुर्गा प्रसाद पर पड़ी। दुर्गा प्रसाद ने भावुक होते हुए अपनी आपबीती जिलाधिकारी को सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे उसकी 2000 रुपये की मामूली लेकिन उसके लिए बेशकीमती रकम एक व्यक्ति द्वारा ले ली गई है और कोई उसकी मदद नहीं कर रहा। जिलाधिकारी ने पूरी गंभीरता के साथ उस गरीब की तकलीफ को सुना।

### जनता दर्शन से साकार हो रहा जनसेवा का संकल्प

यह पूरी घटना सरकार की महत्वाकांक्षी जनता दर्शन (जनसुनवाई) योजना की सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की फरियाद सीधे जिले के आला अधिकारियों तक पहुंचे और उसका त्वरित निस्तारण हो। जिलाधिकारी द्वारा की गई यह मानवीय पहल संदेश देती है कि अगर अधिकारी शासन की योजनाओं को पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ धरातल पर उतारें, तो छोटी सी सहायता भी किसी जरूरतमंद के जीवन में बड़ी खुशी ला सकती है और प्रशासन पर जनता का भरोसा कायम रह सकता है।

### कड़क मिजाज और त्वरित कार्रवाई से मिला न्याय

गरीब की बेबसी देखकर जिलाधिकारी ने तत्काल एक्शन लिया। उन्होंने बिना कोई समय गंवाए टांडा थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा को फोन पर निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएचओ ने कार्यवाही करते हुए आरोपी से दुर्गा प्रसाद के 2000 रुपये वापस दिलवाए। पैसे वापस मिलने से दुर्गा प्रसाद ने राहत की सांस ली ही थी कि जिलाधिकारी ने एक ऐसा कदम उठाया जिसने वहां मौजूद हर शख्स का दिल जीत लिया। दुर्गा प्रसाद की दयनीय स्थिति को देखते हुए डीएम ने उसके पास मौजूद सभी रंग-बिरंगे गुब्बारे खुद खरीद लिए। अपने सारे गुब्बारे बिकते देख और अपनी खोई हुई रकम वापस पाकर दुर्गा प्रसाद के चेहरे पर वो खोई हुई मुस्कान लौट आई, जिसकी उम्मीद वह छोड़ चुका था।

## एक नजर

### पैगंबरपुर गांव में पंचायत घर को चोरों ने बनाया निशाना

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में गर्मी के चलते अब चोरों ने आतंक मचाना शुरू कर दिया है। मंगलवार की मध्य रात्रि को पैगंबरपुर गांव में गांव के बाहरी छोर पर बनी ग्राम पंचायत को अपना निशाना बना लिया। जिसमें से चोरों ने पंचायत घर के ताले तोड़कर इंवर्टर और दो बड़े बैट्रों पर हाथ साफ करते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए। जब सुबह होने पर ग्रामीण गांव से बाहर खेतों की ओर घूमने निकले तो पंचायत घर के ताले टूटे देख लोगों की भीड़ लगने लगी। इस दौरान घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी गई तो वह भी मौके पर धमोरा चौकी पुलिस के साथ पहुंच गए। पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुट गई है।

### नो एंट्री जोन में घुसे 4 वाहनों के चालान

**मसवासी।** नो एंट्री जोन में नियमों का उल्लंघन कर गुजर रहे चार वाहनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालान किए। इस दौरान वाहन चालकों से कुल आठ हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। बुधवार को चौकी इंचार्ज सोहनपाल सिंह के नेतृत्व में काशीपुर मार्ग पर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नो एंट्री जोन से गुजर रहे एक डंपर समेत चार वाहनों को रोककर उनके चालान किए गए। पुलिस ने मौके पर ही कुल आठ हजार रुपये का जुर्माना वसूला।चौकी इंचार्ज सोहनपाल सिंह ने बताया कि नो एंट्री जोन में प्रतिबंधित वाहनों के प्रवेश पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

# कागजों में फुल धरातल पर गुल बिजली

## शहरवासियों को मिल पा रही नामात्र बिजली आपूर्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिजली कागजों में फुल दिखाई जा रही है। जबकि धरातल पर गुल रहती है,यह पक्तियां बिजली निगम पर सटीक बैठ रही हैं शहर में अधिकांश मोहल्लों में धड़ल्ले से अंधाधुंध कटौती हो रही है,लेकिन इसके बावजूद भी उपभोक्ताओं का बिजली आपूर्ति नामात्र को मिल रही है। ओवरलोड के नाम पर बिजली आपूर्ति ठप रहती है। 24 घंटे में से केवल लोगों को 10 घंटे ही जली मिल पा रही है। इस भीषण गर्मी में लोगों को जीना मुहाल हो गया है।

जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे शहर में बिजली कटौती धड़ल्ले हो रही है। बिजली नहीं आने का कारण जानने को बिजलीघरों के सीयूजी नंबर भी नहीं उठ रहे हैं। इसी वजह से उपभोक्ताओं का जीना दुश्वार हो गया है।बिजलीघरों की लॉकशीट में आपूर्ति पूरी दी जा रही है लेकिन किस-किस क्षेत्र में कितनी आपूर्ति मिल रही है। शहर के सिविल लाइंस, नवाबगेट, शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट, बिलासपुर गेट, पक्का बाग, पुराना गंज समेत अधिकांश मोहल्लों का हाल है। घेर तोगां, पक्का बाग, पुराना गंज, कैथ का पेड़, मुल्ला एरम तालाब समेत आपूर्ति नामात्र को मिल रही है।इसके अलावा ज्वाला नगर का भी बिजली सप्लाई में हाल बुरा है। कभी आईटी बॉक्स में आग लगने के कारण तो कभी ओवरलोडिंग के कारण बिजली ठप रहती है। जिससे लोगों को काफी परेशानियां आ रही है। जहां लोगों का इस भीषण गर्मी में बुरा हाल हो रखा है।

> शहर में कहीं भी कटौती नहीं हो रही है लाइन में हुए फाल्ट को सही करने में समय तो लगता है लाइनों में फाल्ट भी चोरी, लोड पड़ने से हो रहे हैं। लेकिन बिजली आपूर्ति पर्याप्त मात्रा मिल रही है।
>
> **– सतेंद्र चौहान, अधीक्षण अभियंता।**

### अजीतपुर बिजली घर का सीयूजी नंबर हमेशा व्यस्त

एक और तक बिजली की आवाजाही से लोगों को परेशानी आ रही है। इस भीषण गर्मी में जीना मुहाल हो गया है। वहीं अजीतपुर बिजली घर का हाल बेहाल है।बिजली घर में रखा सीयूजी नंबर 9193300619 रात दस बजे तक उपभोक्ताओं द्वारा कॉल करने पर बिजली नहीं आने का कारण पता चल जाता है,लेकिन रात 12 बजे के बाद से यह नंबर व्यस्त हो जाता है। कभी कभार अगर फोन उठ जाता है तो वहां पर तैनात एक संविदा कर्मचारी उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार करते हैं। उसके बाद नंबर को सुबह पांच बजे तक के लिए व्यस्त कर देते हैं।इस बारे में उपभोक्ताओं ने संविदा कर्मचारी की शिकायत उच्च अधिकारियों से की हैं,लोगों का कहना है कि यह रात को सोने के दौरान नंबर को व्यस्त कर देते हैं। ताकि रात में कोई परेशान नहीं कर सके।

### आज 6 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**मिलक।** बिजनेस प्लान के तहत मेंटेनेंस कार्य के चलते मिलक तहसील क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।अवर अभियंता 33/11 केवी उपकेंद्र मिलक, मोहम्मदहुसैन अंसारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 220 केवी संकट पर से पोषित 11 केवी उपकेंद्र मिलक की 33 केवी मेन लाइन अहमदाबाद से खाता नगरिया तक 6 किमी लाइन का कंडक्टर और 20 नग पोल बदलने का कार्य किया जाएगा।इस दौरान उपकेंद्र मिलक से संबंधित क्षेत्रों की बिजली पूर्णतः बंद रहेगी। साथ ही 33/11 केवी धमोरा से नेगट 11 केवी बहादुर, धमौरा फीडर की आपूर्ति भी सुरक्षा की दृष्टि से बंद की जा सकती है।विभाग ने उपभोक्ताओं से मेंटेनेंस कार्य के दौरान सहयोग की अपील की है। कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## ट्रांसफार्मर फूंकने से ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा।** भीषण गर्मी के चलते इंसान तो इंसान, अब बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर भी हांपने लगे हैं। बढ़ते तापमान और ओवरलोड के कारण क्षेत्र के गांवों व मोहल्लों में ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। शहजादनगर थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव में भी बीते चार दिनों से अत्यधिक लोड होने के कारण एक ट्रांसफार्मर पूरी तरह खराब हो गया। इसके चलते इस तपती गर्मी में ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। गांव में बिजली गुल होने से लोग दिन के समय पेड़ों की छांव का सहारा लेकर जैसे-तैसे वक्त काट रहे हैं। वहीं, रात गुजारने के लिए उन्हें छतों पर जाना पड़ रहा है, लेकिन दिनभर की तेज धूप से तपती छतें रात में भी राहत नहीं दे रही हैं। दूसरी तरफ, शिकायत के बाद भी बिजली विभाग ट्रांसफार्मर बदलने की कोई सुध नहीं ले रहा है, जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। बुधवार को ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण धमोरा बिजली घर पर एकत्र हुए और फूंके ट्रांसफार्मर को जल्द बदलने की मांग को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि चार दिन से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है, लेकिन विभागीय कर्मचारी शिकायत को लगातार अनदेखा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

> ▸ गर्मी और ओवरलोड से फूंक रहे ट्रांसफार्मर, बिजली विभाग नहीं ले रहा सुध



शाहबाद में ई रिक्शा में बैठकर ग्राम चौपाल में पहुंचे सीओ और बीडीओ।

## ई- रिक्शा में बैठकर सीओ और बीडीओ ग्राम चौपाल में पहुंचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के क्रम में तेल एवं ईंधन की किल्लत से बचाव के उद्देश्य से शाहबाद में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की समस्याओं को सुना गया।

तहसील क्षेत्र के मियांगंज और मुकुटपुर गाँव में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई के लिए खंड विकास अधिकारी शाहबाद धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकीनंदन ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया।उल्लेखनीय रहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने के लिए ई-रिक्शा का उपयोग करके पहुँचे, जो कि ईंधन बचत की दिशा में एक प्रेरणादायक एवं सार्थक पहल रही। उनके इस प्रयास ने आम जनमानस को यह संदेश दिया कि यदि अधिकारी वर्ग स्वयं ईंधन बचत के प्रति सजग रहे तो समाज में भी यह भावना बलवती होगी।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

### ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करते रंगे हाथ दबोचा

**टांडा।** क्षेत्र के ग्राम पीपली नायक में ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करते हुए ग्रामीणों ने एक युवक को रंगेहाथ दबोच लिया। ग्राम निवासी सोहन सिंह ने बताया कि बुधवार की रात उनके घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से एक युवक बैटरी चोरी कर रहा था। तभी सोहन सिंह की नजर उस पर पड़ गई। शोर मचाने पर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और उसके कब्जे से चोरी की बैटरी बरामद कर ली। पकड़े गए आरोपी की पहचान मेवला कला निवासी तिलकराज के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया और विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर दिया।

# चाय मानव स्वास्थ्य के लिए वरदान भी है और नुकसान भी: डॉ. कुलदीप चौहान

## विश्व चाय दिवस पर विशेष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भोर में आंखें खुलते ही एक कप चाय हांथों में थामता हैं तो किसी के लिए शाम की चाय दिनभर की थकान दूर करने का एकमात्र जरिया है। कोई दिनभर चाय पीते नहीं अघाता है तो कोई चाय सेहत के लिए हानिकारक है सोचकर बिलकुल चाय नहीं पीता। चाय से जुड़ी ऐसी ही कई धारणाएं और बाते अक्सर खूब सुनने में आती रहती है।

चलिए आज जानते हैं चाय और सेहत के रिश्ते से जुड़ी कुछ अहम बातें। चाय सेहत के लिए ठीक है या नहीं? इसे पीने का सही वक्त और तरीका क्या है? आइए जानते हैं कि आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से चाय का सेवन किस प्रकृति के लोगों को, किस तरह करना चाहिए।

डॉ. कुलदीप चौहान बताते है कि 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य चाय के आर्थिक महत्व, सांस्कृतिक विरासत और मानव स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों को रेखांकित करना है। भारतीय जनजीवन में चाय मात्र एक पेय नहीं, बल्कि सुबह की शुरुआत का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है।आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, चाय में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट (जैसे पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स हृदय स्वास्थ्य को सुधारने और कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में सहायक होते हैं।

हालांकि, आयुर्वेद के अनुसार चाय का अनियंत्रित और गलत तरीके से सेवन शरीर के तीन दोषों (वात, पित्त और कफ) को असंतुलित कर सकता है। आयुर्वेद में पारंपरिक चाय (कैमेलिया साइनेंसिस) को इसकी उष्ण और तीक्ष्ण प्रकृति के कारण तामसिक पेय या उत्तेजक की श्रेणी में रखा जाता है। यह शरीर में मुख्य रूप से पित्त और वात दोष को बढ़ाती है। इसलिए, हर व्यक्ति के शरीर की शारीरिक बनावट (प्रकृति) के अनुसार चाय का प्रभाव अलग होता।

### आयुर्वेदिक शारीरिक प्रकृति के अनुसार चाय का सेवन के तरीके

कफ प्रकृति वाले लोगों के लिए चाय का सेवन सबसे अधिक फायदेमंद और उपयुक्त माना जाता है। कफ प्रकृति के लोग स्वभाव से ठंडे, सुस्त और धीमी जठराग्नि (पाचन) वाले होते हैं। चाय के गर्म और उत्तेजक गुण उनकी सुस्ती को दूर करते हैं और शरीर में कफ के जमाव को कम करते हैं। इन्हें काली चाय या ग्रीन टी बिना दूध और बहुत कम चीनी के पीनी चाहिए। चाय में अदरक, काली मिर्च, लौंग या दालचीनी मिलाकर पीना इनके लिए सर्वोत्तम है।वात प्रकृति के लोगों को क्या चाय पीनी चाहिए,जी हां लेकिन सीमित मात्रा में।बात प्रकृति वाले लोग स्वभाव से रूखे और चंचल होते हैं। चाय का अत्यधिक सेवन उनके शरीर में रूखापन, कब्ज और अनिद्रा (नींद न आना) को बढ़ा सकता है।

> चाय केवल हमारी जठराग्नि (पाचन) को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि इसका सीधा असर मस्तिष्क और विचारों पर भी पड़ता है। यदि आयुर्वेद की प्रकृति के नियमों को भूलकर, अत्यधिक उबालकर या खाली पेट चाय पी जाए, तो शरीर में बढ़ा हुआ बढ़ा हुआ वात और पित्त दोष मन में चिंता, घबराहट, अनिद्रा और चंचलता को जन्म देता है। इसके विपरीत, यदि चाय में सौंफ, इलायची या पुदीना जैसी शीतल और मेध्य (बुद्धि को शांत करने वाली) औषधियां मिलाई जाएं, तो यह मानसिक तनाव को शांत करने का एक उत्कृष्ट माध्यम बन सकती है। चाय को अपनी आदत या मजबूरी न बनाएं, इसे विवेक के साथ एक 'औषधि' की तरह स्वीकार करें। **-डॉ. कुलदीप सिंह चौहान आयुर्वेद मनोचिकित्सा विशेषज्ञ**



डॉ कुलदीप चौहान।

### इन लोगों को चाय जरूर बंद कर देनी चाहिए

#### एनीमिया यानी खून की कमी की स्थिति में

जिन्हें बहुत कड़क चाय पीने से या खाली पेट चाय पीने से एसिडिटी, गैस आदि हो की समस्या का सामना करना पड रहा है।जिन्हें चाय पीने के बाद घबराहट या दिल की धड़कन तेज होने जैसी दिक्कतें होती हैं।जिन्हें चाय पीने से नींद की समस्या, बहुत ज्यादा एंग्जायटी, माइग्रेन या अनियमित धड़कन यानी एरिथ्मिया की परेशानी हो।

#### खाली पेट चाय कभी न पिएं

सुबह उठते ही खाली पेट चाय पीना जठराग्नि (पाचन अग्नि) को नष्ट करता है, जिससे भयंकर एसिडिटी और गैस बनती है। हमेशा हल्का नाश्ता करने के बाद ही चाय लें।चाय के साथ पानी का सेवन: चाय पीने से ठीक पहले या तुरंत बाद।दूध वाली चाय में मौजूद टैनिन और कैफीन कुछ लोगों में आयरन को जज्ब करने से रोक सकते हैं या फिर बहुत कम कर सकते हैं। इसलिए एनीमिया वाले लोगों को भोजन, सलाद, फल आदि खाने के तुरंत बाद चाय पीने से बचना चाहिए। वहीं कई लोगों को खाली पेट बहुत कड़क चाय पीने से एसिडिटी, गैस, घबराहट या दिल की धड़कन तेज होने जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। जिन लोगों को नींद की समस्या, हाई एंग्जायटी, माइग्रेन या अनियमित धड़कन की परेशानी हो, उन्हें चाय सीमित करनी पड़ सकती है।

**स्थानांतरण** 43 नंबर पर रोगियों के लगेंगे एंटी रेबीज के टीके

# जिला अस्पताल के 41 नंबर में होगी रोगियों की ईसीजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में रोगियों की ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच कमरा नंबर 2 में नहीं, बल्कि 41 नंबर में होगी। जबकि 41 नंबर पहले रोगियों के एंटी रेबीज के टीके लगते हैं। अब टीके कमरा नंबर 43 में लगेंगे। यह परिवर्तन बुधवार से जिला अस्पताल प्रशासन से किया गया है। जबकि मौजूदा समय में अभी कमरा नंबर 2 पूर्ण रूप से खाली हो गया है यहां का सारा सामान 41 नंबर में शिफ्ट कर दिया गया है।

ईसीजी, ब्लड प्रेशर और शुगर चेक कराने के लिए रोगियों को कमरा नंबर 2 में आना पड़ता है। इससे रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने परिवर्तन किया है। जिला के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि ईसीजी, शुगर और ब्लड प्रेशर की सुविधा कमरा नंबर 2 से हटाकर कमरा नंबर 43, जबकि कमरा नंबर 41 के इंजेक्शन रूम को कमरा नंबर 43 में शिफ्ट कर दिया है।



जिला अस्पताल बंद कमरा नंबर 43। -जागरण मोर्चा

### जिला अस्पताल में हुई 734 ओपीडी

**रामपुर।** बुधवार को जिला अस्पताल में 734 रोगियों की ओपीडी हुई। मरीजों की भीड़ इतनी रही कि पर्चा-दवा काउंटर पर रोगियों की कतारें लगी रही। पर्चा बनवाने को रोगियों की लगी भीड़ में धक्का-मुक्की भी हुई। यही स्थिति चिकित्सकों के कक्षों की रही। भीड़ को नियंत्रण करने में गार्डों के पसीने छुट गए। सीएमएस डॉ .बीसी सक्सेना ने बताया कि मौसम में परिवर्तन होने की वजह से इन दिनों रोगियों की संख्या भीड़भाड़ है। इसलिए लोगों से अपील है कि बदलते मौसम के दृष्टिगत खान-पान का विशेष रूप से ध्यान रखें।

### श्री अग्रसेन महाराज की प्रतिमा का अनावरण आज

**बिलासपुर।** नगर के मुख्य चौराहे पर नगरपालिका द्वारा स्थापित कराई श्री अग्रसेन महाराज की प्रतिमा का गुरुवार शाम छह बजे लोकार्पण होगा। लोकार्पण मुख्य अतिथि उप्र सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मध निषेध विभाग करेगें। इसमें मुख्य रूप से नितिन अग्रवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होगें।कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना,भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, शाहबाद विधायक राजबाला, मिलक नगरपालिका चेयरमैन दीक्षा गंगवार,दर्जा राज्यमंत्री सूर्य प्रकाश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी और नगर पंचायत मसवासी के अध्यक्ष दिनेश गोयल भी शिरकत करेगें।

# स्वार में वकीलों ने लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैम्बर तोड़े जाने और अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों ने दूसरे दिन भी पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया है।

बुधवार को सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह संधू के नेतृत्व में वकीलों ने लखनऊ पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। वकीलों ने अधिवक्ताओं के चैम्बर तोड़े जाने और लाठीचार्ज की उच्च स्तरीय जांच कराने के साथ साथ वकीलों को चैम्बर उपलब्ध कराने, मुआवजा दिलाने, दोषी पुलिस कर्मियों पर तत्काल कार्यवाही कराने तथा वकीलों के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग की है। इस दौरान सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, आसिफ अंसारी, इरफान अहमद, मेहबूब अली, बृजकिशोर दिवाकर, सलीम अंसारी, सुंदर लाल, आरिफ अल्वी, आदिल, फारूक, संदीप सिंह संधू, अनुज गौतम, मुमताज़ मिया आदि वकील मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा





**एक नजर**

### महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाईः मुस्तफा

**रामपुर।** सहारनपुर में कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर जनता में जन आक्रोश है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन एडवोकेट ने निंदा करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार एक तरफ महिला सम्मान की बात करती है और दूसरी तरफ एक महिला जनप्रतिनिधि को पीड़ित की मदद करने पर प्रताड़ित कर रही है। जो पूरी तरह से तानाशाही और कानून का उल्लंघन है। मुस्तफा हुसैन ने पुलिस कार्यवाही की आलोचना करते हुए कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को गरिमा के साथ जीने और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है, जिसका पुलिस हिरासत में उल्लंघन नहीं किया जा सकता। पुलिस का काम हत्या के आरोपियों को पकड़ना है, न कि पीड़ित परिवार और उनके हक में आवाज उठाने वाली सांसद को हिरासत में लेना। लेकिन पुलिस ने एक महिला सांसद को हिरासत में लेकर महिला सम्मान को ठेस पहुंचाई है।

# लू के थपेड़ो से घर से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

## अधिकतम तापमान 50 सेल्सियस दर्ज किया गया

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिले में धूप और लू के थपेड़ों से लोग दिनभर परेशान रहे। तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।वहीं शाम पांच बजे के बाद जब धूप कम हुई। तब सड़कों पर चहल-पहल बढ़ी।

बुधवार को अधिकतम तापमान 50 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।प्रशासन ने भी आम लोगों को लू से बचने की सलाह दी है।जनपद में दो दिन से तापमान में वृद्धि का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 50 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। इस दौरान सरकारी कार्यालयों में भी आम लोगों की उपस्थिति कम रही।कर्मचारी कूलर के सहारे गर्मी से राहत पाने में जुटे रहे। तेज धूप और लू के थपेड़ों से बचने के लिए राहगीर



धूप से बचने को गांधी समाधि पर बच्चे को ढककर लेकर जाती मां। -जागरण मोर्चा

सिर पर रूमाल से ढके हुए थे। महिलाएं सिर पर मुंह को दुपट्टे से बांध रखी थी। जिससे लू न लगने पाए।शहर के बाजारों में भी दोपहर के समय सन्नाटा पसर गया। दुकानदार आधा शटर गिराकर कूलर और पंखा के सहारे गर्मी से बचाव करने को जुटे रहे। शाम पांच बजे के बाद चहल-पहल बढी।धूप और लू के कारण ग्राहक दोपहर में खरीदारी के लिए घर से बाहर नहीं निकले।

# लाइब्रेरी पांडुलिपियों, चित्रकलाओं, सुलेख तथा अन्य दुर्लभ धरोहरों के रूप में संरक्षितः डॉ. पुष्कर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय में भारतीय दूतावास, सऊदी अरब के समन्वय से राष्ट्रीय संग्रहालय, रियाद सऊदी अरब, रजा पुस्तकालय के मध्य पुस्तकालय में संरक्षित अरबी भाषा की पांडुलिपियों एवं कैलीग्राफी की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विशेषज्ञों के आदान-प्रदान, सेमिनार, अनुवाद एवं शोध से संबंधित विषयों पर बैठक आयोजित की।

इस अवसर पर रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि रजा पुस्तकालय केवल पांडुलिपियों एवं पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि भारत की साझा सांस्कृतिक एवं बौद्धिक परंपरा का जीवंत केंद्र है। कहा कि भारत और अरब जगत के मध्य सदियों पुराने सांस्कृतिक एवं ज्ञान संबंधों को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए ऐसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग



बैठक को संबोधित करते रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र।

आवश्यक हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल पांडुलिपि संरक्षण,शोध,अनुवाद, डिजिटलीकरण एवं सांस्कृतिक संवाद के क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी तथा भारत और सऊदी अरब के मध्य सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। भारत एक जीवंत परंपराओं का देश है, जिनका इतिहास पांच हजार वर्षों से भी अधिक पुराना है। हमें इन समृद्ध परंपराओं से पुनः जुड़ने की आवश्यकता है। लाइब्रेरी में ये परंपरा पांडुलिपियों, चित्रकलाओं, सुलेख तथा अन्य दुर्लभ धरोहरों के रूप में संरक्षित हैं। इन ज्ञान एवं संस्कृति की जीवंत परंपराओं को वैश्विक स्तर पर प्रसारित एवं प्रोत्साहित करते हुए रज़ा लाइब्रेरी स्वयं को कला, शिक्षा एवं धरोहर संरक्षण के एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित करेगी। नवाबों के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि नवाबों ने इस किले की सुंदर एवं ऐतिहासिक इमारतों को ज्ञान की उत्कृष्टता जैसे महान उद्देश्य के लिए समर्पित किया, कहा कि रजा पुस्तकालय, रियासत के भारत संघ में विलय के पश्चात एक ट्रस्ट के अधीन आ गया था। वर्ष 1975 में भारत सरकार ने संसद द्वारा पारित रजा पुस्तकालय अधिनियम 1975 के माध्यम से इसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया। इस पुस्तकालय का संचालन रजा पुस्तकालय बोर्ड द्वारा किया जाता है, जिसके अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के राज्यपाल होते हैं। पुस्तकालय को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूर्ण वित्तीय सहायता प्राप्त होती है, साथ ही राजस्व के अन्य स्रोत भी हमारे लिए उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में अरबी संग्रह की जानकारी देते हुए कहा कि पुस्तकालय संग्रह में सबसे पुरानी पांडुलिपि हजरत अली इमाम अली द्वारा पार्चमेंट पर हस्तलिखित 7 वीं सदी की कुरान है।

# एसडीएम न्यायिक के स्थानांतरण की मांग, धरना जारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलासपुर।** तहसील के वकीलों ने बुधवार को भी एसडीएम (न्यायिक) के स्थानांतरण की मांग को लेकर धरना दिया।इस दौरान एसडीएम (प्रशासन) की पहल पर वकील वार्ता के लिए राजी हो गए, लेकिन एसडीएम (न्यायिक) के न आने के कारण शाम तक कोई वार्ता बैठक नहीं हो सकी।

लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने बुधवार को भी सुबह करीब 11 बजे तहसील के मुख्य भवन में एसडीएम कार्यालय के बाहर दरी बिछाई और धरने पर बैठ गए। इसके उपरांत वकीलों ने नारेबाजी



बिलासपुर में धरना देते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

करते हुए एसडीएम (न्यायिक) के अविलंब स्थानांतरण की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने दोहराते हुए कहा कि एसडीएम (न्यायिक) पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और उनका यहां से स्थानांतरण होना ही चाहिए, क्योंकि कोई भी अधिवक्ता उनके न्यायालय में कार्य करने के लिए तैयार नहीं है। अब इस मुद्दे को लेकर मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से मिला जाएगा और शीघ्र ही आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। धरने के दौरान एसडीएम (प्रशासन) अरुण कुमार ने लायर्स पदाधिकारियों को बुलाकर वार्ता से समाधान निकालने का सुझाव दिया। इस पर वकील, एसडीएम (प्रशासन) की मध्यस्थता में बातचीत के लिए राजी हो गए, लेकिन शाम तक एसडीएम (न्यायिक) नहीं आए और बैठक नहीं हो सकी। शाम को लायर्स अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि कोई वार्ता बैठक नहीं हुई है और उनका विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। इस मौकें पर प्रवेश कुमार चौहान, विमल सक्सेना, हरीश चंद्र गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, अब्दुल मोबीन अंसारी, फईम अहमद, जिया उल अंसारी, भगवंत सिंह, अमान खां, राशिद अली, रोहित गुप्ता, मुनीश चन्द गुप्ता, अब्दुल फरीद, गौहर अली, मुस्तफा हुसैन अंसारी, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## आज दो घंटे को बंद रहेगी बिजली

**रामपुर।** बिजनेस प्लान के तहत 33/11 केवी उपकेंद्र अम्बेडकर पार्क की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत ट्रांसफार्मर की क्षमता 1x5 एमवीए से बढ़ाकर 2x5 एमवीए की जाएगी। इस विकास कार्य के चलते सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक दो घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी (तकनीकी) एम.वी. सिंह ने बताया कि इस दौरान नूरमहल कॉलोनी, कोठी खास बाग, वीआईपी कॉलोनी और नवाब गेट उपकेंद्र से जुड़े सभी क्षेत्रों में बिजली नहीं आएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय रहते अपने जरूरी घरेलू कार्य पूरे कर लें ताकि परेशानी न हो।

# अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलासपुर।** हाईवे स्थित होली चाइल्ड स्कूल के ऑडिटोरियम में अलंकरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा के ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इसके पश्चात बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर भक्तिभाव पूर्ण नृत्य एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे द्वारा नव निर्वाचित छात्र संघ के सदस्यों को पद एवं दायित्वों के प्रति शपथ ग्रहण कराई। नवगठित छात्र संघ में एडवाइजर-लावन्या सक्सेना, हेड बॉय ईशान शुक्ला, हेड गर्ल रिद्धि अरोरा, डिप्टी हेड




कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

बॉय शोर्य साहनी, डिप्टी हेड गर्ल साक्षी जोशी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख हिमांशी कक्कर चयनित किए गए। स्पोर्ट्स कैप्टन लक्ष कुमार यादव व याशिका गौतम, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन रुद्राक्ष नारंग व अलीशा सामंत चयनित किए गए। इसके साथ-साथ ही हाउस कैप्टन, सूचना प्रौद्योगिकी क्लब एवं अनुशासन प्रमुख का भी चयन किया गया। वाइस सचिव ने नवनिर्वाचित छात्र संघ को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, उप प्रधानाचार्या मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 'जनता की सेवा मेरा पहला कर्तव्य'

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपने कैंप कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी।उनका निस्तारण शीघ्र किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा पहला कर्तव्य है हर फरियादी की समस्या का समय से निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।

बुधवार को स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने स्वार बिलासपुर मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय पर जनता दरबार लगाते हुए दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान सड़क बनवाने के लिए, पेंशन बनवाने, राशन कार्ड बनवाने, बिजली सुचारू रूप से दिलाए जाने, पेयजल आपूर्ति समय से दिलाए जाने,




लोगों की समस्याएं सुनते विधायक। -जागरण मोर्चा

▶ विधायक ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्या

आदि समस्याएं सुनी।विधायक ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर निस्तारण करने से अवगत कराया। और फरियादियों को उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र होने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कि जनता की सेवा ही मेरा पहला कर्तव्य है और उनकी समस्या का निस्तारण करना मेरी पहली प्राथमिकता।इस दौरान जनता दरबार में लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष दीपक कुमार नागर, नाहिद खा, हामिद अल्वी, सहित भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## इंस्पेक्टर, दरोगा सहित कई पुलिस कर्मियों के तबादले

**रामपुर।** एसपी सोमेंद्र मीणा ने बुधवार को कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं। इसमें निरीक्षक, उपनिरीक्षक (दरोगा), हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल हैं। तबादलों के तहत सर्विलांस सेल का कार्यवाहक प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार को बनाया गया है, जबकि सुनील कुमार को शाहबाद से पुलिस लाइन भेजा गया। निरीक्षक नरेश पाल सिंह को जन सूचना सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा संजय कुमार यादव को बिलासपुर, विनोद कुमार को साइबर थाना, गंगासरन को सैफनी, सर्वेश सिंह व धीरेंद्र कुमार को स्वार थाना भेजा गया है। सत्यप्रकाश और देवपाल को पटवाई तथा विनोद और चंद्रपाल को मिलक खानम स्थानांतरित किया गया है। कई कांस्टेबलों के भी कार्यक्षेत्र बदले गए हैं।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मसवासी।** ऑनलाइन दवा बिक्री और फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन के विरोध में बुधवार को मसवासी समेत जिलेभर के दवा व्यापारियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया।

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आयोजित आंदोलन में फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन रामपुर के नेतृत्व में दवा व्यापारियों ने हिस्सा लिया। व्यापारियों ने कहा कि बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श के ऑनलाइन दवा बिक्री जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन




रही है। साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की डिस्काउंट नीति से छोटे दवा व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है।व्यापारियों ने अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक, बिना वैध ई-प्रिस्क्रिप्शन दवा वितरण बंद करने तथा संबंधित अधिसूचनाएं वापस लेने की मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, महेश कुमार मौर्य, अमित सक्सेना, मनोज कुमार, विशेष कुमार, अरुण कुमार, प्रेम सिंह मौर्य, रवि मौर्य, विकास कुमार, अभय गुप्ता और नदीम अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद के सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन,181 (महिला हेल्पलाइन),112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में समझाया।

**भक्ति** | मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हो रहा आयोजन

# शक्तिशाली राजा–महाराजाओं का अभिमान चूर हुआ

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हो रही भागवत कथा में तीसरे दिन कथा में गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति,हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। उसके बाद भजन कीर्तन करते हुए पुरोहित पंडित रानू पाठक, गोपाल शुक्ला, इंद्रेश मिश्रा, पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने शांति पाठ किया। भजन कीर्तन के बाद रस कथा सुनाते हुए कथा वाचक देवव्रत शुक्ला ने कहा कि इस संसार में विशेषकर सनातन धर्म संस्कृति में कितना भी शक्तिशाली राजा,महाराज देवराज इन्द्र जैसा प्रतापी सम्राट या महान तपस्वी राजा क्यों न हो अभिमान से अहंकार से चूर हुआ है। ब्राह्मण



कथा में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा

संत महात्मा तपस्वी स्त्री आदि का अपमान किया तिरस्कार किया है, तो उसकी संपत्ति शक्ति महानता धूल में मिल जाती है। यह अमृत कथा सुनाते हुए बताया कि किसी को भी यह जहर मिटाने में देर नहीं लगाई है।

कथावाचक देवव्रत शुक्ला ने बताया कि भागवत महापुराण में महान तपस्वी मुनि कपिल मुनि थे,जो पूजा अर्चना करते हुए अपना जीवन जप तप में लीन रहते थे। वह किसी भी देव दानव मानव जीवन जन्तु जगत में शामिल किसी भी प्राणी से द्वेष भावना से ग्रस्त नहीं थे, फिर भी राजा सगर के साठ हजार पुत्र राजा के घोड़े को खोज रहे थे।अवसरवादी देवराज इन्द्र ने उस घोड़े को पकड़ कर तपस्वी मुनि कपिल मुनि के पास पेड़ पर बांधने के बाद अपने लोक देवलोक गमन कर गए। व्यास ने बताया कि इस संसार में मानव अपनी जरा सी सफलता प्राप्त होती है तो उसकी सफलता की। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रदीप कुमार अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, विष्णु शरण अग्रवाल, गोविंद गुप्ता, सीमा, मधु, राम नाथ गुप्ता, राज रानी गुप्ता, अनिल कुमार रस्तोगी, ऊषा रानी रस्तोगी, रचना अग्रवाल, सुधीर वंसल, नीता गुप्ता, नंदा देवी, शांति, गीता, सरोज आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बुधवार को रोजाना की तरह अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने एसपी के सामने अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। एसपी ने सभी पीड़ितों की बातों को बेहद गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के कड़े दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई की शिकायतों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिलाया जाएगा।

# नाम सुमिरन से कटते हैं सब संकटः आचार्य

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मिलक।** किड्स प्राइड अकादमी परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास श्रीमदभागवताचार्य सारंग कृष्ण ब्रजवासी ने भगवान की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब मनुष्य अपने जीवन में भगवान का स्मरण करता है, तब-तब उसके जीवन के दुख एवं संकट स्वतः दूर होने लगते हैं।

कथा के दौरान दक्ष-सती प्रसंग एवं भगवान राम के प्राकट्य की कथा सुनाई। भक्तों पर भगवान की कृपा तथा धर्म के महत्व का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य प्रकाश



मिलक में हो रही भागवत कथा सुनाते आचार्य सारंग। -जागरण मोर्चा

है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण ही सबसे बड़ा सहारा है। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन एवं संगीतमय प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति रस में झूम उठे और पूरा पंडाल राधे-राधे एवं जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुंदर व्यवस्थाएं की गईं। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में पहुंचे। कथा के समापन पर आरती भोग उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से आगामी दिवसों की कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। रामचंद्र अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, देवेश शुक्ला, अवधेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


मारपीट में घायल। –जागरण मोर्चा

## दहेज विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव में दहेज की मांग को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि चार वर्ष पूर्व ब्याही पीड़िता को ससुराल पक्ष के लोग आए दिन प्रताड़ित करते थे। पीड़िता की शिकायत पर जब मायके पक्ष के लोग समझाने पहुँचे, तो ससुराल पक्ष ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया।

वहीं, दूसरी ओर पति का आरोप है कि उसकी पत्नी परिजनों से अभद्रता करती थी और मायके वालों ने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी, मारपीट में सुंदर नितेश इंद्रपाल घायल हो गए जबकि मैं के पक्ष की ओर से ससुर नन्हे सिंह भी घायल हुए हैं। दोनों पक्षों के ओर से एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी गई थी जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति भंग में निरुद्ध कर दिया है।

थाना अध्यक्ष संजय प्रताप ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। घायलों को इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर बहजोई स्थित जिला मुख्यालय परिसर पंचायत संपन्न

### भाकियू टिकैत का हरिद्वार में 15 से 18 जून तक लगेगा राष्ट्रीय चिंतन शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत बहजोई स्थित जिला मुख्यालय परिसर के बरामदे में संपन्न हुई। जिसमें संगठन विस्तार व 15 से 18 जून तक वाआईपी घाट हरिद्वार गंगा तट पर होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शामिल होने वाले जनपद के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से रखने की बात कही। साथ ही भाकियू की ग्राम इकाई गठित कर संगठन करने पर चर्चा कर रणनीति बनाई।


भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत में बोलते प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव। –जागरण मोर्चा

बुधवार को बहजोई स्थित जिला मुख्यालय परिसर के बरामदे में हुई पंचायत को संबोधित करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि 12 मई भाकियू टिकैत के प्रतिनिधि मडंल ने जनपद की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा था। जिसमें जनपद के जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने तत्परता दिखाते हुए कई समस्याओं का समाधान कराया है। जिला सहकारी बैंक में जो 7 प्रतिशत ब्याज दर पर वसूली की जा रही थी। उसको शासन स्तर से 3 प्रतिशत ब्याज दर वसूली का आदेश जारी हो गया। उन्होंने कहा कि भाकियू के कार्यकर्ता व पदाधिकारी गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाए। 15 जून को हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट लेकर आएं। पंचायत में कहा कि बिजली कटौती से जनपद के किसानों की फसलें सुखने के कगार पर पहुंच गई है। मगर शीघ्र ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भाकियू अधीक्षण अभियंता कार्यालय अनिश्चित कालीन आंदोलन करेंगे। पंचायत में विद्युत विजिलेंस के द्वारा किसानों का उत्पीड़न भ्रष्टाचार पर गंभीर मंथन किया गया और विद्युत विजिलेंस के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर चंद्रपाल सिंह यादव, महेश यादव, रामवीर सिंह यादव, देशराज यादव, वीरेंद्र सिंह, अमर सिंह राजपूत, डा. दिनेश कुमार, डा. पुरेंद्र सिंह यादव, राजेश कुमार, मुकेश यादव, राहत जहां सैफी, गायत्री यादव, मुनेंद्र सिंह, महेश यादव, दुर्गपाल कुशवाह, किशन, गोपाल, आजाद मलिक आदि मौजूद रहे।


नगर पालिका के ईओ को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समाज के लोग। –जागरण मोर्चा

## बकरा ईद पर नगर पालिका से की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग

- मुस्लिम संगठनों ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** ऑल इंडिया उलेमा व मशएख बोर्ड तथा जनता जागरुक समिति की ओर से नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें 28 मई को मनाई जाने वाली बकरा ईद पर सफाई व्यवस्था व पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से देने की मांग की गई।

कहा कि बकरा ईद का त्योहार तीन दिन तक मनाया जाता है, जिसमें इबादत के साथ-साथ कुर्बानी की रस्म अधा की जाती है। कुर्बानी के जानवरों का मलबा हर वर्ष नगर पालिका के सफाई कर्मचारी उठाकर नगर पालिका द्वारा बनाए गए गड्ढों में डाल देते हैं। इसी प्रकार इस वर्ष भी नगर पालिका द्वारा नगर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में तीन दिन सफाई व्यवस्था का इंतजाम किया जाए।

साथ ही त्योहार पर पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है, इसलिए सुबह 6 बजे से 12 बजे तक नगर को पानी से कटौती मुक्त रखा जाए। ईदगाह पर सफाई का इंतजाम हर वर्ष की तरह इस बार भी कराया जाए। नगर पालिका के ईओ ने सफाई व्यवस्था व पानी के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में शाह आलम मंसूरी, हाफिज मतीन अशरफी, हाफिज फहीम, रियाज अहमद, सूफी अबरार, रोमन कैफ अशरफी आदि मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बझाने को वितरित किए गए सकोरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय विद्या परिषद की नगर इकाई की ओर से सकोरा अभियान चलाया गया। अभाविप के पदाधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंच तेज धूप व गर्मी से व्याकल पक्षियों के पानी पीने के लिए सकोरे वितरित किए। इस अभियान का उद्देश्य भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना व समाज में जीव-जन्तुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देना है। बताया गया कि विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मकाल में यह अभियान संचालित करती हैं, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को पक्षियों और पर्यावरण के प्रति जागरुक किया जाता है। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपने घरों, छतों व आसपास के स्थानों पर सकोरा रखकर नियमित रूप से पानी भरने की अपील की। ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने को पानी उपलब्ध सके। नगर मंत्री आशीष ने कहा कि मानव जीवन के साथ-साथ पक्षियों एवं अन्य जीवों की सुरक्षा और देखभाल भी हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। सकोरा अभियान इसी संवेदनशील सोच को समाज तक पहुंचाने का एक प्रयास है। इस अवसर पर अमित कुमार, नईम, विकास, राजा, रिंकू, अमन आदि मौजूद रहे।


उपनिरीक्षक को सकोरा भेंट करते अभाविप के कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

## न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी को सुनाई 20 वर्ष की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी पाए जाने पर एक दोषी को 20 वर्ष का कारावास व 58 हजार रुपये से दंडित किया है। जबकि दूसरे युवक को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया है। उक्त थाना बनियाठेर क्षेत्र का है। एक व्यक्ति ने 21 मई 2024 को थाना बनियाठेर में तहरीर दी। जिसमें कहा कि उसकी पुत्री कक्षा 7 की छात्रा है। कल रात 9 बजे वह अपने घर का दरवाजा बंद करने गई थी। उसी समय युवक पुलकित व एक अन्य युवक गेट से खींच कर बाइक पर बैठाकर ले गए। किशोरी की चीख सुनकर उसकी पत्नी बाहर आई। उसने उन्हें पकड़ने की कोशिश की। वह पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उस समय वह अपने गांव में था। पत्नी ने फोन से सूचना दी, वह तुरंत अपने घर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पंजीकृत कर लिया और मुकदमें की विवेचना आरंभ कर दी। विवेचक ने विवेचना के उपरांत चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। जिसमें न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना। न्यायालय ने पुलकित को पाक्सो एक्ट में दोषी पाया। जिसे न्यायालय ने 20 वर्ष का कारावास व 58 हजार रुपये से दंडित किया है। जबकि दूसरे युवक भोला उर्फ अजय को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया है।

## पुलिस कर्मियों ने पंपलेट बांट महिला व बालिकाओं को सरकार की हेल्पलाइन नंबरों को लेकर किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालंबन के लि मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडिल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, सीओ चन्दौसी एवं सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में बुधवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया।


स्टेशन पर महिलाओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो टीम। –जागरण मोर्चा

एंटी रोमियों की टीम की पुलिस कर्मियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया। मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों एवं कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## आंधी-तूफान से बागवानी फसलों में हुई क्षति की सूचना दो दिवस में दें किसान : सौरभ बंसल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** विगत दिनों आई तेज आंधी एवं तूफान के कारण जनपद में बागवानी फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। प्रभावित फसलों में आम, अमरुद, केला, पपीता, टमाटर, लौकी, तोरई, फूलगोभी, बैंगन, शिमला मिर्च, भिंडी, खीरा आदि शामिल हैं।

इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि जिन कृषक भाइयों की फसलें आंधी-तूफान से प्रभावित हुई हैं, वे अपनी सूचना एवं प्रार्थना पत्र आगामी दो दिवसों के भीतर जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, मझावली बहजोई रोड में जमा कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से कहा गया है कि वे सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक कार्यालय पहुंचकर अपनी क्षति की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि विभाग द्वारा अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सके। प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी ने आगे बताया कि अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान सहायक उद्यान निरीक्षक मौहम्मद आमिर से मोबाइल नंबर 9411274455 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा किसान जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, बीनस शुगर मिल्स के सामने, मझावली में भी संपर्क कर सकते हैं। अंत में उन्होंने किसानों से अपील की कि समय रहते अपनी क्षति की सूचना विभाग को अवश्य उपलब्ध कराएं, जिससे शासन स्तर से सहायता संबंधी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

# विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ियों का विद्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एबीसी मांटेसरी स्कूल ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** सनवे प्ले स्कूल में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियशनशिप में रामपुर, मुरादाबाद व जनपद संभल की कई प्रतिभाशाली टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


ताइक्वांडो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करता विद्यालय स्टाफ। –जागरण मोर्चा

प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों में दिव्यांशी, सात्विक, तनिष्क, पूर्णिमा, अभिराज, एविशा, श्रावणी एवं शुभ शामिल रहे। वहीं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों में मनन, अनाशवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा ब्रांज मेडल प्राप्त करने वालों में दर्श व ऐश चौधरी शामिल रहे।

सभी विजेता बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का मान बढ़ाया है। ताइक्वांडो प्रशिक्षक अंकुश राणा द्वारा बच्चों को ताइक्वांडो का प्रदर्शन दिलाया जा रहा है। कोच ने कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, अनुशासन व निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ मानसिक रूप से भी आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाता है। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय परिसर में विजेता बच्चों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी। कहा कि विद्यालय बच्चों के शैक्षिक विकास के साथ-सात खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी महत्व देता है, ताककि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## ईंट भट्टे पर महिला से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित एक ईंट भट्टे पर मंगलवार की रात का है मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित एक ईंट भट्टे पर एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़िता के पति की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपी को पकड़ने में जुट गई है।

बदायूं जनपद के थाना इस्लामनगर क्षेत्र निवासी एक दंपति कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित विकास ईंट भट्टे पर चौकीदारी का काम करते हैं और वहीं रहकर मजदूरी करते हैं। पीड़ित पति द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मंगलवार रात करीब 8:30 बजे भट्टे पर भट्टा स्वामी व उसके साथ दो दोस्त पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने उसको शराब लेने के बहाने बाहर भेज दिया। इसी दौरान कमरे में अकेली मौजूद उसकी पत्नी के साथ आरोपी भट्टा स्वामी के एक दोस्त ने जबरन दुष्कर्म किया। जब वह वापस लौटा तो पत्नी ने रोते हुए उसको पूरी घटना की जानकारी दी। घटना के बाद पीड़ित पति पत्नी के साथ कोतवाली पहुंचा और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी नसीम वतौला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश जारी है और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण समेत अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**विरोध** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने राज्यमंत्री गुलाव देवी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

## आनलाइन फार्मेसी के विरोध में दवा व्यापारियों का एक दिवसीय बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** आल इंडिया एसोसिएशन आफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर आनलाइन फार्मेसी के विरोध में दवा व्यापारियों ने बुधवार को अपनी दुकानें पूर्ण रूप से बंद रखीं और एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद का समर्थन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शहर के सभी दवा विक्रेता फव्वारा चौक पर एकत्रित और दर्शन किया। इस दौरान दवा व्यापारियों ने कहा कि आनलाइन फार्मेसी के बढ़ते अवैध संचालन से लाखों खुदरा दवा विक्रेताओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। बड़ी आनलाइन कंपनियों द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट के कारण पारंपरिक मेडिकल स्टोर बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं, जिससे हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आनलाइन प्लेटफार्म्स पर बिना वैध डाक्टर पर्चे के दवाओं की बिक्री की जा रही है, जिससे जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बढ़ रहा है। विरोध प्रदर्शन के बाद सभी दवा विक्रेताओं ने शहर में जुलूस निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। व्यापारियों ने फार्मेसी बंद करो, दवा व्यापार बचाओ और जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बंद करो जैसे नारे लगाते हुए सरकार से आनलाइन दवा बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इसके उपरांत केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यमंत्री गुलाव देवीको मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि आनलाइन फार्मेसी पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, नियमों का उल्लंघन करने वाले आनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो तथा छोटे और मध्यम दवा व्यापारियों के संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाई जाए। इस दौरान अध्यक्ष डा. अमित कुमार अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, पायल मल्होत्रा, नवनीत कुमार शर्मा, प्रिंस मल्होत्रा, निशांत कुमार, संजय, कपिल अरोरा, अमित अग्रवाल,सुमित कुमार, राहुल वैद्य, रतन कुमार, संजय कुमार, राकेश कुमार, अमित गुप्ता, पिंटू मौर्य, अनुज कुमार वार्ष्णेय, दीपक शर्मा, बब्बलू चौहान, प्रशांत कुमार, राकेश गुप्ता, नीरज,सुनील वार्ष्णेय पंकज, प्रभात, गौरव, सुनील चौहान आदि शामिल रहे।


माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपते केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

## नशे की लत में युवक ने चाकू से काटी हाथ की नस

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** कोतवाली नगर के मोहल्ला एक नशेडी युवक ने हाथ की नस काट ली। घायल को उपचार के लिए परिजनों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने नशे की लत के चलते बुधवार की दोपहर घर के बाहर खुद पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के छोटे भाई ने बताया कि युवक काफी समय से नशे की लत का शिकार था। बुधवार को अचानक उसने घर के बाहर आकर चाकू से अपने हाथ की नश काट ली, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है।

## परामर्श केंद्र पर 8 पत्रावली का निस्तारण 2 परिवारों को मिलाकर कराया समझौता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज कुमार रावत के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक बैठक बुधवार को नगर के गौशाला रोड पिंक चौकी स्थित परामर्श केंद्र पर संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र थानाध्यक्ष डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया। जहां कुल 23 पत्रावली को सुना गया, जिसमें से 8 पत्रावली का निस्तारण किया गया और 2 परिवारों को पुनः मिलाकर समझौता कराया गया। इसके साथ 6 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से उनको बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


परिवार परामर्श सुलह समझौता केन्द्र पर विवादों का निस्तारण करती पुलिस।

**एक नजर**

### किसान दिवस में उठा बिजली और गन्ना भुगतान का मुद्दा

**मुरादाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने बिजली आपूर्ति, गन्ना भुगतान और खराब सड़कों समेत विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। किसानों ने अधिकारियों को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, जिससे खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही कई चीनी मिलों पर किसानों का गन्ना मूल्य बकाया होने से आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं। किसानों ने मांग की कि जिन चीनी मिलों पर भुगतान लंबित है, उनसे जल्द बकाया राशि दिलाई जाए। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने की भी मांग उठाई गई। किसान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और सभी विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# आगे चल रही बैलगाड़ी से टकराई बाइक, संभल निवासी हलवाई की मौत

## पतेई भूड़ लिंक मार्क पर हुआ हादसा, दोस्त घायल, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** लिंक मार्ग पर आगे चल रही बैलगाड़ी की टक्कर से बाइक सवार हलवाई की मौत हो गई जबकि, दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।


मृतक का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार जनपद संभल के एचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव बाबूखेड़ा निवासी जयप्रकाश पुत्र महेंद्र शादी ब्याह में हलवाई का कार्य करता है। उसके कुछ रुपए कोतवाली क्षेत्र के गांव रझोंहा निवासी एक व्यक्ति पर उधार चल रहे थे। मंगलवार रात रूपयों को वापिस लेकर वह गांव निवासी अपने दोस्त रवि के साथ बाइक से पतेई भूड़ लिंक मार्ग से होकर गांव लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक पतेई भूड़ के नजदीक पहुंची कि आगे चल रही बैलगाड़ी से टकरा गई। हादसे में 28 वर्षीय जयप्रकाश की मौके पर मौत हो गई जबकि, रवि घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। जबकि, घायल रवि को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। खबर लगते ही जयप्रकाश के परिजन सीएचसी पहुंच गए। परिवार में कोहराम मच गया।


मृतक के परिजनों से जानकारी करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

जयप्रकाश के परिवार में पत्नी बबली व दो बच्चे हैं। माना जा रहा है कि बाइक कि लाइट कमजोर होने की वजह से हादसा हुआ। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि बैलगाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हुई है जबकि, उसका साथी घायल हुआ है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### चंचल कुमार बने किसान गौ रक्षक सेवा दल के जिला अध्यक्ष

**जागरण मोर्चा कार्यालय, मुरादाबाद।** सामाजिक, धार्मिक एवं गौ सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा समाजसेवी चंचल कुमार को किसान गौ रक्षक सेवा दल द्वारा मुरादाबाद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने उनके समाजहित एवं गौ संरक्षण के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से संगठन के कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर देखने को मिली। चंचल कुमार लंबे समय से गौ माता के संरक्षण, भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा सामाजिक जागरूकता को लेकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने गाय एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित कई लघु फिल्मों और सामाजिक संदेश देने वाली वीडियो का निर्माण किया है, जिन्हें लोगों द्वारा काफी सराहना मिली है। उनका मुख्य उद्देश्य समाज को भारतीय परंपराओं, संस्कारों और गौ सेवा से जोड़ना है। बताया जाता है कि चंचल कुमार विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के भीतर भारतीय संस्कृति, संस्कार और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं।




बैठक में उपस्थित किसानों को संबोधित करते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

## भाकियू असली ने किसानों की समस्याओं को लेकर किया बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक बैठक का आयोजन किसानो की समस्याओं को लेकर किया गया, बैठक में क्षेत्र मैं हो रहे अवैध खनन के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए प्रशासन से अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

बुधवार को नगर के अमरोहा मार्ग स्थित नगर की मंडी समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान किसानों में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को लेकर भारी रोष दिखाई दिया, उनका कहना था कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के चलते बच्चों के माता-पिता का शोषण हो रहा है। इसी के साथ बैठक में यूरिया खाद आदि की कमी के चलते किसानों को हो रही परेशानी एवं भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात कही गई। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवहान पर ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह को जिला उपाध्यक्ष घोषित किए जाने पर फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।बैठक में परम सिंह ,कमल सिंह, रणवीर सिंह, महेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, रमेश, शेर सिंह, गंगा शरन, राहुल चौधरी, ओम प्रकाश, गोवर्धन, मोहम्मद उमर ,गोपीचंद ,सरमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## गुर्जर समाज पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र सिंह पप्पू द्वारा गुर्जर समाज के प्रति की गई कथित अपमानजनक और अमर्यादित टिप्पणी को लेकर क्षेत्र के गुर्जर समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को आक्रोशित समाज के लोगों ने उप-जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि एक जिम्मेदार पद पर रहे व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक रूप से जातिसूचक और अभद्र भाषा का प्रयोग करना बेहद निंदनीय है। इससे न केवल गुर्जर समाज की भावनाओं को ठेस पहुँची है, बल्कि सामाजिक सौहार्द भी बिगड़ने का खतरा है। चेतावनी दी गई कि यदि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो समाज शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए विवश होगा। ज्ञापन देने वालों में डॉ दिग्विजय भाटी, अमरजीत सिंह गुर्जर, सोनू गुर्जर, कुलदीप गुर्जर, धर्मपाल यादव, नन्हे यादव और गौतम गुर्जर, मंथन सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


गुर्जर समाज के लोग एसडीएम को ज्ञापन देते हुए। -जागरण मोर्चा

## पीली मिट्टी निकालते समय ढही तालाब की दीवार, दो महिलाओं की गई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** बिलारी क्षेत्र के गांव समाथल में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। तालाब किनारे से पीली मिट्टी निकाल रही तीन महिलाएं अचानक मिट्टी की बड़ी ढांग खिसकने से उसके नीचे दब गईं। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव के लोगों के अनुसार सुबह करीब सात बजे कई महिलाएं घरों की लिपाई के लिए तालाब से मिट्टी लेने पहुंची थीं। इसी दौरान माला देई, सुनीता और रामवती तालाब के किनारे गहराई में मिट्टी काट रही थीं। लगातार खुदाई के चलते मिट्टी की परत कमजोर हो गई और अचानक भरभराकर ढह गई। देखते ही देखते तीनों महिलाएं मिट्टी के मलबे में दब गईं। घटना के वक्त पास में मौजूद बच्चों ने शोर मचाते हुए गांव में जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े और फावड़ों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद महिलाओं को बाहर निकाला गया और निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने माला देई और सुनीता को मृत घोषित कर दिया, जबकि रामवती की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस भी गांव पहुंच गई और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में हसनपुर के केमिस्टों की एक दिवसीय हड़ताल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** इंटरनेट के माध्यम से हो रही अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर क्षेत्र की सभी दवा दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के निर्देश पर आयोजित इस एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के बाद दवा व्यापारियों ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार अग्रवाल और महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि बिना स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के ऑनलाइन कंपनियां फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन और अत्यधिक छूट के सहारे घर-घर दवाएं पहुँचा रही हैं। यह न सिर्फ जनस्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है, बल्कि देशभर के लाखों लाइसेंसधारी छोटे केमिस्टों के अस्तित्व पर भी सीधा संकट है। दवा विक्रेताओं ने मांग की है कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और अ नियंत्रित होम डिलीवरी पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही कोविड काल की आपातकालीन अधिसूचनाओं को वापिस लेकर छोटी दुकानों का संरक्षण किया जाए। केमिस्टों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में संदीप अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, सुधीर चौहान, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद नासिर, फरीद बाबा, फिरोज खान, जावेद , निजाम, फैसल, भीमसेन रोहित, अमित, मोहम्मद शारिक, मोइन खान, सोहेल, मोहसिन, जाहिद, शानू खान, पवन आदि केमिस्ट मौजूद रहे।


दवा विक्रेता एसडीएम को ज्ञापन देते हुए। -जागरण मोर्चा

## डीएम ने सुनी लोगों की फरियाद, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण करने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, राजस्व मामले, बिजली, पुलिस कार्रवाई, पेंशन, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं समेत विभिन्न शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पहुंचे फरियादियों ने विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याएं भी जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। डीएम ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान होना चाहिए और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने कई लंबित मामलों की प्रगति रिपोर्ट भी तलब की और अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभाग जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे और प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की।

## संदिग्ध परिस्थिति में कीटनाशक खाने से महिला की मौत

### शव आंगन में रखकर 18 घंटे चलती रही पंचायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- समझौता न होने पर मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए किया हंगामा
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा



**हसनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक के सेवन से महिला की मौत हो गई। शव को ससुराल में रखकर मायके व ससुरालयों के बीच करीब 18 घंटे तक पंचायत चली। समझौता न होने पर मंगलवार शाम सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मायके वालों ने दहेज के लिए जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

जानकारी के मुताबिक थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव भूवरा निवासी पति प्रदीप से अनबन के बाद सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थिति में यशोदा ने कीटनाशक खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। खबर लगते ही जनपद संभल के थाना बहजोई के खेतापुर निवासी मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। करीब 25 वर्षीया यशोदा के शव को ससुराल में लाकर रख दिया। मायके वालों ने कार्रवाई की बात कही तो कुछ जिम्मेदार लोग दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने में जुट गए। मंगलवार शाम तक कई दौर में पंचायत चली। यशोदा के दोनों बच्चों के नाम भूमि का बैनामा करने का प्रस्ताव भी रखा गया। कोई समझौता नहीं हुआ तो मंगलवार शाम मायके वालों ने पुलिस को खबर कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस दौरान मायके वालों ने दहेज के लिए जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

बताया जा रहा है कि यशोदा की शादी करीब 6 वर्ष पूर्व प्रदीप से हुई थी। दंपति पर दो बच्चे हैं। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना अध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

## मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन, कलक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** विभिन्न लंबित मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सिविल लाइंस स्थित अंबेडकर पार्क से कलक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया।

यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि 6 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई वार्ता में कई मांगों पर सहमति बनने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर 2025 से चल रहे आंदोलन के दौरान 13 सूत्रीय मांगपत्र पर बातचीत हुई थी, जिसमें राज्य वित्त से मिलने वाली 1500 रुपये की राशि बढ़ाकर 6000 रुपये किए जाने, मातृत्व अवकाश, साप्ताहिक एवं राष्ट्रीय अवकाश, स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा राशि बढ़ाने सहित कई मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक उनका क्रियान्वयन नहीं हुआ। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड, आभा आईडी, कुष्ठ रोग, टीबी अभियान, संचारी रोग अभियान समेत विभिन्न योजनाओं में वर्षों से कार्य कराने के बावजूद प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया। आरोप लगाया कि वर्ष 2024-25 की लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए करोड़ों रुपये का बजट जारी होने के बावजूद अधिकांश आशा कार्यकर्ताओं को भुगतान नहीं मिला है। जहां भुगतान हुआ भी है, वहां अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय कमेटी के साथ जल्द वार्ता कर समझौते को अंतिम रूप दिया जाए। इसके अलावा वर्ष 2025-26 की सभी बकाया प्रोत्साहन राशियों का तत्काल भुगतान, आभा आईडी का 1 जनवरी 2023 से अब तक का पूरा भुगतान, आयुष्मान गोल्डन कार्ड का लंबित भुगतान, जेएसवाई योजना की बकाया राशि जारी करने तथा भुगतान के नाम पर होने वाली अवैध वसूली रोकने के लिए निगरानी समिति गठित करने की मांग उठाई गई। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष निर्मला पाल, परवीन जहां, शशि बाला, रेखा, आशा, अतर कली, शीबा, नगमा, रिंकी समेत बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

**आक्रोश** गुरु जंभेश्वर विवि के सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में छात्रों के अनुत्तीर्ण होने के मामले ने पकड़ा तूल

## परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी का आरोप, समाजवादी छात्र सभा का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में छात्रों के अनुत्तीर्ण होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। परिणामों में गड़बड़ी और मूल्यांकन में लापरवाही का आरोप लगाते हुए समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को हिंदू कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया। बाद में कुलपति को संबोधित ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसएस रावत को सौंपा गया।

समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद असलम चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को या तो फेल कर दिया गया है अथवा अपेक्षा से बेहद कम अंक दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मेधावी छात्र, जिन्होंने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया था, उन्हें भी अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया। इससे छात्रों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा कॉपियों के मूल्यांकन में गंभीर लापरवाही बरती गई है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि रिवैल्यूएशन के नाम पर छात्रों से अतिरिक्त शुल्क वसूलने की मंशा से इस प्रकार के परिणाम जारी किए गए हैं। छात्र सभा ने विश्वविद्यालय प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने की मांग की। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द उचित कार्रवाई नहीं की तो छात्र बड़े स्तर पर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान अजीम चौधरी, खुशी, नैना, संजना, शिवानी, रितिक, अभय, विशाल, रीना, अभिषेक, प्रियांशी भारद्वाज, विष्णु, अंबिका और रोशनी समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




### दामाद ने फोड़ा सास का सिर, घायल ने दी तहरीर

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दामाद ने अपनी सास के सिर पर बार करके उसे घायल कर दिया घायल सास ने दामाद के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक घेर निवासी रेखा अपने पति अरविंद के साथ रहती है, मंगलवार को अरविंद के द्वारा अपनी पत्नी का सोने का लॉकेट बेच दिया गया, जिसकी शिकायत रेखा ने संभल के गांव उधनपुर निवासी अपनी मां मालवती से की। मालवती बुधवार की सुबह अपनी बेटी के घर पहुंची और दामाद से जानकारी करने लगी जिससे नाराज होकर दामाद ने सास के सिर पर हाथ में पहने कड़े का बार कर उसका सिर फोड़ दिया। घायल मालवती कोतवाली पहुंची और आरोपी दामाद अरविंद के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग एवं अधिवक्ताओं की अन्य मांगों को लेकर तहसील बार एसोसिएशन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द अधिवक्ताओं की मांग पूरी करने की बात कही। बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं द्वारा उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं द्वारा मांग की गई की पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जनपदों में से किसी एक जनपद में माननीय उच्च न्यायालय की स्थापना की जाए। इसी के साथ उन्होंने अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं भय मुक्त माहौल देने हेतु अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम जल्द लागू करने की मांग की। इसी के साथ उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं के साथ गलत व्यवहार एवं उनका उत्पीड़न किया जाता है जो निंदनीय हैं ऐसे पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, महासचिव बृजकिशोर, मुजाहिद चौधरी, महावीर सिंह, महिपाल सिंह, फतेह सिंह, वीर सिंह त्यागी,मंगल सेन, संजय सिंह,रविंद्र कुमार, मेघराज सिंह, दिनेश चंद्र, राजीव शर्मा, नरेश पाल सिंह, आफताब आलम, महावीर सिंह, सुनील कुमार भटनागर, महिपाल सिंह, जयकुमार राणा,फतेह सिंह आदि अधिवक्तगण मौजूद रहे।


अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

# संपादकीय

## 'रुपए' से ढहती आर्थिकी

भारत में एक डॉलर की कीमत 96 .35 रुपए तक पहुंच चुकी है। यह घट-बढ़ भी सकती है, लेकिन व्यापक परिवर्तन संभव नहीं हैं। यह भारतीय मुद्रा 'रुपए' का सबसे निचले स्तर का अवमूल्यन है। रुपए और डॉलर के इस समीकरण के बाद विश्व में सबसे कमजोर मुद्रा 'रुपया' ही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है, बेशक भारत विश्व की एक बड़ी अर्थव्यवस्था है। नतीजा यह है कि हमने मार्च, 2026 में जो कच्चा तेल 1.17 लाख करोड़ रुपए में खरीदा था, वही अप्रैल में 1.79 लाख करोड़ रुपए में खरीदना पड़ा है। कच्चे तेल के अलावा, गैस, खाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, खाद्य तेल, दालें, सोना और अन्य आयातित वस्तुएं, सेवाएं हमें महंगी खरीदनी पड़ेंगी। अंतत: महंगाई बढ़ती जाएगी और आम आदमी कराहता रहेगा। सिर्फ एक ही बुनियादी कारण है-रुपए का अवमूल्यन। यह स्थिति मोदी सरकार के 12 सालों में लगातार खराब होती गई है। हालांकि 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए के कृत्रिम नियंत्रण की कोशिश की थी, लेकिन आज अवमूल्यन का यथार्थ सामने है। लिहाजा 'मूडीज' की ताजा रपट भी चर्चा में है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी ने निष्कर्ष दिया है कि भारत के जीडीपी की विकास दर 0 .8 फीसदी कम हो गई है। वित्त वर्ष के अंत में विकास दर करीब 6 फीसदी ही रहने वाली है। सरकार 7-7 .5 फीसदी की विकास दर का दावा करती रही है। रिजर्व बैंक ने भी 6 .5 फीसदी तक का आकलन देना शुरू कर दिया है। एक आर्थिक वज्रपात यह भी हुआ है कि 2026 के पहले पांच महीनों में ही विदेशी निवेशकों ने 2 .2 लाख करोड़ रुपए के शेयर बेच दिए हैं और भारतीय बाजार को अलविदा कह दिया है। हालांकि कुछ नई और छोटी कंपनियों में विदेशियों के निवेश अब भी मौजूद हैं, लेकिन वे अर्थव्यवस्था को अपेक्षित प्रभावित नहीं करते। ऐसे निवेशकों ने जापान, दक्षिण कोरिया और अमरीका की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की कंपनियों में निवेश करना बेहतर समझा है। अप्रैल में 60,900 करोड़ रुपए और मई में अभी तक 1.22 लाख करोड़ रुपए विदेशी निवेशक हमारे बाजार से निकाल चुके हैं। नतीजतन भारत को विदेशी मुद्रा का भी नुकसान झेलना पड़ेगा। जो आर्थिक उथल-पुथल हम देख रहे हैं, वह पूर्णत: ईरान युद्ध के नतीजतन नहीं है। युद्ध ने तेल, गैस, खाद समेत विश्व की बुनियादी सप्लाई चेन को तोड़ कर रख दिया है। इसी दौरान भारत-संयुक्त अरब अमीरात में समझौता हुआ है कि अरब देश हमारे यहां 5 अरब डॉलर का निवेश करेगा और 3 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडारण तैयार करेगा, जिसका इस्तेमाल भारत भी आपातस्थिति में कर सकेगा। इसमें समय लगेगा, क्योंकि अभी खुद अरब देश ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमले झेलने को विवश है। बहरहाल भारत के संदर्भ में 'रुपए' का अवमूल्यन बहुत बड़ा प्रभाव है, क्योंकि भारत 147 करोड़ से अधिक की आबादी और घोर आर्थिक, सामाजिक असमानताओं का देश है, लिहाजा यह तेल-गैस का ही नहीं, बल्कि आम भारतीय की आजीविका का भी 'आपातकाल' है। भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 2 .3 फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि बीते 2025-26 में यह 0 .9 फीसदी बताया जा रहा है। यह संकट प्रधानमंत्री मोदी की अपील, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के मेट्रो में सफर करने या ई-रिक्शा, विद्युत बस में दफ्तर जाने अथवा पैदल चलने और अंतत: बचत करने से ही दूर नहीं होगा। यदि 'रुपए' के अवमूल्यन से भारत चौथी अर्थव्यवस्था से फिसल कर छठी अर्थव्यवस्था पर आ सकता है, तो 7-8वां स्थान बहुत दूर नहीं है। फ्रांस जैसे विकसित देश की चुनौती सामने है। अर्थशास्त्रियों का सवाल है कि हम डॉलर में तेल क्यों खरीद रहे हैं? यदि सरकार के पास पैसा है, तो सबसिडी दे दें और तेल-गैस सस्ते में बेचें। बहरहाल यह भी विचार हो सकता है, लेकिन एक और आयाम सामने आया है। भारत में रेलवे, रक्षा, पोर्ट ट्रस्ट, सार्वजनिक उपक्रमों के पास 20-25 हजार वर्ग किलोमीटर जमीनें हैं। उन्हें आंशिक तौर पर बेचा या दीर्घकालिक लीज पर दिया जा सकता है। जमीन का यथोचित हिस्सा सुरक्षा और आपातस्थिति के लिए छोडऩे के बाद भी करीब 16-17 लाख करोड़ रुपए आ सकते हैं। इससे निजी निवेश भी आएगा और तेल आयात का मोटा खर्च भी निकलेगा। विदेशी मुद्रा सुरक्षित रहेगी, तो 'रुपया' भी सुधर सकता है। बहरहाल, भारतीय आर्थिकी को अभी लंबा रास्ता तय करना है। युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए भी सरकार को ठोस उपाय करने होंगे।

# स्त्री सुरक्षा के लिए केवल कानून बनाना काफी नहीं

देश में जब भी किसी महिला, युवती या बच्ची के साथ हिंसा की कोई वीभत्स घटना सामने आती है, समाज अचानक विचलित दिखाई देने लगता है। समाचार चैनलों पर तीखी बहस शुरू हो जाती है, सोशल मीडिया पर आक्रोश उमड़ पड़ता है, राजनीतिक दल बयान देते हैं, सड़कों पर मोमबत्तियां जलती हैं और कुछ दिनों तक ऐसा लगता है, जैसे पूरा देश स्त्री सुरक्षा को लेकर गंभीर हो उठा है, पर समय बीतते ही वही समाज फिर सामान्य हो जाता है। प्रश्न यह है कि आखिर ऐसा क्यों है कि हर बड़ी घटना के बाद हमारा आक्रोश क्षणिक साबित होता है, जबकि समस्या लगातार बनी रहती है? दरअसल, स्त्री के खिलाफ हिंसा को हमने लंबे समय तक केवल कानून और अपराध के दायरे में सीमित करके देखने की कोशिश की है, जबकि यह समस्या कहीं अधिक गहरी और जटिल है।



झारखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए मुझे हजारों महिलाओं और युवतियों की पीड़ा को नजदीक से देखने का अवसर मिला था। वहां आने वाली महिलाएं केवल कानूनी मदद नहीं चाहती थीं, वे सुने जाने की आकांक्षा भी लेकर आती थीं। हिंसा से भी अधिक उन्हें समाज की प्रतिक्रिया तोड़ देती है। विशेष रूप से वे महिलाएं, जिन्होंने अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ पुलिस, अदालत या कानून का सहारा लेने का साहस किया, उन्हें अक्सर अपने ही परिवार और सामाजिक दायरे में अकेला छोड़ दिया गया। काउंसिलिंग के दौरान अनेक महिलाओं ने बताया कि जैसे ही पुलिस उनके घर पहुंची या उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया, परिवार का व्यवहार बदलने लगा। कई बार मायका और ससुराल दोनों ने दूरी बना ली।

कई महिलाएं छोटे बच्चों को लेकर आर्थिक असुरक्षा के बीच संघर्ष करती रहीं। उनके सामने केवल न्याय की लड़ाई नहीं थी, अस्तित्व बचाने की लड़ाई भी थी। कई ऐसे मामले भी सामने आये, जहां बहू द्वारा ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने या पुलिस बुलाने के बाद ससुराल पक्ष ने महिला और उसके बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया। सबसे दुखद स्थिति तब दिखाई दी, जब कानून की लड़ाई लड़ने की सलाह देकर शुरुआती दौर में बढ़-चढ़कर साथ और हिम्मत देनेवाली कई संस्थाएं, मित्र या रिश्तेदार भी उसे अकेला छोड़कर पीछे हट गये। ऐसे में वह महिला आखिर जाये कहां?

यह प्रश्न केवल किसी एक परिवार का नहीं, पूरे सामाजिक ढांचे का है। यदि न्याय मांगने वाली महिला को अपना घर, सामाजिक आधार और भावनात्मक सहारा सब कुछ खो देना पड़े, तो केवल कानूनी प्रावधान उसके जीवन को सुरक्षित नहीं बना सकते। इससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्यों हमारे समाज में आज भी न्याय मांगने वाली महिला को ही कठघरे में खड़ा किया जाता है? क्या कानून का सहारा लेना अब भी सामाजिक विद्रोह माना जाता है? यही कारण है कि अनेक महिलाएं अन्याय सहने के बावजूद शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं। निर्भया कांड के बाद कानून में कई बदलाव हुए। कठोर दंड का प्रावधान बढ़ा, फास्ट ट्रैक अदालतों की व्यवस्था की गयी, महिला हेल्पलाइन और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की घोषणाएं हुईं। पर क्या केवल कानून बदल देने से समाज बदल जाता है? यदि ऐसा होता, तो आज भी माता-पिता के भीतर यह भय नहीं होता कि बाहर गयी उनकी बेटी सुरक्षित लौटेगी या नहीं।

इसके पीछे समस्या यह है कि हम स्त्री सुरक्षा को अब भी महिलाओं का मुद्दा मानते हैं, जबकि यह पूरी सभ्यता का प्रश्न है। जिस समाज में लड़की के कपड़ों, उसकी आवाजाही, उसके मित्रों, बोलने के तरीकों और यहां तक कि उसकी हंसी तक पर निगरानी रखी जाती हो, वहां हिंसा केवल एक आकस्मिक घटना नहीं रह जाती। वहां सामाजिक वातावरण भी कहीं न कहीं अपराध को वैधता देने लगता है। गांवों और कस्बों में यह स्थिति कई बार और अधिक जटिल दिखाई देती है। वहां स्त्री को परिवार की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है, पर उसकी इच्छाओं, स्वतंत्रता और अधिकारों को इतनी गंभीरता से स्वीकार नहीं किया जाता। शहरों में आधुनिकता का बाहरी विस्तार जरूर दिखाई देता है, पर मानसिकता के स्तर पर पितृसत्तात्मक सोच अभी भी गहरे मौजूद है।

डिजिटल माध्यमों ने इस संकट को एक नया आयाम दिया है। सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां, ट्रोलिंग, चरित्र हनन अब सामान्य होते जा रहे हैं। यह भी हिंसा का ही एक रूप है, परंतु दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाज का एक हिस्सा इसे मनोरंजन की तरह लेने लगा है। यह हमारी सामूहिक संवेदना के क्षरण का संकेत है। स्त्री सुरक्षा का प्रश्न केवल पुलिस, अदालत और दंड तक सीमित नहीं हो सकता। यह शिक्षा, परिवार, सामाजिक व्यवहार और सांस्कृतिक चेतना से भी जुड़ा हुआ प्रश्न है। एक बच्चा अपने घर में महिलाओं के प्रति जैसा व्यवहार देखता है, वही उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बनता है। इसलिए स्त्री सम्मान की शुरुआत घर और विद्यालय से होनी चाहिए। यह भी जरूरी है कि कानून का सहारा लेने वाली महिला को समाज अकेला न छोड़ दे। यदि हम सचमुच एक आधुनिक और संवेदनशील राष्ट्र बनाना चाहते हैं, तो हमें अपनी बेटियों को केवल सुरक्षा का आश्वासन नहीं, निर्भय जीवन का भरोसा भी देना होगा।

# कोर्ट की सख्ती के मायने

इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्णय, बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है। हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। हाल ही में सामने आए केरल के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के




लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए। लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं तसवीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है।

पिछले दिनों चंडीगढ़ से एक स्तब्धकारी घटना ने हर किसी संवेदनशील व्यक्ति को विचलित किया,जब एक अज्ञात व्यक्ति ने एक पिल्ले को धधकते तंदूर में फेंककर जिंदा जला दिया। ऐसे शर्मनाक कृत्य उस भयावह क्रूरता को उजागर करते हैं, जो सार्वजनिक चर्चाओं में उजागर नहीं होती। इस घटना ने इन जीवों की दयनीय स्थिति को ही उजागर किया। वहीं भूख से बिलबिलाते कुत्तों द्वारा कथित तौर पर अपने ही बच्चों को खाने के मामले भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी से सहमत हुआ जा सकता है कि जानवरों के साथ मानवीय व्यवहार का मतलब नागरिकों की सुरक्षा की अनदेखी करना नहीं हो सकता। लेकिन इसके साथ ही जन सुरक्षा को पशु कल्याण की उपेक्षा का बहाना भी नहीं बनाया जा सकता है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों , दोनों के हितों की रक्षा कर सके। हमेशा से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। निश्चय ही बढ़ता तापमान बदलते मौसमों के प्रति संवेदनशील इन जीवों को बेचैन किए हुए है। भूख व आश्रय के अभाव से उपजे असुरक्षाबोध ने भी उन्हें आक्रामक बनाने में भूमिका निभायी है। ऐसे में पशु प्रेमी संगठनों और स्थानीय प्रशासन को मिलकर इस संकट का कारगर समाधान निकालना होगा।

# वक्त चोरी हो रहा

देश में वक्त को पकडऩे की कोशिश क्या शुरू हुई, हर इनसान इसे पकडऩे लगा। किसी ने कहा अपने देश में सबसे अधिक वक्त मुंबई की लोकल ट्रेन में पकड़ा जा सकता है। दूसरे ने कहा वक्त तो दिल्ली में चल ही नहीं पाता। जब से मैट्रो आई है, वक्त भी यहां एक दूसरे पर सवार रहता है। दिल्ली का काफी वक्त तो ट्रैफिक में फंसा रहता है। किसी ने कहा, 'वक्त चोरी हो रहा है। जब-जब संसद के सत्र चलते हैं, वहां देश से चुराया हुआ वक्त पहुंच जाता है।' ऐसे में वक्त की हैसियत आखिर है भी क्या। कोई लंबा भाषण देकर वक्त से सब कुछ छीन लेता है, तो कोई वर्षों से योजनाओं पर विश्वास कर समय का चुनाव ही नहीं कर पाता। बाप ने बेटे से कहा, 'वक्त को सही ढंग से इस्तेमाल करो।' बेटा उस दिन से वक्त के पीछे पड़ गया। उसने एक बावा से पूछा, 'सही वक्त कहां मिलेगा।' बावा मुस्करा कर बोला, 'जब आप किसी का सही वक्त खराब कर दें, वहां से आपका ही सही समय शुरू होगा।' वह सोचने लगा भारत में ऐसे कौन हैं, जो अपने सही समय के लिए दूसरों को बुरा वक्त पेश कर रहे हैं। उसे भरोसा नहीं हो रहा था कि हर बार उसके ही मतदान ने कैसे उससे अच्छा समय छीन लिया। चुनाव के जरिए हम वक्त को अच्छी तरह से पकडऩा चाहते हैं, लेकिन समय है कि फिसला जा रहा है। दुनिया में होड़ जारी है। हर देश में वक्त चोर मौजूद हैं। इधर ट्रंप को देखें कि ईरान से ही पूछ रहा है कि उसे कौनसा वक्त दे। कमाल यह कि ईरान ने होर्मुज जलडमरु के नीचे विश्व का सारा समय छुपा रखा है। अपना देश कोई अमरीका नहीं कि वक्त को सूंघते कुछ न कुछ कह दे। वक्त पर बोलने से अच्छा है बेवक्त बोला जाए। हम पाकिस्तान पर जैसे ही बोलते हैं, वक्त का पता ही नहीं चलता कि यह हमारी तरफ से जाया हुआ या हम पाकिस्तान का समय छीन रहे हैं। अब तो हम मान सकते हैं कि शांति के प्रयास सबसे अधिक वक्त को ही निचोड़ते हैं, इसलिए वक्त बचाने के लिए अशांत होते हुए दोस्त नहीं, दुश्मन खोजिए। ऐसे में फैसला यह हुआ कि देश वक्त बचाए। इसी संदर्भ को लेकर समय बचाने की बैठक बुलाई गई। जनता चाहती थी कि समय बचाने के लिए सदन में चर्चा हो, लेकिन वहां का वक्त तो अक्सर बाहर की ओर निकल आता है। अंततः वक्त बचाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक सायं चार बजे होनी थी, छह बजे शुरू हुई। अध्यक्ष महोदय ने बैठक का समय बचाने के लिए खुद को दो घंटे बाद पेश किया। वहां हर कोई समय बचाने की दृष्टि से तर्क दे रहा था। चिकित्सा विभाग के अधिकारी ने कहा वह अस्पतालों में इस साल के सीटी स्कैन की डेट अगले साल तक ले जा रहे हैं ताकि देश का वक्त बच जाए।

# भारत-यूएई के मजबूत रिश्ते

अपनी विदेश यात्रा के पहले पड़ाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ जो समझौते किये, वे दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों के बारे में ही बताते हैं। इनसे दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को नयी गति मिलने की उम्मीद है। दोनों नेताओं ने बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया के हालात पर भी चर्चा की और प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई पर हमले की निंदा की।



दोनों देशों के बीच स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व को लेकर अहम समझौता हुआ है। इसके तहत यूएई के फुजैरा में कच्चे तेल के संभावित भंडारण को भारतीय रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व का हिस्सा बनाने की योजना है। दोनों देशों ने भारत में एलएनजी और एलपीजी भंडारण सुविधाओं में संभावित सहयोग के लिए भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। गुजरात के वाडिनार में जहाजों की मरम्मत के लिए भी दोनों देशों के बीच समझौता हुआ है।

रणनीतिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर भी भारत और यूएई ने समझौता किया। इस साल जनवरी में जब यूएई के राष्ट्रपति नयी दिल्ली की राजकीय यात्रा पर आये थे, तब रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए एक ढांचागत समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किये गये थे। प्रधानमंत्री मोदी की अबू धाबी यात्रा में इस ढांचे पर सहमति बनी। यूएई ने भारत में पांच अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया है। यूएई की संस्थाओं द्वारा की गयी इस घोषणा के तहत एमिरेट्स न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा भारत के आरबीएल बैंक में तीन अरब डॉलर का निवेश, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी द्वारा नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट फंड ऑफ इंडिया के साथ भारत में प्राथमिकता वाले बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में एक अरब डॉलर का निवेश और इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी द्वारा भारत की सम्मान कैपिटल में एक अरब डॉलर के निवेश का फैसला शामिल है।

जाहिर है, प्रधानमंत्री मोदी की यूएई यात्रा भारत के लिए बड़े लाभ लेकर आयी है। यूएई भारत का महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत आर्थिक संबंध हैं। प्रधानमंत्री की इस यात्रा से निवेश, ऊर्जा क्षेत्र और रक्षा सहयोग में और वृद्धि होने की संभावना है। जहां तक रणनीतिक रक्षा साझेदारी समझौता का सवाल है, तो यह क्षेत्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जबकि पेट्रोलियम भंडार संबंधी समझौता भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।

# परीक्षाएं, प्रतिस्पर्धा और क्षीण होती नैतिक चेतना

जब शिक्षा ज्ञान का माध्यम न रहकर केवल प्रतिस्पर्धा और बाजार का उपकरण बन जाए, तब सबसे बड़ा संकट नैतिकता और मानवीय संवेदनाओं पर आता है। 'शिक्षा का उद्देश्य केवल जीविका अर्जन नहीं, बल्कि जीवन का निर्माण है।' यह विचार आज के भारत में कहीं धुंधला पड़ता दिखाई देता है। जिस शिक्षा को कभी मनुष्य के बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम माना जाता था, वही आज अंकों, रैंक और प्रतियोगिताओं की संकीर्ण परिधि में सिमटती जा रही है। भारत, जो विश्व की सबसे युवा आबादी वाला राष्ट्र कहा जाता है, आज एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रहा है, जहां युवाओं की ऊर्जा ज्ञान-सृजन में नहीं, बल्कि अंतहीन परीक्षाओं और प्रतिस्पर्धाओं की दौड़ में खपती जा रही है। ऐसा



प्रतीत होता है मानो पूरा देश एक विशाल परीक्षा केंद्र में परिवर्तित हो चुका हो। हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रणाली पर उठे गंभीर प्रश्नों ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को कठघरे में खड़ा कर दिया। लाखों विद्यार्थियों की वर्षों की तपस्या, उनके सपने और परिवारों की आशाएं एक झटके में संदेह के घेरे में आ गईं। जिन युवाओं ने दिन-रात परिश्रम कर अपनी आकांक्षाओं को सींचा, उनके मन में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठा कि क्या आज सफलता का आधार केवल श्रम और प्रतिभा है, अथवा धन, प्रभाव और अनैतिक साधनों का गठजोड़? स्वामी विवेकानंद ने कहा था- 'शिक्षा मनुष्य के भीतर निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है।' किंतु वर्तमान व्यवस्था में शिक्षा आत्म-विकास की प्रक्रिया न रहकर केवल प्रतिस्पर्धात्मक अस्तित्व का माध्यम बनती जा रही है। एक बालक जैसे ही विद्यालय में प्रवेश करता है, उसी क्षण से उस पर 'सफलता' का अदृश्य दबाव आरोपित कर दिया जाता है। किंडरगार्टन से ही तुलना का विष उसके मानस में घुलने लगता है। उच्च कक्षाओं तक पहुंचते-पहुंचते कोचिंग संस्थान, परीक्षण श्रृंखलाएं, कटऑफ और रैंक उसकी संपूर्ण चेतना पर अधिकार कर लेते हैं। आज नीट, संयुक्त प्रवेश परीक्षा, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, अभियांत्रिकी योग्यता परीक्षा और प्रबंधन प्रवेश परीक्षा जैसी परीक्षाएं युवाओं के जीवन का केंद्रबिंदु बन चुकी हैं। करोड़ों विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं, किंतु अवसर सीमित हैं। उदाहरणस्वरूप नीट में लाखों विद्यार्थी परीक्षा देते हैं, जबकि एमबीबीएस सीटों की संख्या अत्यंत सीमित है। परिणामस्वरूप असंख्य युवाओं के हिस्से निराशा, अवसाद और आत्मग्लानि आती है।

## एक नजर

### फ्री स्वास्थ्य परीक्षण कैंप आयोजित

**खटीमा।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा द्वारा दिव्यांग शिविर एवं फ्री स्वास्थ्य परिषद कैंप आयोजित किया जा रहा है। शिविर में दिव्यांगों के कृत्रिम अंग पैर कैलिपर्स लगाए जाएंगे। 24 मई रविवार सुबह 10 :00 से 3 :00 बजे तक टनकपुर रोड अमाउं स्थित बंसल हॉस्पिटल में आयोजित किया जा रहा है। शिविर की सफलता के लिए भारत विकास परिषद दीपक बतरा अध्यक्ष, विवेक अग्रवाल सचिव, अमरनाथ गोयल कोषाध्यक्ष तथा विक्रम गुलाटी कार्यक्रम संयोजक ने महत्वपूर्ण बिंदु पर चर्चा की ।दिव्यांग शिविर एवं फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ विनीत बंसल, डॉ दीपिका अग्रवाल, डॉ शुभम शर्मा डॉ ज्योति बिष्ट प्रतिभाग करेंगे।

### शराब की दुकानों को रात 11 बजे तक खोलने की मांग

**लखनऊ।** आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल से बुधवार को शराब विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और शराब की दुकानों को खोलने और बंद करने का समय बढ़ाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आबकारी मंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि गर्मी अधिक होने की वजह से दुकानों पर ग्राहक कम आ आ रहे हैं, लिहाजा दुकानों के संचालन का समय सुबह 8 बजे से रात्रि 11 बजे किया जाए ताकि ग्राहक और दुकानदारों को राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल में शामिल संगठन के कार्य विभाग महामंत्री विकास मोहन श्रीवास्तव ने दुकानों के संचालन में आ रही कठिनाइयों के बारे में मंत्री को बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति बियर पीने के लिए परमिट रूम की व्यवस्था लागू की जाए। देशी मदिरा में महानगर की दुकानों का कोटा बहुत ज्यादा होता है जिसकी वजह से अधिकांश माल बिक नहीं पा रहा है। वहीं लॉटरी की वजह से पुराने शराब कारोबारी इस व्यवसाय से बाहर होते चले जा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल के साथ शंकर लाल कनौजिया, विजय जायसवाल, देवेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, पंकज जायसवाल, विपिन जायसवाल और शिवकुमार जायसवाल शामिल थे।

# सैफई में खुलेगा नया डेंटल कॉलेज बीडीएस की 50 सीट पर होगा दाखिला

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** सैफई स्थित चिकित्सा विश्वविद्यालय में नया सरकारी डेंटल कॉलेज शुरू होगा। यहां इसी साल से बीडीएस की 50 सीटों पर प्रवेश मिलेगा, जिसे आगे बढ़ाकर 100 किया जाएगा। कॉलेज में नौ विषयों में एमडीएस की पढ़ाई भी शुरू करने की तैयारी है, जिससे छात्रों और मरीजों दोनों को फायदा मिलेगा।

सैफई के उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूपीयूएमएस) में नया डेंटल कॉलेज शुरू होगा।। केजीएमयू के बाद प्रदेश का यह दूसरा सरकारी डेंटल कॉलेज होगा। यहां बीडीएस की 50 सीट पर इसी साल से दाखिला शुरू होगा। भविष्य में इसे बढ़ाकर 100 सीट किया जाएगा।

केजीएमयू के बाद सैफई के यूपीयूएमएस में डेंटल कॉलेज शुरू करने से आसपास के जिलों के मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा। साथ ही यहां पढ़ाई करने वाले छात्र भी लाभान्वित होंगे। यहां पढ़ाई कर रहे मेडिकल छात्रों को डेंटल की बेसिक ट्रेनिंग हो सकेगी। अभी तक विश्वविद्यालय में सिर्फ पेरियोडोंटोलॉजी में एमडीएस की पढ़ाई होती है। कॉलेज बनने के बाद नौ विषय में एमडीएस की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजय कुमार ने बताया ने विश्वविद्यालय परिसर में एक डेंटल कॉलेज और अस्पताल स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) के मानदंडों के अनुसार 50 सीटों से शुरुआत होगी। भविष्य में इसे बढ़ाकर 100 करने किया जाएगा। यह यूपी सरकार के तहत स्वतंत्र डेंटल कॉलेज और अस्पताल होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष के प्रति आभार जताया है।

### अभी तक सिर्फ केजीएमयू में बीडीएस

अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन एकमात्र सरकारी डेंटल कॉलेज केजीएमयू है।। इसके अलावा केन्द्रीय कॉलेज के रूप में बीएचयू और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में बीडीएस की पढ़ाई होती है। ऐसे में डेंटल की पढ़ाई के लिए छात्रों को निजी कॉलेजों पर निर्भर रहना पड़ता है।

## स्वगणना करने का अंतिम दिन कल, 43 लाख लोगों ने भरे हैं फॉर्म, 22 मई से घर-घर जाएंगे जनगणना कर्मी

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** यूपी में जनगणना के पहले फेज के तहत स्वगणना हो रही थी। 21 मई से स्वगणना का काम पूरा हो जाएगा। 22 मई से कर्मी घर-घर जाएंगे।

जनगणना-2027 के तहत चल रही स्वगणना की प्रक्रिया को पूरा करने का अब सिर्फ एक दिन शेष है। बृहस्पतिवार तक आप स्वगणना की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। अब तक प्रदेश के 44 लाख लोग स्वगणना के फॉर्म भर चुके हैं। दरअसल जनगणना के प्रक्रिया के तहत स्वगणना के ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा दी गई थी। जो सात मई से शुरू हुई थी। इसमें परिवार को मुखिया को ce.census.gov.in पोर्टल पर जाकर लॉगिन कर फॉर्म भरना है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 44 लाख लोगों ने फॉर्म भर दिया है। उनका कहना है कि एक दिन शेष है, अपील है कि अधिक से अधिक लोग फॉर्म भरें। जनगणना की मुख्य अधिकारी शीतल वर्मा ने बताया कि जिन लोगों ने फॉर्म नहीं भरे हैं, उनको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब अगले चरण में 22 मई से जनगणना कर्मी घर घर जाकर फॉर्म भरवाएंगे। उस दौरान परिवार के मुखिया को दस से पंद्रह मिनट का समय देना होगा। फॉर्म के सभी सवालों के जवाब पूछकर जनगणनाकर्मी भर देंगे।

### आजमगढ़ शीर्ष पर, लखनऊ बॉटम-5 में

स्वगणना के फॉर्म भरने में आजमगढ़ अव्वल है। वहां अब तक 2.64 लाख लोगों ने फॉर्म भर दिए हैं। वहीं शाहजहांपुर में 2.61 लाख और बरेली में 2.51 लाख लोग फॉर्म भर चुके हैं। यही टॉप-3 जिले हैं। इसके अलावा मुरादाबाद में 2.20 लाख, सोनभद्र में 1.59 लाख लोग स्वगणना की प्रक्रिया पूरी चुके हैं। अगर बॉटम-5 की बात करें तो इसमें लखनऊ भी शामिल हैं। लखनऊ में 84,158 लोगों ने ही फॉर्म भरे हैं। इसके अलावा कौशांबी में 12,537, हमीरपुर में 14,600, संतकबीरनगर में 14,874, गौतमबुद्धनगर में 15,543 व जालौन में 15,905 लोगों फॉर्म भरे हैं।

## चुटकी भंडार कॉलेज में कोर्ट का नोटिस चस्पा होने के बाद शिक्षकों में नाराजगी, बोले- जमीन कब्जाने की कोशिश

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** राजधानी के हुसैनगंज स्थित चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज में जर्जर बिल्डिंग का हवाला देते हुए कोर्ट की नोटिस चस्पा की गई है। नोटिस के बाद शिक्षको में आज नाराजगी बढ़ गई है। शिक्षकों का कहना है की कॉलेज बंद करने की साजिश की गई है। शिक्षकों के मुताबिक कीमती जमीन के चलते कॉलेज को बंद करने का प्रयास है। इस सम्बन्ध में शिक्षा विभाग की टीम में शामिल अधिकारी अमिता सिंह शिक्षकों को समझाने पहुंची हैं।

बता दें की हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पांडेय को निर्देश दिया कि सप्ताह भर में कालेज में पढ़ाई या कोई भी शैक्षणिक कार्य न होना सुनिश्चित करें। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने डीआईओएस को स्पष्ट रूप से आदेश दिया है कि जिस भवन में चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज संचालित हो रहा है, उसकी अत्यंत जर्जर स्थिति को देखते हुए, समस्त शैक्षणिक कार्यों को बंद करके सभी विद्यार्थियों को निकटवर्ती विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाए।

कोर्ट ने यह आदेश विजय कुमार पांडेय की जनहित याचिका पर दिया। इसमें, कॉलेज की दयनीय स्थिति और छात्राओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया था लेकिन शिक्षकों ने इसे कॉलेज बंद करने की साजिश बताया है।

# अंजलि मुद्रा सिर्फ अभिवादन नहीं, मानसिक शांति और तनाव मुक्ति की संजीवनी : कुलदीप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रुद्रपुर।** देवरिया किच्छा टोल प्लाजा पर एचएलएल और एलएफपीपीटी संस्था द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशेष रिफ्रेशर प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।तीन दिवसीय कार्यक्रम में दो बैच टोल प्लाजा के 45 कर्मचारियों और एक बैच आईएमएस के 18 कर्मियों को जीवन रक्षक तकनीकों और व्यावहारिक कौशल में दक्ष किया।

एचएलएफपीपीटी संस्था की ओर से आए प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने टोल और आईएमएस कर्मियों को अंजलि मुद्रा का सही तरीका सिखाया।इसके चमत्कारी मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा करते हुए कहा कि टोल कर्मियों को 24 घंटे भारी तनाव और उग्र यात्रियों का सामना करना पड़ता है। अंजलि मुद्रा दोनों हथेलियों को आपस में जोड़ना मस्तिष्क के दाएं और बाएं हिस्से में संतुलन बनाती है, जिससे गुस्सा तुरंत शांत होता है। जब हम दोनों हाथों को हृदय चक्र (चेस्ट के बीच में) पर जोड़ते हैं, तो शरीर में सकारात्मक हार्मोन का स्राव होता है, जो मानसिक थकान को दूर करता है। उग्र यात्री के सामने अंजलि मुद्रा में आने से सामने वाले का गुस्सा पल भर में ठंडा हो जाता है, जिससे हाईवे पर होने वाले बड़े विवाद टल जाते हैं। टोल प्लाजा मैनेजर राहुल शर्मा ने कहा "टोल और आईएमएस स्टाफ हाईवे के फ्रंटलाइन वॉरियर्स हैं। इस ट्रेनिंग के बाद अब हमारी टीम यात्रियों के गुस्से को शांत करने में तो सक्षम होगी ही, साथ ही किसी भी आपातकालीन मेडिकल स्थिति या दुर्घटना में लोगों की जान बचाने के लिए 'फर्स्ट रिस्पांडर' की भूमिका निभाएगी। 21 मई को आईएमएसहाईवे सुरक्षा और आपातकालीन टीम) के कर्मियों को गंभीर परिस्थितियों में शांत रहकर निर्णय लेने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

### विश्वस्तरीय सुविधाओं और प्रशिक्षित स्टाफ से बदलेगी हाईवे की तस्वीर

देवरिया किच्छा टोल प्लाजा को केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी 'मॉडल टोल प्लाजा' मिशन के तहत चुना गया है। इस प्रतिष्ठित मिशन के लिए चयन होने के बाद अब इस टोल प्लाजा को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, तकनीकी अपग्रेडेशन और उच्च स्तर की यात्री सेवाओं से लैस किया जाएगा। 21 मई को संपन्न हुआ विशेष रिफ्रेशर प्रशिक्षण शिविर इसी 'मॉडल टोल प्लाजा' मिशन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा था। टोल प्लाजा के मैनेजर राहुल शर्मा और एचएलएफपीपीटी के स्टेट मैनेजर मनोज कुमार ने इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि देवरिया किच्छा टोल प्लाजा को मॉडल बनाने के लिए स्टाफ का मानसिक और शारीरिक रूप से कुशल होना पहली शर्त थी। तीन दिनों में तीन बैचों को दी गई सीपीआर और व्यवहार प्रबंधन की ट्रेनिंग इसी बड़े मिशन की नींव है।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में खटीमा के दवा व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें, किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री एवं जनस्वास्थ्य पर बढ़ते खतरे के विरोध में बुधवार को खटीमा के समस्त दवा व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन खटीमा के बैनर तले दवा व्यापारी मुख्य चौराहे पर एकत्र हुए और धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी खटीमा को सौंपते हुए अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि बिना स्पष्ट वैधानिक प्रावधानों के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन, बिना चिकित्सकीय परामर्श के घर-घर दवा वितरण तथा अत्यधिक छूट (डीप डिस्काउंटिंग) जैसी गतिविधियां जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। साथ ही इससे लाखों छोटे एवं लाइसेंसधारी केमिस्टों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

दवा व्यापारियों ने कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, इसके बावजूद विभिन्न ऑनलाइन कंपनियां वर्षों से दवाओं की बिक्री कर रही हैं। उन्होंने वर्ष 2018 की अधिसूचना GSR 817(E) एवं कोविड काल में जारी GSR 220(E) को तत्काल वापस लेने की मांग भी उठाई। व्यापारियों ने मांग की कि बिना वैध एवं सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री एवं होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई जा रही अत्यधिक छूट एवं प्रीडेटरी प्राइसिंग नीति पर रोक लगाई जाए।

एसोसिएशन के अध्यक्ष जी.डी. जोशी एवं महामंत्री हरीश शर्मा ने कहा कि देशभर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेता स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। कोविड महामारी के दौरान भी दवा व्यापारियों ने निर्बाध दवा आपूर्ति सुनिश्चित कर अपनी जिम्मेदारी निभाई थी। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दवा व्यापारी मौजूद रहे और सरकार से जनहित एवं मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई।

## उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी को दी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन की एक बैठक पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कैप्टन शेर सिंह दिगारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जननेता भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कैप्टन शेर सिंह दिगारी ने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन में मेजर जनरल खंडूरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक रही। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार की दमनात्मक नीतियों के खिलाफ खंडूरी जी ने सड़क से लेकर संसद तक जोरदार संघर्ष किया। आंदोलन के दौरान वह एक माह तक बनारस जेल में भी बंद रहे। संसद में राज्य निर्माण के समर्थन में दिया गया उनका ऐतिहासिक भाषण आज भी उत्तराखंड आंदोलन की यादों को ताजा कर देता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए खंडूरी जी ने राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण एवं उनके कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले लिए। उत्तराखंड राज्य और देश उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। बैठक में मोहन चंद, किसान नेता प्रकाश तिवारी, बहादुर सिंह पाटनी, एडवोकेट गोपाल सिंह बिष्ट, भैरव दत्त पांडे, भगवान जोशी, आलोक गोयल, पूर्व प्रधान पूरन चंद, प्रकाश चंद, सुरेंद्र बिष्ट, सुरेश चंद, बहादुर रावत, बिशन भंडारी, जगदीश चंद, धनी चंद, पुरुषोत्तम दत्ता, हरली देवी, निर्मला मेहता, जनक चंद, बीरबल चंद, भुवन भट्ट, मनोज ओली, पूरन जोशी, मोहन सामंत, उमेद सिंह सहित अनेक राज्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

## भट्ठी की तरह तप रहा प्रदेश, गुरुवार को 23 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी; पांच जिले रहे सबसे गर्म

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। बुंदेलखंड और प्रदेश के दक्षिणी जिलों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। बुधवार को बांदा, प्रयागराज, हमीरपुर और झांसी समेत कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का असर देखने को मिला।

प्रदेश में सबसे अधिक तापमान बांदा में दर्ज किया गया, जहां पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिनभर चलने वाली गर्म हवाओं से सड़कें सूनी रहीं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के 23 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 13 अन्य जिलों में भीषण गर्मी को लेकर चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में रात का तापमान भी सामान्य से अधिक रहेगा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले एक सप्ताह तक पूर्वी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। वहीं पश्चिमी यूपी के कई जिलों में गर्म रातें लोगों की परेशानी बढ़ा सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में जरूरी होने पर ही घर से निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है।

### सर्वाधिक तापमान वाले जिले

बांदा- 48 डिग्री सेल्सियस
प्रयागराज-46 .4 डिग्री सेल्सियस
हमीरपुर-46 .2 डिग्री सेल्सियस
झांसी- 45 .9 डिग्री सेल्सियस
आगरा- 45 .3 डिग्री सेल्सियस

## चुनाव के पहले सर्जरी की तैयारी में बसपा कई मंडल अध्यक्षों को बदलने की तैयारी

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी में बड़ा फेरबदल किया गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने दो दिन पहले दिल्ली से लौटने के बाद बरेली और झांसी मंडल के प्रभारी रह चुके अखिलेश अंबेडकर को लखनऊ मंडल का मुख्य प्रभारी बनाया है। वहीं पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल को प्रयागराज की जगह कानपुर मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं नौशाद अली को कानपुर से हटाकर चित्रकूट मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। लालाराम को झांसी से हटाकर कानपुर मंडल संभालने को कहा गया है।

बसपा सुप्रीमो ने विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत ये फेरबदल अंजाम दिए हैं। जल्द ही कई जिलाध्यक्षों को भी हटाने की तैयारी है। पार्टी तीन राज्यों में मिली करारी शिकस्त के बाद यूपी और उत्तराखंड में संगठन के कील-कांटे दुरुस्त करने में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक बसपा सुप्रीमो आगामी 23 या 24 मई को पार्टी पदाधिकारियों की बड़ी बैठक बुलाने वाली हैं, जिसमें विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन के कार्यों से संबंधित अहम दिशा-निर्देश दिए जा सकते हैं। वहीं जिन जिलों में पार्टी ने प्रभारी बनाए हैं, उन्हें प्रत्याशी घोषित करने के बारे में भी फैसला लिया जा सकता है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद भी शामिल हो सकते हैं। इस दौरान आकाश के यूपी के चुनावी दौरे का कार्यक्रम भी तय किया जा सकता है।

**आ** जन औषधि के साथ ही चिकित्सकों का ब्रांडेड दवाइयां का मोह बरकरार

# स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल के निर्देशों की अवहेलना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल के सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को कड़े निर्देश के बाद भी ब्रांडेड दवाइयां की कंपनियों से मोहन भांग नहीं हो रहा है। सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों द्वारा मरीजों के दवाइयां के पर्चो के साथ ही एक छोटे से कागज की चिट में ब्रांडेड कंपनी की महंगी दवा लिखना नहीं भूलते हैं।

बताया जाता है की दवा कंपनियों के मेडिकल स्टोर से इन चिकित्सकों को मोटा कमीशन मिलता है। उपजिला चिकित्सालय के कुछ एक चिकित्सकों को छोड़कर अधिकांश डॉक्टर गरीब रोगियों को प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही जनरिक जन औषधि केन्द्रों की दवाइयां से शीघ्र लाभ न होने का उलाहना देकर ब्रांडेड कंपनी की दवाइयां अलग से लिखकर मेडिकल स्टोर से खरीद वातें हैं। नसों एवं मांसपेशियों के दर्द के लिए दी जाने वाली दवा पैरागोन एंटी दवा का पत्ता जन औषधि केन्द्र में 35 रुपए का मिलता है। वही दवा मेडिकल स्टोर में ब्रांडेड 150 रुपए से अधिक का पत्ता मिलता है। पैंटोप्राजोले गैस के लिए इस्तेमाल होती है। वर्तमान में अधिकांश लोग गैस से पीड़ित रहते हैं। 10 गोली का पत्ता जन औषधि केन्द्र में 21 रुपए का मिलता है। जबकि ब्रांडेड कंपनी का यही पत्ता 100 से 180 रुपए तक मेडिकल स्टोर में उपलब्ध होता है। रेड क्रॉस से उपलब्ध होने वाली लिवर टॉनिक 50 प्रतिशत छूट पर जन औषधि केन्द्र में मिलता है। लेकिन यही लिवर टॉनिक मार्केट में 225 रुपए से अधिक में उपलब्ध कराया जाता है। व मुश्किल स्वास्थ्य सेवा का लाभ चाहने वाले गरीब लोग ब्रांडेड कंपनियों की आपूर्ति के लिए अच्छा पैसा खर्च करते हैं। कई मामले ऐसे भी मिलते हैं। जबकि मरीज जन औषधि की दवाइयां लेकर डॉक्टर को दिखाता है। लेकिन वह यह कह कर वापस लौटा देते हैं। जन औषधि की दवाइयां लेकर डॉक्टर को दिखाता है लेकिन वह यह कहकर वापस लौटा देते हैं कि यह दवा से ठीक होने में समय लगेगा।

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने गतमाह देहरादून के सरकारी अस्पताल में छह नई सुविधाओं के लोकार्पण अवसर पर सख्त हिदायत दी थी कि डॉक्टरों द्वारा बाहर की महंगी दवा लिखने पर नाराजगी व्यक्त की थी। ऐसे डॉक्टरों को चिन्हित कर उनके विरोध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। उप जिला चिकित्सालय के दवा की पर्चियां के साथ ब्रांडेड कंपनी की दवा की छोट्टी पर्ची के साथ पार्वती देवी, कानचा, अलीशा राणा तथा भगवान सिंह आदि मौजूद थे।

> उप जिला चिकित्सालय से स्वास्थ्य लाभ चाहने वाले रोगियों एवं उनके तीमारदार की कोई ऐसी शिकायत उन्हें नहीं मिली है। कि उन्हें बाहरी मेडिकल स्टोरों की दवाइयां लिखी जा रही है। सरकार की इच्छानुसार स्वास्थ्य लाभ चाहने वाले रोगियों को जन औषधि केन्द्र से उपलब्ध होने वाली दवाइयां ही उनके पर्चा में लिखी जा रही है।
>
> -डॉ. के. सी. पंत सीएमएस उपजिला चिकित्सालय खटीमा

## भीषण गर्मी में भट्ठी बनीं ट्रेनें, एसी फेल होने से कई यात्री बीमार, जनरल बोगियों में हालात और भी खराब

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** भीषण गर्मी और तपन के बीच ट्रेनों का सफर यात्रियों के लिए अग्निपरीक्षा साबित हो रहा है। तकनीकी खामियों और प्रशासनिक लापरवाही के कारण ट्रेनों के भीतर यात्री बीमार पड़ रहे हैं। ताजा मामला छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस और राप्तीसागर एक्सप्रेस का है, जहां एसी कूलिंग पूरी तरह ठप होने और अत्यधिक गर्मी के कारण कई यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। उल्टी, दस्त और दम घुटने की शिकायत के बाद ऐशबाग स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

गाड़ी संख्या 15053 छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस के सेकंड एसी कोच (ए-1) के यात्रियों ने बताया कि बोगी के एसी यूनिट ने अचानक काम करना बंद कर दिया। बाहर की गर्मी और अंदर डिब्बे में वेंटिलेशन न होने से पूरा कोच कुछ ही देर में गर्म भट्ठी में तब्दील हो गया। यात्री विनायक द्विवेदी और ज्ञानेश्वर पांडेय ने सोशल मीडिया पर रेलवे प्रशासन को टैग करते हुए गुहार लगाई कि डिब्बे में हवा न होने से बुजुर्गों और बच्चों का दम घुटने लगा है। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि कई बच्चों और बुजुर्गों को लगातार उल्टियां होने लगीं। यात्रियों ने तुरंत तकनीकी और मेडिकल टीम भेजने की मांग की, जिसके बाद अगले बड़े स्टेशनों पर ट्रेन को अटेंड किया गया।

ऐसी ही एक अन्य घटना गाड़ी संख्या 12521 राप्तीसागर एक्सप्रेस में भी सामने आई। ट्रेन में दो यात्रियों को डायरिया (दस्त) और उल्टी की शिकायत शुरू हो गई। कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद जैसे ही ट्रेन ऐशबाग रेलवे स्टेशन पहुंची, वहां ऐशबाग पॉलीक्लीनिक के अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तिवारी और उनकी पैरामेडिकल टीम ने कोच के भीतर ही मरीज बने यात्रियों का उपचार शुरू किया।

# माँ गोमती के पुनरुद्धार को जनआंदोलन बनाने की पहल

## जनप्रतिनिधियों से लेकर स्कूली बच्चों तक ने किया श्रमदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जनपद में माँ गोमती नदी के पुनरुद्धार और स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से रविवार को गोमती गुरुद्वारा परिसर में जिला प्रशासन एवं नेकी की दीवार सामाजिक संस्था पूरनपुर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य 'माँ गोमती सेवा यज्ञ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा नदी की साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा एवं खण्ड विकास अधिकारी हेमन्त कुमार यादव ने गोमती गुरुद्वारा में अरदास के साथ किया। इसके बाद सभी ने स्वयं नदी किनारे उतरकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया और लोगों को नदी संरक्षण का संदेश दिया।


माँ गोमती सेवा यज्ञ' में श्रमदान करते जिलाधिकारी व अन्य।

विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था और जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि माँ गोमती को स्वच्छ और अविरल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि गोमती का उल्लेख गुरु ग्रन्थ साहिब में भी मिलता है, जो इसकी आध्यात्मिक महत्ता को दर्शाता है। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गोमती नदी गंगा से भी प्राचीन मानी जाती है और आने वाले समय में इसका महत्व हरिद्वार की तरह स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि नदियाँ मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण की आधारशिला हैं। यदि नदियाँ सुरक्षित रहेंगी तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल अभियान तक सीमित न रहें, बल्कि नियमित रूप से नदी संरक्षण में योगदान दें। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, स्वयंसेवकों, महिलाओं और स्कूली बच्चों ने नदी किनारे सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षक राजवीर सिंह शेखावत, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित जवानों ने श्रमदान कर अभियान को मजबूती दी। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सदस्य सुखदीप सिंह, अमरीक सिंह, बाबा गुरमेल सिंह, धन्ना बाबा जत्तेदार, बाबा सुखदेव सिंह, ग्राम प्रधान जगजीत सिंह, एसएसबी, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड्स के सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## जमीन की बिक्री के नाम पर लाखों की ठगी

**पूरनपुर।** बदायूं के बिसौली क्षेत्र के गांव कोट निवासी अनिकेत सिंह और उनके चाचा उधम सिंह से जमीन बेचने के नाम पर 63 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

पीड़ित ने बताया कि बरेली की विष्णुधाम कॉलोनी निवासी सत्येंद्र पाल सिंह उर्फ गोल्डी और उसकी पत्नी करनजीत कौर ने ग्राम अभयपुर माधोपुर में अपनी साढ़े सात एकड़ कृषि भूमि बेचने का सौदा किया था। सौदे के तहत उधम सिंह ने सत्येंद्र के खाते में 25 लाख रुपये ट्रांसफर किए और 38 लाख रुपये पति-पत्नी को नगद दिए। रकम लेने के बाद आरोपी बैनामा कराने में टालमटोल करने लगे। बाद में पीड़ितों को पता चला कि आरोपियों ने वह जमीन किसी और को बेच दी है। पैसे मांगने पर आरोपियों ने रकम वापस नहीं की। एसपी के आदेश पर घुंघचाई पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पीलीभीत में पारा 42C के पार, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जारी की हीटवेव एडवाइजरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** जनपद में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। मंगलवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके बाद जिला प्रशासन ने लू और हीटवेव को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है।

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी तेज गर्मी और लू का प्रकोप जारी रह सकता है, इसलिए सभी लोग सावधानी बरतें और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। यदि किसी जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़े तो सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढककर ही निकलें। उन्होंने कहा कि तेज धूप से बचाव के लिए हल्के रंग के सूती कपड़े पहनना बेहद जरूरी है, क्योंकि सूती कपड़े शरीर को ठंडक पहुंचाने में मदद करते हैं। उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी। साथ ही बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है, क्योंकि ये लोग गर्मी से जल्दी प्रभावित होते हैं। चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द या अत्यधिक थकान महसूस होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करने की अपील की गई है। जिलाधिकारी ने पशु-पक्षियों के लिए भी घरों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी रखने की अपील की। उन्होंने नगर निकायों को सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल और छायादार स्थानों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं स्कूलों, कार्यालयों और औद्योगिक इकाइयों से भी कर्मचारियों और विद्यार्थियों को गर्मी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने को कहा गया है।

# वर्किंग गैस पाइपलाइन कटने से मचा हड़कंप, बड़ा हादसा टला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** निरंजन कुंज कॉलोनी में पिछले कई दिनों से चल रहे खुदाई कार्य के दौरान सोमवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कॉलोनी में जेसीबी मशीन से की जा रही खुदाई के दौरान वहां से गुजर रही चालू गैस पाइपलाइन कट गई, जिससे इलाके में गैस रिसाव का खतरा पैदा हो गया और लोगों में दहशत फैल गई।


जेसीबी से कटी गैस पाइप लाइन।

स्थानीय लोगों के अनुसार कॉलोनी में पिछले पांच-छह दिनों से बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम और रूट मैपिंग के लगातार गड्ढे खोदे जा रहे हैं। आरोप है कि संवेदनशील कार्य के बावजूद मौके पर गैस कंपनी का कोई तकनीकी कर्मचारी या सुरक्षा सुपरवाइजर मौजूद नहीं था। पाइपलाइन कटने के काफी देर बाद अधिकृत एजेंसी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू कराया। निवासियों ने रोष जताते हुए कहा कि रिहायशी इलाके में इस तरह की लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती थी। लोगों का कहना है कि यदि गैस रिसाव के दौरान कोई चिंगारी भड़क जाती, तो भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था। कॉलोनीवासियों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई और सुरक्षित तरीके से कार्य कराने की मांग की है।

## टुकटुक चालक ने की महिला से जबरदस्ती

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला करीमगंज की रुकसाना को एक परिचित टुकटुक चालक अपने साथी के साथ जबरन बाइक पर बैठाकर ले गया। पीड़िता 19 मई को डॉक्टर के पास दवा लेने गई थी, जहां से आरोपी उसे आसाम रोड की तरफ ले गए।

माहदिया मोड़ पर जब महिला किसी तरह उतरी, तो आरोपियों ने उसे दोबारा बैठाने की कोशिश की। विरोध करने पर उन्होंने महिला को लात-घूंसों से पीटा और उसका मोबाइल तोड़ दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार टुकटुक चालक और उसके साथी की तलाश शुरू कर दी है।

# पीलीभीत में दवा बंदी बेअसर, कई दुकानें खुलीं, कई रहीं बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ऑनलाइन फार्मेसी और अवैध दवा बिक्री के विरोध को लेकर बुधवार को पीलीभीत का दवा व्यापार दो धड़ों में बंटा नजर आया। एक ओर जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर कई दवा व्यापारियों ने सांकेतिक हड़ताल करते हुए मेडिकल स्टोर बंद रखे, वहीं दूसरी ओर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन (CDFA) ने जनहित को सर्वोपरि बताते हुए जिलेभर में दवा दुकानें खुली रखीं। इससे दवा आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित जरूर हुई, लेकिन पूरी तरह बाधित नहीं हो सकी।







पीलीभीत में खुले हुए और बंद मेडिकल स्टोर। -जागरण मोर्चा

जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद तिवारी और महासचिव आलोक बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों ने ऑनलाइन दवाओं की बिक्री और होम डिलीवरी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। संगठन ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपकर बिना वैध चिकित्सीय पर्चे के ऑनलाइन दवा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, कोविड काल में जारी अधिसूचनाओं GSR 817(E) एवं GSR 220(E) को वापस लेने तथा ई-फार्मेसी कंपनियों की 'डीप डिस्काउंटिंग' और 'प्रेडेटरी प्राइसिंग' नीतियों पर रोक लगाने की मांग की। वहीं दूसरी ओर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने बंदी का विरोध करते हुए मेडिकल स्टोर सामान्य रूप से संचालित किए। संगठन के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा, महासचिव मनोज जायसवाल और कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि भीषण गर्मी और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को दवाओं के लिए परेशान नहीं होने दिया जा सकता। इसी कारण शहर समेत ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में दवा दुकानें खुली रखने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के अनुसार पीलीभीत शहर के अलावा पूरनपुर, बरखेड़ा, बीसलपुर, माधोटांडा, जहानाबाद, न्यूरिया, अमरिया और अन्य क्षेत्रों में भी अधिकांश मेडिकल स्टोर खुले रहे और मरीजों को दवाइयां सुचारु रूप से उपलब्ध कराई गईं। संगठन पदाधिकारियों ने दावा किया कि इस निर्णय को दवा व्यापारियों और आम लोगों का व्यापक समर्थन मिला। दोनों संगठनों ने अपने-अपने समर्थन में प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की सूची भी जारी की। जिला केमिस्ट्स एसोसिएशन की ओर से सचिन अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, रहमान हसन खान, रत्न नाथ मिश्रा, राकेश राय हांडा, विनय साहनी और नितिन आनंद सहित कई व्यापारियों ने समर्थन दिया। वहीं वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से प्रमोद जिंदल, दिलीप अग्रवाल, कमल भल्ला, प्रिंस जिंदल, विनय अग्रवाल, अमित अवस्थी, अशोक गंगवार और रामाकांत मौर्य समेत कई पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय व्यापारिक जानकारों का मानना है कि ऑनलाइन फार्मेसी को लेकर सभी दवा व्यापारी चिंतित हैं, लेकिन विरोध के तरीके को लेकर सामने आया यह मतभेद अब पीलीभीत के दवा व्यापार की अंदरूनी खींचतान को भी उजागर कर रहा है।

# बन भूमि की जमीन से हटाया अवैध कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पीटीआर रिजर्व की नवदिया बंकी बीट में वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाया गया। खलवली मच गई। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।



पीलीभीत (पीटीआर) की दियूरिया रेंज की नवदिया बंकी बीट जो शाहजहांपुर जिले में आती है। इसका 8.13 हैक्टेयर क्षेत्रफल शाहजंहापुर क्षेत्र में आता है। नवदिया बंकी बीट क्षेत्र में लंबे समय से कई लोग अवैध कब्जा कर फसलें कर रहे हैं। वन भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं। लगातार चेतावनी देने के बावजूद कब्जे नहीं हटाए गए। वन विभाग की टीम जेसीबी और पुलिस बल के नवदिया बंकी बीट पहुंच गई, प्रशासनिक कार्रवाई की भनक लगते ही खलवली मच गई। किसानों का कहना था कि वे कई वर्षों से उक्त भूमि पर खेती कर रहे हैं और इसी से उनके परिवारों का पालन-पोषण होता है। इसके बाद फिर बुलडोजर गरजना शुरू हुआ। जेसीबी से घंटों तक कार्रवाई करते हुए वन भूमि को कब्जा मुक्ता कराया गया। अब तक वन भूमि कब्जा मुक्त कराई जा चुकी है। विना नोटिश दिए और विना सूचना के ही कब्जा हटाने का आरोप किसानों ने लगाया। कार्रवाई के दौरान पीटीआर के अधिकारी, दियूरिया रेंज के वन अधिकारियों के अलावा राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही। बड़ी संख्या में पुलिस बल जगह जगह मौजूद रहा। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर रखी थी, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित न हो। इससे पहले 15 मई को कब्जा हटवाया गया था। अब तक करीब तीस हैक्टेयर जमीन कब्जा मुक्त कराई जा चुकी है। वन क्षेत्राधिकारी लल्लन स्वरूप दीक्षित ने बताया अभी कब्जा लगातार हटाया जा रहा है। आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## महिला की झोपड़ी में लगाई आग, सामान जलकर राख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** महिला को झोपड़ी से बाहर फेंक दिया। इसके बाद आरोपियों ने झोपड़ी में आग लगा दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कढैया का है। गांव की रहने वाली शांति देवी ने दर्ज कराए केस में कहा है कि वह कई वर्षों से अपने मायके में झोपड़ी डालकर रह रही है। बकरी और मुर्गी पालन करके अपना गुजर बसर कर रही है। गांव के कुछ लोग उसकी झोपड़ी को हटाकर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि पांच मई को रात्रि करीब दस बजे आरोपी एक राय होकर गंदी गंदी गालियां देने लगे,जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उसको अपमानित किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते हुए उसको झोपड़ी से बाहर फेंक दिया। जिससे उसके कपड़े फट गए। इसके बाद आरोपियों ने उसकी झोपड़ी में आग लगा दी। आग में उसका घरेलू सामान, कपड़े, दो बकरी के बच्चे भी जलकर मर गए। जैसे तैसे उसने कुछ जानवरों को खोलकर भगा दिए। गांव के कुछ लोग आ गए और बीच बचाव किया। इस पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत करने महिला घुंघचाई थाने पहुंची,लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की,महिला शांति देवी ने कोर्ट की शरण ली,कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गांव के ही त्रिवेंद्र यादव, रामसनेही, सुनील यादव व वीरेंद्र यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# भूसा निर्यात रोकें, पशु चारा संकट गहराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने जनपद से बड़े पैमाने पर बाहरी जिलों में भेजे जा रहे भूसे पर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपकर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो जिले की गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के सामने चारे का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।


भूसे को बाहर भेजने पर रोक को लेकर मांग पत्र देते अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता।

महासभा पदाधिकारियों के अनुसार गेहूं कटाई के बाद बाहरी व्यापारी गांव-गांव जाकर किसानों से अधिक कीमत का लालच देकर भारी मात्रा में भूसा खरीद रहे हैं। आरोप है कि रात के समय बड़े ट्रालों के जरिए भूसा जिले से बाहर भेजा जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर कमी की स्थिति बनने लगी है। संगठन ने प्रशासन से सीमावर्ती चौकियों और थानों पर रात में सघन चेकिंग कराने, बिना अनुमति भूसा ले जाने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने और पकड़े गए भूसे को गौशालाओं को उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही एसडीएम, सीओ, थाना पुलिस और पशुपालन विभाग की संयुक्त निगरानी व्यवस्था बनाने तथा गौशालाओं के लिए पर्याप्त भूसा भंडारण सुनिश्चित करने की अपील की गई है। महासभा ने कहा कि गोवंश संरक्षण सामाजिक और धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय है, इसलिए प्रशासन को जनहित में जल्द सख्त कदम उठाने चाहिए।

### सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, सभासद पर कार्रवाई की मांग

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर यशपाल सिंह (चिन्तू) ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के वार्ड नंबर 11 के सभासद राजकुमार पर करोड़ों रुपये की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। भाकियू के अनुसार सार्वजनिक नई परती भूमि पर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हुई है और सरकार को भारी राजस्व नुकसान पहुंचा है।




# नाबालिग भगाकर फर्जी शादी का आरोप, एसपी से गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना जहानाबाद के ग्राम नूरपुर निवासी एक मां ने अपनी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा करने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शादी कराने का गंभीर आरोप लगाया है। स्थानीय पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न किए जाने पर परेशान पीड़िता ने एसपी पीलीभीत से न्याय और बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

पीड़ित मां भगवती के अनुसार, उनकी नाबालिग बेटी (जन्मतिथि 24 दिसंबर 2012) ग्राम चन्दोई में अपनी मौसी के घर गई हुई थी। आरोप है कि बीती 19 मार्च को शाहजहांपुर के ग्राम फुलवा निवासी सुदीप ने अपने बीसलपुर निवासी बहनोई विमलेश की मदद से उसे अगवा कर लिया। इस संबंध में कोतवाली पीलीभीत में संबंधित धाराओं में मुकदमा भी दर्ज है। मां का आरोप है कि मुख्य आरोपी सुदीप ने अपनी बहन स्वाति के सहयोग से नाबालिग का फर्जी आधार कार्ड बनवाकर उम्र बढ़वाई और मंदिर में फर्जी शादी कर ली। घटना के लंबे समय बाद भी पुलिस केवल पूछताछ की औपचारिकता निभा रही है और बेटी को बरामद नहीं कर सकी है। पीड़ित मां ने बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए सभी आरोपियों को जेल भेजने की मांग की है।

धरना | मांगे पूरी ना करने पर आंदोलन की दी गई चेतावनी

# समस्याओं को लेकर भाकियू (भानू) का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पूरनपुर तहसील परिसर में घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों, देशव्यापी महंगाई और किसानों की विभिन्न जलंत समस्याओं को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता और किसानों का जीना दुश्वार कर दिया है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। दूसरी ओर, खेती की लागत (डीजल, खाद, बीज और कीटनाशक) लगातार महंगी हो रही है, लेकिन किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। आवारा पशुओं का आतंक और बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने किसानों को कर्ज के दलदल में धकेल दिया है।संगठन ने महामहिम को संबोधित ज्ञापन सौंपकर रसोई गैस के दाम घटाने, गन्ना बकाया भुगतान तुरंत कराने, बिजली दरें कम करने और आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की।


धरना देते भाकियू भानू गुट।

### बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**शेरपुर कलां।** सब-स्टेशन से जुड़े दर्जनों गांवों में अघोषित बिजली कटौती और अनियमित रोस्टिंग से परेशान ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन (भानु) के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में घंटों कटौती के बाद केवल आधे घंटे बिजली दी जा रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाकियू (भानु) पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि जल्द सुचारू विद्युत आपूर्ति बहाल न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अमानुल्ला, जावेद खान, सैफ रजा मोंटू, लुकमान, जुनैद, शोएब, शकील और हारून खान सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर के कमरे में फंदे से लटका मिला नव विवाहिता का शव

**बदायूं।** नव विवाहिता का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिलने के बाद हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या के आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को दीं है। मामले की जांच पुलिस कर रही है। उघैती थाना क्षेत्र के गांव एपुरा निवासी बाबू ने अपनी बेटी फिजा की शादी 40 दिन पहले मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव कोल्हाई निवासी दानिश के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले फिजा को अतिरिक्त दहेज को प्रताड़ित करने लगे। अतिरिक्त दहेज मांगने की शिकायत फिजा ने मायके में अपने माता-पिता को बताई। मगर दहेज लोभी ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रताड़ित करना बंद नहीं किया। बुधवार को फिजा का शव उसके ही कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मायका पक्ष को दी गई। सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे तो शव घर में पड़ा था। मायके पक्ष ने ससुरालयों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कच्छा-बनियानधारी गिरोह ने परिवार को बंधक बनाकर लूटा

## बदमाशों ने पीटकर परिजनों को किया लहूलुहान, बदमश परिजनों से बोले मीट खाते हो, फिर शुरू की मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** इस्लामनगर कस्बे के मोहल्ला हाता में कच्छा बनियानधारी गिरोह के करीब आधा दर्जन बदमाशों ने एक परिवार को बंधक बनाकर उसके साथ लूटपाट की। बदमाशों ने परिजनों से खाने के बारे में पूछा तो परिवार ने कहा कि आज मीट रोटी खाई है। इसके बाद बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। पूरे परिवार को बंधक बना लिया, जिसमें परिवार के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लाखों की डकैती डालने के बाद बदमाश भागने में सफल हो गए। इसी के साथ ही पास के अन्य गांव में चोरों ने पांच घरों को निशाना बनाया। सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और रात भर बदमाशों की तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा सका। बुधवार सुबह घटना की जानकारी होने पर एसएसपी अंकिता शर्मा,एसपी देहात हृदेश कठेरिया, सीओ बिल्सी के के तिवारी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और


घटना स्थल का निरीक्षण करती एसएसपी अंकिता शर्मा। –जागरण मोर्चा

घटना की छानबीन की। एसएसपी ने एसओजी व पुलिस टीम को लगाकर घटना के जल्द खुलता करने के निर्देश दिया है।

जिले में अपराधी बेखौफ हैं और लगातार बारदात को अंजाम दिया जा रहा है। सोमवार-मंगलावर की रात को दातागंज के डहरपुर स्थित पीएनबी बैंक काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस इस घटना का सुराग नहीं लगा सकी है तब तक कच्छा-बनियानधारी गिरोह ने लूटपाट के साथ बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया है। पुलिस को 50 घंटे के अंदर जनपद में दूसरी बड़ी बारदात कर चुनौती दी गई है। फिलहाल इस घटना में पुलिस जांच पड़ताल में लग गई है। थाना पुलिस सहित छह टीमें जांच पड़ताल में लगी हैं। सर्विलांस टीम के साथ एसओजी टीम भी जांच पड़ताल में हैं। इसके अलावा पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। घटना इस्लामनगर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद नया मोहल्ला और सिठौली गांव की है। मंगलवार-बुधवार की देर रात कच्छा-बनियान गिरोह ने जमकर तांडव मचाया। बदमाशों ने किसान के परिवार को बंधक बनाकर लाखों रुपये की डकैती डाली और विरोध करने पर जमकर मारपीट की। जिससे पांच लोग घायल हो गए। कच्छा बनियानधारी गिरोह ने मुस्तफाबाद और सिठौली गांव समेत पांच घरों को निशाना बनाया। वारदातों के बाद इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर कई थानों की पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जांच शुरू कर दी गई। बदमाशों ने घर में घुसते ही सबसे पहले परिवार को बंधक बना लिया और निजाकत के नाती को पकड़कर अलमारी व बक्सों की चाबी मांगी। विरोध करने पर बदमाशों ने जमकर मारपीट की। घटना में निजाकत, मिस्किन, फिजा बहू, शबनम पत्नी रिफाकत, नाजिश बेटी निजाकत और अल्तमश पुत्र रिफाकत घायल हो गए। सभी जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित परिवार के अनुसार बदमाश करीब आठ तोला सोना, ढाई से तीन किलो चांदी और करीब सवा लाख रुपये नकद लूट ले गए।

### बंधक बनाकर डाली डकैती

इस्लामनगर थाना के गांव मुस्तफाबाद नया मोहल्ला में कच्छा बनियानधारी गिरोह ने हमला बोल दिया। मुस्तफाबाद नया मोहल्ला निवासी निजाकत पुत्र मोहम्मद नवी खेती-किसानी और मजदूरी करते हैं। वह मूल रूप से मुड़िया धुरेकी के रहने वाले हैं और दो वर्ष पहले यहां आकर बसे थे। मंगलवार रात उनके भाई रिफाकत और परिवार के अन्य लोग उर्स का मेला घूमने को गए थे। रात को आधा दर्जन से अधिक बदमाश आ गए और लाठी-डंडा और सरिया के साथ असलाह भी थे। जिनसे हमला भी किया है।

### एक रात और पांच घरों में तांडव

इस्लामनगर के गांव मुस्तफाबाद गांव में ही डकैती जैसी घटना को अंजाम नहीं दिया इसके अलावा गांव सिठौली में कृष्णा पत्नी हरचरण जाटव के घर भी पांच बदमाश घुस गए। महिला घर के गेट पर सो रही थी। जागने पर बदमाशों ने धमकाकर चुप करा दिया और घर से सोने-चांदी के जेवर ले गए। पास में रहने वाले प्रेमपाल जाटव के घर में भी चोरी की वारदात हुई। परिवार छत पर सो रहा था और सुबह चोरी की जानकारी हुई। बदमाशों ने पूरी तरह से तांडव मचाया है। वहीं गांव में श्याम सिंह और उनके बेटे कुलदीप यादव के घर भी बदमाश घुस गए। कुलदीप की मां नीचे सो रही थीं। बदमाश उनके कान का कुंडल लूट ले गए। शोर सुनकर कुलदीप, जो फौजी बताए जा रहे हैं, जाग गए और बदमाशों को ललकारा, जिसके बाद वह फरार हो गए।मुकेश कुमार के घर भी बदमाश घुस आए और दो मंगलसूत्र, पायल समेत अन्य जेवर चोरी कर ले गए। परिवार के जागने पर बदमाशों ने उन्हें दबोच लिया।

### छह टीमों संग सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

मुस्तफाबाद और सिठौली में डकैती जैसी घटना और कच्छा बनियानधारी गिरोह के तांडव की सूचना पर इस्लामनगर थाना पुलिस के अलावा बिल्सी, उघैती समेत आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ बिल्सी केके तिवारी और एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया ने घटनास्थलों का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने सभी स्थानों से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं सर्विलांस टीम के साथ एसओजी टीम लगी है वहीं आसपास इलाकों में सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं। चार टीमों को घटना के खुलासा को लेकर लगाया है।

### क्या बोली एसएसपी अंकिता शर्मा

मंगलवार की रात्रि में थाना इस्लामनगर क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला हाता में एक घर में घुसकर 04 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर जेवर व पैसे ले जाने की घटना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली गई ।घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना इस्लामनगर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। चार टीमें गठित कर सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यम के आधार पर घटना के शीघ्र अनावरण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।

# आसफपुर चौकी क्षेत्र में चोरों का आतंक, लगातार वारदातों से दहशत

## मंदिर, ट्यूबवेल, पानी की टंकी, दुकान और बाइक तक निशाने पर, कई घटनाओं का अब तक नहीं हुआ खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र की आसफपुर चौकी इलाके में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों, किसानों और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। बीते करीब तीन महीनों में क्षेत्र में दर्जनभर चोरी और चोरी के प्रयास की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। चोर मंदिर, पानी की टंकी, ट्यूबवेल, दुकान और मोटरसाइकिल तक को निशाना बना चुके हैं। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है, जबकि स्थानीय लोग पुलिस गश्त और चौकी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय प्रभावी पुलिस गश्त न होने से चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों के बीच अब यह चर्चा आम हो गई है कि "चोर मस्त हैं और पुलिस सुस्त।

**एक के बाद एक हुई चोरी की घटनाएं**

- आसफपुर चौकी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है।
- 17 फरवरी को मंगलवार की बाजार से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई।
- इसके बाद 13 मार्च को ग्राम राजटिकोली स्थित पानी की टंकी के टावर पर चोरी की घटना हुई।
- 22 मार्च को एक किसान के ट्यूबवेल को चोरों ने निशाना बनाया।
- उसी ट्यूबवेल पर दोबारा 10 मई को फिर चोरी की घटना हो गई, जिससे किसान परेशान हैं।
- 25 मार्च को ग्राम दून्दपुर में किसान के ट्यूबवेल से स्टार्टर और केबिल चोरी कर लिए गए।
- 20 अप्रैल को ग्राम पहाड़पुर स्थित पानी की टंकी में चोरी की घटना हुई।
- इसके बाद 22 अप्रैल की रात चोरों ने आतंक मचाते हुए पांच ट्यूबवेलों और स्टेशन के नजदीक बने हनुमान मंदिर को निशाना बनाया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल फैल गया था।
- 29 अप्रैल को दून्दपुर स्थित पाराशरी मार्केट में एक डीजे संचालक की दुकान में चोरी हुई।
- वहीं 13 मई को ग्राम दून्दपुर से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

### थाना प्रभारी बोले-अधिकांश मामलों का हो चुका खुलासा

उधर थाना प्रभारी सुभाष कुमार ने बताया कि क्षेत्र में हुई अधिकांश पुरानी चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केवल ट्रॉली चोरी और बाइक चोरी के दो मुकदमे शेष हैं। थाना प्रभारी के अनुसार स्कूल में हुई चोरी का भी खुलासा हो चुका है। उन्होंने बताया कि रामपुर में पकड़े गए कुछ चोरों ने पूछताछ में यहां भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस शेष मामलों के जल्द खुलासे के प्रयास में जुटी हुई है।

### सीसीटीवी में कैद हुए बाइक चोर

13 मई को हुई बाइक चोरी की घटना CCTV कैमरे में कैद हो चुकी है। फुटेज में दो युवक बेहद आराम से बाइक को धक्का देकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। घटना का वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि पुलिस जल्द चोरों तक पहुंच जाएगी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### राजटिकोली में चोरी का प्रयास भी

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम राजटिकोली में पानी की टंकी पर चोर बुलेट मोटरसाइकिल से पहुंचे थे। चोर वहां चोरी करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों की हलचल होने पर मौके से भाग निकले। इस घटना के बाद लोगों में और ज्यादा भय का माहौल बन गया है।

### किसानों और व्यापारियों में आक्रोश

लगातार हो रही घटनाओं से किसान और व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि ट्यूबवेलों से स्टार्टर और केबिल चोरी होने से खेती प्रभावित हो रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि बाजार और दुकानों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# बिसौली क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप, दो लाख उपभोक्ता परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर और ग्रामीण इलाकों में इन दिनों बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। पिछले एक सप्ताह से लगातार रात और दोपहर के समय हो रही भारी अघोषित कटौती और हाई-लो वोल्टेज की समस्या ने उपभोक्ताओं का जीना मुहाल कर दिया है। इस उमस भरी गर्मी में बिजली न मिलने से आम जनता बेहाल है।बिजली संकट से आक्रोशित किसान उपभोक्ताओं ने तहसील परिसर में बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और धरना प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि अघोषित बिजली कटौती के कारण सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे उनकी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष कृष्णअवतार शर्मा और सर्राफा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि विभाग का निर्बाध बिजली देने का दावा पूरी तरह हवाहवाई साबित हुआ है। विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र वार्ष्णेय ने बताया कि आपूर्ति के दौरान दर्जनों बार ट्रिपिंग होती है और मामूली फाल्ट ठीक करने में घंटों लगा दिए जाते हैं। भाकियू (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष मुकेश भदोरिया ने विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता परेशान है और जिम्मेदार मूकदर्शक बने बैठे हैं। उपभोक्ताओं ने जल्द आपूर्ति सुधारने की मांग की है।

# देवरहा बाबा स्कूल में समर कैंप संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में कक्षा 4 से कक्षा 8 में आर्ट एंड क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग, डांस, इंग्लिश स्पीकिंग, कुकिंग, एंब्रॉयडरी, मेहंदी, रंगोली मंडेला आर्ट प्रशिक्षण दिए गए। सभी परीक्षण कक्षाएं विद्यालय की शिक्षिका कविता कथूरिया तथा रोमा कपूर के निर्देशन में सिखाए जा रहे हैं।

शिक्षिका सुंदरी, विनीता, पूजा सिंह, गायत्री मिश्रा, पूनम, स्वाति अग्रवाल, श्वेता शर्मा, प्रीति पाल, शिल्पी गर्ग, काव्या, विकास गुप्ता, सागर गुप्ता, आयुष जौहरी, शालिनी शर्मा आदि शिक्षकों ने बच्चों से बहुत ही अच्छे अच्छे कार्ड आर्ट एवं क्राफ्ट के उपयोगी साज सज्जा के सामान एंव किले मॉडलिंग में शिवलिंग शिवजी गणेश जी विभिन्न




प्रकार के फूल एवं फल गुलदस्ते मंडेला आर्ट में बांसुरी तथा मेहंदी के सुंदर-सुंदर डिजाइन के साथ कुकिंग में भेलपुरी, सैंडविच, शिकंजी, फ्रूट चाट, चना मसाला बनवाए। छात्र-छात्राओं में अव्यय यादव, अक्षत गौर, आशीष आरव भट्ट, आरिश खान, अलमीर खान, अक्षिता सक्सेना, दीया विश्वास, डेविड, दीपांशु, देवांश यादव, भोपाल, हार्दिक चौधरी, कार्तिक, काव्या मिश्रा, कनिष्क यादव, ललित कुमार, माधव सक्सेना, निधि कनौजिया, निकुंज, निशांत, प्रत्यक्ष पाठक, रिया कुमारी, सम्राट सिंह, शौर्य, सूर्यांश, शिवांश, तनिष्क सिंह आदि ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मीनू बत्रा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों की कल्पना शक्ति तीव्र होती है एवं सृजनात्मकता बढ़ती है। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।

# बिसौली पुलिस ने की वाहन चेकिंग

**बिसौली।** कोतवाली पुलिस ने देर रात अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर में पैदल गश्त किया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ स्थानीय बाजारों, प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।गश्त के दौरान इंस्पेक्टर ने दुकानदारों और राहगीरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों को वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन की भी अपील की गई।

# किसान दिवस: समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** उप कृषि निदेशक कार्यालय में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि, बैंक, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उप कृषि निदेशक बदायूं ने सभी कृषकों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए किसानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 30 मई तक जनपद के सभी किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, अन्यथा एक जून से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं कृषि तथा सम्बद्ध विभागों की योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो सकता है। किसानों को बताया गया कि वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री जनसेवा केंद्र, कृषि विभाग के कर्मचारियों, लेखपाल अथवा पंचायत सहायकों के माध्यम से करा सकते हैं। किसान दिवस में किसानो द्वारा खाद एवं बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी मांगी गई, जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर धान एवं ढैंचा का बीज उपलब्ध है। किसान बीज की बुकिंग कर चयन होने के उपरांत बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही राजकीय कृषि रक्षा इकाइयों पर रसायन भी उपलब्ध हैं, जिन्हें किसान अनुदान पर प्राप्त कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम बगरैन में बिजली ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या उठाई। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण प्रथम ने समस्या का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। किसानों द्वारा समय से बिजली न मिलने के कारण मक्का की फसल की सिंचाई प्रभावित होने की शिकायत भी की गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। किसानों को विद्युत सामग्री समय से उपलब्ध न होने की समस्या रखी। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण प्रथम ने जांच कर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। उप कृषि निदेशक ने किसान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों से किसानों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों एवं किसान बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए किसान दिवस के समापन की घोषणा की।

# हिस्ट्रीशीटर कर रहा जुआ और स्मैक का अवैध कारोबार

जागरण मोर्चा कार्यालय

## मुख्यमंत्री से फिर शिकायत

- एसएसपी ने सदर कोतवाली पुलिस को सौंपी जांच
- आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दें रही पुलिस
- शहर छोड़कर फरार हो गए है आईपीएल सट्टे के मुख्य आरोपी

**बदायूं।** शहर में खिलाये जा रहे आईपीएल सट्टे को लेकर की गई शिकायत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री के नाम एक और शिकायत भेजकर हिस्ट्रीशीटर व उसके साले की शिकायत दर्ज कराई गई है।

आरोप है कि सट्टा, जुआ और स्मैक के अवैध रूप से संचालित कारोबार को बंद नहीं किया गया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए बड़े बड़े होटलों में बैठकर अवैध कारोवार कर रहे हैं। आरोप लगाया गया है कि ये दोनों साले-बहनोई मिलकर गिरोह चला रहे हैं, जिससे करोड़ों रुपये का सट्टा खिलाया जा रहा है। इसके अलावा स्मैक का अवैध धंधा करा रहे हैं। हालांकि इस मामले में तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा ने संज्ञान लिया है और जांच एसपी सिटी अभिषेक सिंह को सौंपी है।

**अब वजीरगंज के रवि ने मुख्यमंत्री से की शिकायत**

शहर में आईपीएल सट्टा की जड़ें जनपद भर में फैल चुकी हैं। बदायूं शहर में आईपीएल सट्टा हो रहा है जिसकी शिकायत अब वजीरगंज निवासी रवि कुमार पुत्र स्व. कैलाश चंद्र ने मुख्यमंत्री से की है। मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कहा, हिस्ट्रीशीटर आईपीएल सट्टा करा रहे हैं, जिसकी वजह से युवा पीढ़ी बर्वाद हो रही है। पुलिस को लगातार शिकायतें की गई लेंकिन हिस्ट्रीशीटर की जड़ें मजबूत हैं और पुलिस के दो अधिकारियों से सेटिंग है इसलिए यह अवैध धंधा फलफूल रहा है।

**कोतवाली और मूसाझाग में खुली हिस्ट्रीशीटर**

आरोपी थाना कोतवाली सदर का अस्थायी निवासी है, जबकि उसका साला थाना मूसाझाग के तालगांव का स्थायी निवासी है। आरोपी पर गुंडा अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और वह हिस्ट्रीशीटर है। साला भी aमूसाझाग थाने का 22वें नंबर का हिस्ट्रीशीटर है और मेहराज के साथ कई मुकदमों में आरोपी है। शिकायत में कहा, यह लोग शहर में गिरोह बनाकर कुछ पुलिस कर्मियों भी इनकी मदद से सट्टा, जुआ व मादक पदार्थ का कारोबार करते हैं।

**सत्ताधारी नेताओं से भी कनेक्टशन**

हिस्ट्रीशीटर मैहराज चौधरी गैंग का मुख्य सरगना है और सधीर चौधरी के सहारे पूरा सट्टा कारोबार चला रहा है। क्योंकि सगीर चौधरी के अधिकारियों और सत्ता के नेताओं से मधुर संबंध हैं, जिसका उपयोग वह अपने अवैध धंधे चलाने के लिए करता है। मांग की एसएसपी को इस मामले में जांच कराने का निर्देश दिये जायें। नेताओं के संरक्षण में अवैध धंधा चल रहा है।

**एसपी सिटी को सौंपी मामले की जांच**

शहर में अवैध आईपीएल सट्टा और जुंआ के फड़ सजाए जा रहे हैं। जिसको मैहराज चौधरी गैंग चला रहा है। इस पूरे मामले की जांच एसएसपी अंकिता शर्मा ने एसपी सिटी अभिषेक सिंह को दी है। कोतवाली पुलिस आरोपियों की तलाश में भी जुटी है। कोतवाल संजय सिंह ने बताया पुलिस टीम लगातार सक्रिय है।

**मिलकर गैंग करता है अवैध काम**

आरोप है यह लोग मिलकर सट्टा, जुआ और स्मैक की तस्करी का काम करते हैं। मेहराज चौधरी पर गुंडा अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम तथा एनडीपीएस एक्ट जैसे कई मामले दर्ज हैं। सधीर चौधरी का भी मेहराज के साथ कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इस गिरोह के प्रमुख सदस्यों में मेहराज का भाई, सधीर का भाई भी शामिल हैं।

# बिजली व्यवस्था ठप, किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** क्षेत्र में लगातारहो रही बिजली कटौती से परेशान किसानों और ग्रामीणों ने मंगलवार को वजीरगंज विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया। किसानों ने थाना पुलिस को ज्ञापन सौंपकर निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर बिजली न मिलने से मक्का की फसल सूखने लगी है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उनका कहना है कि सिंचाई प्रभावित होने से फसल बर्बाद होने की आशंका बढ़ गई है और किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ रहा है। प्रदर्शन में वनकोटा, जखोलिया, करकटपुर, महेरा, धोरेरा, कर्रगांव, जाहरपुर और गरुईया समेत कई गांवों के किसान शामिल हुए। किसानों



ने आरोप लगाया कि 24 घंटे में केवल दो से तीन घंटे ही बिजली मिल रही है, जबकि बिजलीघर की लॉग बुक में सात घंटे सप्लाई दर्ज दिखाई जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार केवल कुछ मिनटों के लिए ही बिजली दी जाती है। किसानों ने लाइनमैन पर खंभे और तार ठीक करने के नाम पर पैसे मांगने का भी आरोप लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। इस मामले में अवर अभियंता रामस्वरूप ने कहा कि यदि किसी किसान को कोई समस्या है तो वह सीधे बिजलीघर पर शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी कर्मचारी को कोई पैसा न दें। अवर अभियंता के अनुसार विभाग की ओर से लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है और शेष कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने किसानों द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया।

# मुंबई का पांचवां झटका, तिलक वर्मा 20 रन बनाकर आउट; कार्तिक को मिली सफलता



**कोलकाता।** आज आईपीएल 2026 का 65वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और मुंबई इंडियंस के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जा रहा है। इस मैच में कोलकाता जीत के साथ प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखने के उद्देश्य से उतरी है। वहीं, मुंबई पहले ही दौड़ से बाहर हो चुकी है। ऐसे में केकेआर को उससे सावधान रहना होगा। कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है।

मुंबई को पांचवां झटका कार्तिक त्यागी ने दिया। उन्होंने अनुकूल रॉय के हाथों तिलक वर्मा को कैच कराया। वह 32 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। अब हार्दिक पांड्या का साथ देने विल जैक्स आए हैं। मुंबई की पारी एक बार फिर शुरू हो चुकी है। हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा क्रीज पर मौजूद हैं। बारिश के आने तक आठ ओवर का खेल हो चुका था और मुंबई ने चार विकेट पर 57 रन बना लिए थे। कोलकाता में बारिश रुक गई है। मैदानकर्मी कवर्स हटा रहे हैं। 9:15 बजे एक बार फिर मुंबई की पारी शुरू होगी। कोलकाता में मुंबई और केकेआर के बीच खेले जा रहे मुकाबले में बारिश बाधा बन गई है। फिलहाल मैदान को कवर्स से ढका गया है। आठ ओवर के बाद मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 57 रन है। तिलक और हार्दिक सात-सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

पावरप्ले समाप्त हो चुका है और मुंबई ने चार विकेट खोकर 46 रन बनाए हैं। फिलहाल तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों पांचवें विकेट के लिए बड़ी साझेदारी करना चाहेंगे। मुंबई को चौथा झटका सौरभ दुबे ने दिया। उन्होंने सूर्यकुमार को बोल्ड किया। वह 15 रन बनाकर आउट हुए। अब तिलक का साथ देने हार्दिक पांड्या आए हैं।

मुंबई को तीसरा झटका सौरभ दुबे ने दिया। उन्होंने रोहित शर्मा को कैमरन ग्रीन के हाथों कैच कराया। वह 13 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। अब सूर्यकुमार का साथ देने तिलक वर्मा आए हैं। मुंबई को दूसरा झटका भी ग्रीन ने ही दिया। उन्होंने नमन धीर को विकेटकीपर रघुवंशी के हाथों कैच कराया। वह खाता भी नहीं खोल पाए। अब रोहित का साथ देने सूर्यकुमार यादव आए हैं।

कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बताया कि उन्होंने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं, मुंबई इंडियंस के खेमे में हार्दिक पांड्या और अल्लाह गजनफर की वापसी हुई है।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में आपा खो बैठे थे सलमान आगा, आईसीसी ने लगाई फटकार



**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी बल्लेबाज सलमान आगा को सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान आईसीसी की आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन करने के लिए आईसीसी ने आधिकारिक तौर पर फटकारा है। यह घटना मंगलवार को पाकिस्तान की दूसरी पारी के 82वें ओवर में हुई, जब सलमान आउट होने के बाद पवेलियन लौट रहे थे, तो उन्होंने अपने बल्ले को एक विज्ञापन बोर्ड पर मार बैठे।

आईसीसी के अनुसार, सलमान ने 'खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी की आचार संहिता' के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन किया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग का दुरुपयोग करने से संबंधित है।

आधिकारिक फटकार के अलावा, सलमान आगा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है। यह 24 महीनों के भीतर में उनका दूसरा अपराध था, जिससे उनके कुल डिमेरिट प्वाइंट्स की संख्या बढ़कर 2 हो गई है। इसी साल 13 मार्च को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ एक वनडे मैच के दौरान सलमान को अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया था।

यह आरोप ऑन-फील्ड अंपायर रिचर्ड केटलबोरो और अलाउद्दीन पालेकर, थर्ड अंपायर कुमार धर्मसेना और फोर्थ अंपायर मसूदुर रहमान मुकुल ने लगाया था। सलमान ने अपना अपराध स्वीकारते हुए आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो की प्रस्तावित सजा को मान लिया। ऐसे में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। उल्लेखनीय है कि आचार संहिता के तहत लेवल-1 के उल्लंघनों के लिए न्यूनतम सजा के तौर पर आधिकारिक फटकार और अधिकतम सजा के तौर पर खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना, साथ ही एक या दो डिमेरिट प्वाइंट्स दिए जाते हैं।

# ऋषभ पंत से छिनी उप-कप्तानी तो भड़के मोहम्मद कैफ




**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा है कि वह टेस्ट टीम के उप-कप्तान बने रहने के पूरी तरह हकदार थे। कैफ का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में पंत भारत के सबसे बड़े मैच-विनर्स में से एक हैं और उन्होंने ऐसा कुछ भी गलत नहीं किया, जिसके आधार पर उनसे उप-कप्तानी छीनी जाए। बता दें कि, बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मुकाबले के लिए चुनी गई टीम में उप-कप्तानी का जिम्मा केएल राहुल को सौंपा है। इससे पहले यह जिम्मेदारी पंत के कंधों पर थी।

पिछले साल इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने के बाद पंत को उप-कप्तान नियुक्त किया गया था। इसे टीम मैनेजमेंट द्वारा पंत को भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में देखने का संकेत माना गया था। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में गिल के चोटिल होने पर पंत ने टीम की कप्तानी संभाली थी, लेकिन भारत को उस मुकाबले में 408 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया ने सीरीज भी 0-2 से गंवा दी थी। लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान के रूप में आईपीएल 2026 में पंत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम को 13 में से नौ मुकाबलों में हार मिली, जबकि पंत ने 28.60 की औसत से 286 रन बनाए। इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए उप-कप्तानी की जिम्मेदारी केएल राहुल को सौंप दी गई। 'जियोहॉटस्टार' पर बातचीत के दौरान कैफ ने कहा कि टेस्ट और टी20 क्रिकेट पूरी तरह अलग फॉर्मेट हैं और आईपीएल के प्रदर्शन के आधार पर टेस्ट क्रिकेट में किसी खिलाड़ी का मूल्यांकन करना सही नहीं है।

# 15 साल के वैभव के फैन बने जस्टिन लैंगर



**जयपुर।** जस्टिन लैंगर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी से इतने प्रभावित हुए कि मैच के बाद उन्होंने युवा बल्लेबाज के साथ फोटो खिंचवाई। लखनऊ के खिलाफ 38 गेंदों में 93 रन की पारी खेलने वाले वैभव की तारीफ करते हुए लैंगर ने कहा कि उन्हें बल्लेबाजी करते देखना एक विशेष अनुभव है।

राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित किया है। अब उनकी तारीफ करने वालों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का नाम भी जुड़ गया है।

जयपुर में खेले गए मुकाबले में वैभव ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सिर्फ 38 गेंदों में 93 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी इस पारी ने राजस्थान को बड़ी जीत दिलाई और प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, लेकिन मैच के बाद जो दृश्य देखने को मिला, उसने सभी का ध्यान खींच लिया।

पोस्ट मैच इंटरव्यू के दौरान अचानक जस्टिन लैंगर मैदान पर पहुंचे और वैभव से फोटो की मांग कर दी। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने मुस्कुराते हुए कहा, 'क्या मैं एक फोटो ले सकता हूं?' फोटो खिंचवाने के बाद लैंगर ने वैभव से कहा, 'मैं इस फोटो को हमेशा संभालकर रखूंगा। तुम्हारे करियर के लिए शुभकामनाएं।' यह पल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और फैंस ने इसे युवा बल्लेबाज की बढ़ती लोकप्रियता का बड़ा संकेत माना। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी लैंगर वैभव की तारीफ करते नहीं थके। उन्होंने कहा, 'मैंने 35 साल के क्रिकेट करियर में कई महान खिलाड़ियों को देखा है, लेकिन इतनी कम उम्र में इस तरह बल्लेबाजी करना हैरान कर देने वाला है।' उन्होंने आगे कहा, 'मिचेल स्टार्क और एनरिक नॉर्त्जे जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाजों के चेहरे के भाव सब कुछ बता रहे थे। वे समझ ही नहीं पा रहे थे कि आखिर हो क्या रहा है।' लैंगर ने मजाकिया अंदाज में कहा, टडराने वाली बात यह है कि वह अभी सिर्फ 15 साल का है। जब वह बल्लेबाजी को और बेहतर तरीके से सीख जाएगा, तब क्या होगा?' राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने भी वैभव की इस पारी को उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा, 'वह शुरुआत में 11 गेंदों पर सिर्फ पांच रन बनाकर खेल रहा था, लेकिन उसने धैर्य दिखाया। इससे पता चलता है कि उसे खेल की अच्छी समझ है।' इस मैच में वैभव ने सिर्फ बड़े शॉट ही नहीं लगाए, बल्कि परिस्थिति के हिसाब से बल्लेबाजी भी की। शुरुआत में समय लेने के बाद उन्होंने तेजी से रन बनाए और लखनऊ के गेंदबाजों पर पूरी तरह दबाव बना दिया। आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है और अब क्रिकेट जगत के दिग्गज भी उनके भविष्य को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** बुधवार को प्रमुख एशियाई बाजारों में छाई सुस्ती और कमजोरी के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों ने जबरदस्त लचीलापन दिखाया। तेल व गैस, ऑटो और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू सूचकांकों ने दिन के निचले स्तरों से शानदार रिकवरी की और बाजार हरे निशान में बंद होने में सफल रहा।

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती कमजोरी के बावजूद हरे निशान पर कारोबार का समापन हुआ। सेंसेक्स 117.54 (0.16%) अंकों की बढ़त के साथ 75,318.39 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर निफ्टी 41 अंक (0.17%) की बढ़त के साथ 23,659 पर बंद हुआ। बुधवार के सत्र के बाद हिंडाल्को 4 प्रतिशत तो रिलायंस के शेयर 3% की बढ़त के साथ बंद हुए। लगातार नौवें सत्र में गिरावट दर्ज करते हुए, रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे गिरकर 96.83 (अस्थायी) के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया।




# मालविका बंसोड़-अश्मिता चालीहा दूसरे दौर में, अन्य भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालीहा ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के लिए उम्मीद जगाई। दोनों खिलाड़ियों ने महिला एकल के मुकाबले जीतकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

एसीएल इंजरी और सर्जरी के बाद वापसी कर रहीं मालविका बंसोड़ ने जर्मनी की विश्व नंबर-52 वोन ली को कड़े मुकाबले में 21-17, 16-21, 21-9 से हराया। मालविका ने पहला गेम जीतने के बाद दूसरा गंवा दिया, लेकिन निर्णायक गेम में दमदार प्रदर्शन करते हुए आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब दूसरे दौर में उनका सामना डेनमार्क की आठवीं वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क जार्सफेल्ट्ट से होगा। अश्मिता ने इंडोनेशिया की विश्व नंबर-56 थलिता रामधनी वीर्यवान को सीधे गेमों में 21-16, 21-13 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अब अश्मिता का अगला मुकाबला मलयेशिया की गोह जिन वी से होगा।

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन को बड़ा झटका लगा। आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबैदिल्लाह से 17-21, 11-21 से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गए। वहीं, एचएस प्रणॉय ने जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोदाई नाराओका के खिलाफ 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में कड़ी टक्कर दी, लेकिन 17-21, 22-20, 22-24 से हार गए। किरण जॉर्ज चोट के कारण मुकाबला पूरा नहीं कर सके। वह फ्रांस के एलेक्स लैनियर के खिलाफ 15-21, 1-6 से पीछे चल रहे थे, तभी रिटायर हो गए। भारत के थारुन मान्नेपल्ली ने पहला गेम जीतने के बावजूद चीनी ताइपे के वांग पो-वी के खिलाफ मुकाबला 21-17, 14-21, 8-21 से गंवा दिया।

महिला एकल में अनमोल खरब ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफर्सन जार्सफेल्ड्ट को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 21-13, 16-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गईं।

# खत्म हुआ 22 साल का इंतजार! आर्सेनल ने जीता प्रीमियर लीग का खिताब



**लंदन।** आर्सेनल ने 22 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए प्रीमियर लीग 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम ने पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन किया और आखिरकार इंग्लिश फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर चैंपियन बनने का सपना पूरा किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद क्लब और फैंस के बीच जश्न का माहौल है।

आर्सेनल एफसी ने प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने 22 साल बाद यह खिताब जीता है। इसलिए यह उपलब्धि बेहद खास है। आखिरी बार टीम ने 2004 में ट्रॉफी उठाई थी। मंगलवार रात को इंग्लैंड के बोर्नमाउथ के वाइटैलिटी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी एफसी को एएफसी बोर्नमाउथ ने 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। पेप गार्डियोला की टीम को टाइटल रेस में बने रहने के लिए हर हाल में जीत चाहिए थी, लेकिन बोर्नमाउथ के शानदार प्रदर्शन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

Trending Videos
00:00

# क्रिप्टोकरेंसी: निवेश को संसदीय समिति ने बताया चिंताजनक, देश से बाहर जा रहे पैसे पर सख्त टैक्स की वकालत



**नई दिल्ली।** भारत में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (वीडीए) यानी क्रिप्टोकरेंसी में हो रहे भारी-भरकम निवेश को लेकर संसदीय समिति ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को वित्त पर संसदीय स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें डिजिटल संपत्तियों में देश से बाहर जा रहे हजारों करोड़ रुपयों के निवेश को 'चिंताजनक' (अलार्मिंग) करार दिया गया। समिति ने इस बात पर जोर दिया है कि जब तक भारत में क्रिप्टो को लेकर कोई स्पष्ट कानून नहीं बनता, तब तक इन सभी डिजिटल लेन-देन पर सख्त टैक्स व्यवस्था जारी रहनी चाहिए।

भाजपा सांसद भतृहरि महताब की अध्यक्षता वाली इस स्थायी समिति ने वीडीए के विषय पर विस्तृत चर्चा की। महताब ने बताया कि भारत से हजारों करोड़ रुपये वर्चुअल डिजिटल एसेट्स में निवेश किए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर देश से बाहर जा रहे हैं। इस जटिल मुद्दे को समझने के लिए समिति ने न केवल भारत में पंजीकृत और संचालित हो रहे क्रिप्टो स्टेकहोल्डर्स की प्रस्तुतियां देखीं, बल्कि कराधान (टैक्सेशन) के मुद्दे पर राजस्व सचिव, आयकर विभाग और कॉरपोरेट मामलों के सचिव को भी तलब किया। महताब ने स्पष्ट किया कि चूंकि कुछ संगठन सिंगापुर जैसे देशों में स्थित हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि जो भी पैसा वहां निवेश हो रहा है और जो कमाई हो रही है, उस पर भारत के भीतर ही टैक्स लगे।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।